SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

भारत के नियंत्रक - महालेखापरीक्षक
का
आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्रों पर अनुपालन लेखापरीक्षा
प्रतिवेदन
31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

मध्य प्रदेश शासन
2025 का प्रतिवेदन संख्या 6
(अनुपालन लेखापरीक्षा - सिविल)

भारत के नियंत्रक - महालेखापरीक्षक
का
आर्थिक एवं राजस्व क्षेत्रों पर अनुपालन लेखापरीक्षा
प्रतिवेदन
31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए

मध्य प्रदेश शासन
2025 का प्रतिवेदन संख्या 6
(अनुपालन लेखापरीक्षा - सिविल)

विषय सूची

कंडिका क्रमांक	विवरण	पृष्ठ क्रमांक
	प्राक्कथन	iii
	कार्यकारी सारांश	v
अध्याय 1: सामान्य		
1.1	इस प्रतिवेदन के विषय में	1
1.2	लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विभागों की रूपरेखा	1
1.2.1	विभागों का व्यय	1
1.2.2	विभागों की प्राप्तियाँ	2
1.3	कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II)	3
1.4	लेखापरीक्षा प्राधिकार	4
1.5	लेखापरीक्षा की योजना और संचालन	4
1.6	लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर विभागों की प्रतिक्रिया	6
1.7	अभिस्वीकृति	8
अध्याय II: नर्मदा घाटी विकास विभाग		
2.1	"नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं के क्रियान्वयन" पर अनुपालन लेखापरीक्षा	9
2.2	कार्य पूर्ण होने की तिथि के बाद मूल्य समायोजन के लिए ₹ 7.30 करोड़ का अनियमित भुगतान	43
2.3	ठेकेदारों को ₹ 59.04 करोड़ का अनुचित लाभ	44
अध्याय III: खनिज साधन विभाग		
3.1	"मध्य प्रदेश में मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क के निर्धारण के लिए खनन पट्टे, खदान पट्टे और व्यापार खदान (रेत) में प्रत्याशित रॉयल्टी का मूल्यांकन और रिपोर्टिंग" पर अनुपालन लेखापरीक्षा	49

अध्याय IV: विभिन्न विभागों से संबंधित लेखापरीक्षा कंडिकाएं

4.1	टर्नओवर के त्रुटिपूर्ण निर्धारण के परिणामस्वरूप कर का कम अधिरोपण	65
4.2	केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम के तहत कर न लगाना/कम लगाना	65
4.3	प्रवेश कर का न लगाना/कम लगाना	66
4.4	गलत दर लागू होने के कारण कर का कम अधिरोपण	66
4.5	अस्वीकार्य इनपुट टैक्स छूट (आईटीआर) की अनुमति	67
4.6	ठेकेदार द्वारा निष्पादित किए गए कार्य पर त्रुटिपूर्ण कटौती	67
4.7	बाजार मूल्य का त्रुटिपूर्ण निर्धारण	68
4.8	अनियमित कटौती/छूट के कारण स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क और पंचायत शुल्क की कम वसूली	69
4.9	दस्तावेजों के गलत वर्गीकरण के कारण स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क का कम अधिरोपण	72
4.10	विकास अनुबंधों पर स्टाम्प शुल्क का कम अधिरोपण	75
4.11	त्रुटिपूर्ण आधार सूचकांक अपनाने के कारण अधिक भुगतान	77
4.12	मूल्य समायोजन की गणना के लिए आधार सूचकांक की गलत तिथि अपनाने के कारण अधिक भुगतान	80
4.13	उत्खनित हार्ड रॉक के लिए शुल्क वसूल करने में विफलता के परिणामस्वरूप ₹ 3.76 करोड़ की कम वसूली होना /वसूली नहीं होना	82
4.14	बढ़े हुए मापों के कारण अधिक भुगतान	83
4.15	अतिरिक्त कार्य के कार्यान्वयन के लिए गलत दर अपनाने के कारण अधिक भुगतान	84
4.16	विद्युत की सहायक खपत पर विद्युत शुल्क ₹ 12.09 करोड़ की वसूली न होना	86
4.17	विद्युत शुल्क राशि ₹ 1.02 करोड़ का अधिरोपण न होना	87

परिशिष्ट 91

संक्षिप्ताक्षरों की शब्दावली 199

प्राक्कथन

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक का यह प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत राज्य की विधान सभा के पटल पर रखे जाने हेतु मध्य प्रदेश के राज्यपाल को प्रस्तुत करने के लिये तैयार किया गया है।

इस प्रतिवेदन में मध्य प्रदेश शासन के पाँच विभागों यथा; नर्मदा घाटी विकास विभाग, खनिज साधन विभाग, जल संसाधन विभाग, वाणिज्यिक कर विभाग (पंजीकरण और स्टाम्प), वाणिज्यिक कर विभाग (वैट) और ऊर्जा विभाग की अनुपालन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम शामिल हैं। लेखापरीक्षा, नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 के अंतर्गत की गई है।

इस प्रतिवेदन में वे प्रकरण उल्लेखित हैं, जो 2022-23 की अवधि के लिए नमूना लेखापरीक्षा के दौरान जानकारी में आए, साथ ही वे भी जो पहले के वर्षों में जानकारी में आए थे, लेकिन पिछली लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में प्रतिवेदित नहीं किए जा सके; जहाँ आवश्यक था, 2022-23 के बाद की अवधि से संबंधित प्रकरणों को भी शामिल किया गया।

लेखापरीक्षा, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानकों के अनुरूप की गई है।

यह अनुवादित संस्करण है। इस अनुवादित संस्करण में अंग्रेजी संस्करण से कोई भिन्नता पाए जाने पर, अंग्रेजी संस्करण में उद्धृत तथ्य मान्य होंगे।

कार्यकारी सारांश

कार्यकारी सारांश

I सामान्य

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के इस प्रतिवेदन में उन विभागों (राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को छोड़कर) के प्राप्तियों एवं प्रतिदाय खातों तथा व्यय खातों की लेखापरीक्षा से उत्पन्न आपत्तियाँ शामिल हैं, जो प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II), मध्य प्रदेश, भोपाल के कार्यालय के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते हैं।

इस प्रतिवेदन में दो विभागों (अध्याय II : नर्मदा घाटी विकास विभाग और अध्याय III : खनिज साधन विभाग) की अनुपालन लेखापरीक्षा और चार विभागों (नर्मदा घाटी विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, वाणिज्यिक कर विभाग (पंजीकरण और स्टांप), वाणिज्यिक कर विभाग (वैट) और ऊर्जा विभाग) के 19 लेखापरीक्षा कंडिकाओं (अध्याय II से IV) पर निष्कर्ष शामिल हैं।

लेखापरीक्षा की योजना और संचालन

वर्ष 2022-23 के दौरान, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II), भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश शासन के 28 विभागों के कुल 2,619 लेखापरीक्षा योग्य इकाइयों में से 314 इकाइयों की अनुपालन लेखापरीक्षा की गई।

(कंडिका 1.5)

लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर विभागों की प्रतिक्रिया

कार्यालय प्रमुखों और उनके रिपोर्टिंग अधिकारियों को निरीक्षण प्रतिवेदन में निहित आपत्तियों का उत्तर देना और उचित सुधारात्मक कार्रवाई करना आवश्यक है।

31 मार्च 2023 तक, पिछले वर्षों से संबंधित कुल 6,334 निरीक्षण प्रतिवेदन और 35,448 कंडिकाएं निपटान हेतु लंबित थे।

(कंडिका 1.6.1)

लोक लेखा समिति की सिफारिशों/ अनुशंसा पर शासन की प्रतिक्रिया

प्रशासनिक विभागों को लोक लेखा समिति (पीएसी) की अनुशंसाओं पर अनुशंसाएं प्राप्त होने की तिथि से छह महीने के भीतर कार्रवाई नोट (एटीएन) प्रस्तुत करना आवश्यक है।

31 मार्च 2024 तक, मध्य प्रदेश शासन से संबंधित 14 विभागों के संबंध में 271 एटीएन अभी तक प्राप्त नहीं हुए थे।

(कंडिका 1.6.4)

लेखापरीक्षा निष्कर्ष

II नर्मदा घाटी विकास विभाग

विभाग द्वारा तैयार किए गए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन वास्तविक विस्तृत सर्वेक्षण पर आधारित नहीं थे। वास्तविक सर्वेक्षण डेटा के अभाव में और गलत मदों को सम्मिलित करने से, परियोजनाओं के प्राक्कलनों में परिणामस्वरूप अधिक आकलन और अधिक प्रावधान हुए।

(कंडिका 2.1.5.1)

दोषपूर्ण डिजाइन के कारण जल आपूर्ति आवश्यकता से कम हुई, जिसके परिणामस्वरूप एमआईपी के कमांड क्षेत्र में कम जल उपलब्ध हुआ, जिससे कमांड क्षेत्र में 19,671 हेक्टेयर की कमी आई।

(कंडिका 2.1.5.5)

लाभ-लागत (बी.सी.) अनुपात की गणना किसी परियोजना के कुल नकद लाभ को उसकी कुल नकद लागत से विभाजित करके की जाती है। सिंचाई और बहुउद्देशीय परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी. पी. आर.) को तैयार करने के लिए दिशानिर्देशों के अनुसार, अनुमोदन के लिए आवश्यक न्यूनतम बी. सी. अनुपात सूखा-प्रभावित क्षेत्रों में एक और अन्य क्षेत्रों में 1.5 है। लेखापरीक्षा में पाया गया कि विभाग ने परियोजनाओं की व्यवहार्यता को उचित ठहराने के लिए बी.सी. अनुपात की गणना करते समय उचित वार्षिक संचालन एवं रखरखाव (ओ एंड एम) और बिजली शुल्क को शामिल नहीं किया। इस चूक के कारण तीन एम. आई. पी. (एक सूखा प्रवण क्षेत्र में और दो अन्य क्षेत्रों में) के लिए गलत गणना हुई, जिसमें कुल ₹ 6,363.96 करोड़ की लागत शामिल थी, जिससे वे वित्तीय रूप से अव्यवहारिक हो गए।

(कंडिका 2.1.5.6)

18 परियोजनाओं में से एक सूक्ष्म सिंचाई परियोजना निर्धारित समय के भीतर पूर्ण की गई थी और दो परियोजनाएं पूर्ण होने की निर्धारित अवधि के अनुसार प्रगति पर थीं। शेष 15 परियोजनाओं में से आठ परियोजनाओं को 15 से 41 महीने के विलंब के साथ पूर्ण किया गया था और सात चल रही परियोजनाएं पूर्ण होने की निर्धारित अवधि से अंतिम विस्तार की समाप्ति तिथि तक 17 से 34 महीने के विलंब के साथ चल रही थीं। अनुबंधों की शर्तों के अनुसार ठेकेदारों की ओर से विलंब के बावजूद विभाग ने इन 15 परियोजनाओं के संबंध में शास्ति आरोपित नहीं की। कोविड महामारी के कारण वर्ष 2020 और 2021 के लिए प्रत्येक के लिए 17 सप्ताह के विलंब का प्रावधान करने के बाद, परियोजनाओं को पूर्ण करने में विलंब के लिए शास्ति ₹ 818.14 करोड़ संगणित होती है।

(कंडिका 2.1.6.1)

त्रुटिपूर्ण आधार दर, त्रुटिपूर्ण लिंकिंग फेक्टर, सूचकांकों एवं औद्योगिक श्रमिकों के लिए गलत उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों को अपनाने के कारण ठेकेदारों को मूल्य समायोजन के कारण ₹ 85.76 करोड़ का अधिक भुगतान किया गया था।

(कंडिका 2.1.6.3)

संविदागत प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए बैंक गारंटी के बदले में ₹ 387.49 करोड़ की सुरक्षा जमा को अनियमित रूप से जारी करने के कारण ठेकेदारों को अनुचित वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

(कंडिका 2.1.6.4)

आईएस कोड में निर्दिष्ट पाइपलाइन की न्यूनतम मोटाई पर विचार नहीं करने के कारण प्राक्कलित मात्रा से कम इस्पात की मात्रा का उपयोग करने से ठेकेदारों को ₹ 1,074.33 करोड़ का अनुचित लाभ हुआ।

(कंडिका 2.1.6.5)

यद्यपि फीडर बे की लागत को कार्य के क्षेत्र में सम्मिलित किया गया था, और इसे ठेकेदारों द्वारा वहन किया जाना था, विभाग ने फीडर बे की लागत के रूप में पावर ट्रांसमिशन कंपनी को अलग से ₹ 4.52 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 4.52 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया गया।

(कंडिका 2.1.6.6)

औचित्य को अभिलिखित किए बिना पानी को लिफ्ट करने की ऊंचाई 110 मीटर से 117 मीटर तक बढ़ने के कारण, पानी की उपलब्धता में काफी कमी आई थी। फलस्वरूप, ₹ 109.01 करोड़ का व्यय करने के बावजूद भी, पाटी एम. आई. पी. काफी हद तक निष्फल रही।

(कंडिका 2.1.6.7)

एक ठेकेदार को कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि के बाद संचालन एवं रखरखाव (ओ एंड एम) पर मूल्य समायोजन के लिए अनियमित रूप से ₹ 7.30 करोड़ का भुगतान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदार को अधिक भुगतान और अनुचित लाभ हुआ।

(कंडिका 2.2)

104.00 किमी आरडी से 129.00 किमी तक बरगी डायवर्जन परियोजना की स्लीमनाबाद कैरियर नहर का निष्पादन टर्न-की आधार पर (मार्च 2008) ₹ 799.00 करोड़ के लिए प्रदान किया गया था। 40 महीनों में पूरा होने वाला कार्य अभी भी प्रगति पर था (30 जून 2023)। लेखापरीक्षा में पाया गया कि कार्यपालन यंत्री (ईई), नर्मदा विकास संभाग 5, कटनी ने ठेकेदार को ₹ 59.04 करोड़ के अनुचित लाभ की अनुमति दी, क्योंकि (i) अनुबंध के दायरे के सीमेंट कंक्रीट ग्राउट ब्लॉक्स (13.24 करोड़ रुपये) का कार्य एक नए ठेकेदार को दिया गया, (ii) अप्रत्याशित घटना धारा के तहत ठेकेदार को अत्यधिक जल निकासी के लिए ₹ 39.60 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान और (iii) सड़क पुनर्स्थापन के लिए भुगतान की गई ₹ 6.20 करोड़ की राशि की वसूली न करना, जिसे ठेकेदार द्वारा वहन किया जाना था।

(कंडिका 2.3)

III खनिज साधन विभाग

अप्रैल 2020 और मार्च 2023 के बीच 20 जिला खनन कार्यालयों में पंजीकृत 1,060 पट्टा विलेखों की जाँच के आधार पर, लेखापरीक्षा ने पाया कि 68 पट्टा विलेखों में, मुद्रांक शुल्क और पंजीकरण शुल्क के प्रयोजनार्थ प्रत्याशित रॉयल्टी के निर्धारण हेतु खनिजों की मात्रा पर सही ढंग से विचार नहीं किया गया था। इसके परिणामस्वरूप ₹ 163.77 करोड़ प्रत्याशित रॉयल्टी का कम आकलन हुआ, जिससे मुद्रांक शुल्क, पंजीयन शुल्क और उपकर की गणना पर ₹ 4.76 करोड़ का राजस्व प्रभाव पड़ा।

(कंडिका 3.1.4.1)

28 पट्टा विलेखों में खनिजों की रॉयल्टी की गलत दर लागू करने के कारण ₹ 1,262.90 करोड़ की प्रत्याशित रॉयल्टी का कम मूल्यांकन हुआ और परिणामस्वरूप ₹ 48.50 करोड़ के मुद्रांक शुल्क, पंजीयन शुल्क और उपकर की कम वसूली हुई।

(कंडिका 3.1.4.2)

सात जिला खनन कार्यालयों में 30 वर्ष या उससे अधिक (समय विस्तार सहित) की पट्टा अवधि वाले 121 पंजीकृत पट्टा विलेखों की लेखापरीक्षा से पता चला कि 51 पट्टा विलेखों (42 प्रतिशत) पर ₹ 36.60 करोड़ का मुद्रांक शुल्क लगाया गया। इसके अतिरिक्त, नियमों के अनुसार ₹ 3.66 करोड़ का उपकर लगाया जाना था, लेकिन पंजीकरण प्राधिकारी ने इनमें से किसी भी पट्टा विलेखों पर उपकर नहीं लगाया।

(कंडिका 3.1.6.2)

IV विभिन्न विभागों से संबंधित लेखापरीक्षा कंडिकाएं

वाणिज्यिक कर विभाग (वैट)

25 प्रकरणों में, निर्धारण अधिकारियों ने 2016-17 से 2017-18 के बीच की अवधि के लिए ₹ 82.31 करोड़ के टर्न-ओवर का गलत निर्धारण (जून 2018 से सितंबर 2022) किया, जबकि वास्तविक टर्न-ओवर ₹ 91.31 करोड़ था, जैसा कि खातों की पुस्तकों और अन्य संबंधित अभिलेख में दर्ज किया गया है। इसके परिणामस्वरूप ₹ 91.63 लाख की राशि का कर कम लगाया गया।

(कंडिका 4.1)

2016-17 से 2017-18 के बीच की अवधि के लिए जून 2018 से अक्टूबर 2021 के बीच मूल्यांकन किए गए पांच प्रकरणों में, 8.63 करोड़ रुपये की अंतरराज्यीय बिक्री के संबंध में 'सी' फॉर्म प्रस्तुत नहीं किए गए थे। इसके परिणामस्वरूप ₹ 53.41 लाख का कर कम/नहीं लगाया गया।

(कंडिका 4.2)

2015-16 से 2017-18 के बीच की अवधि के लिए मई 2018 से अगस्त 2023 के बीच मूल्यांकन किए गए 11 प्रकरणों में, लोहा और इस्पात, मशीनरी, तिलहन आदि जैसे सामानों पर ₹ 34.95 लाख की राशि का प्रवेश कर या तो नहीं लगाया गया था या कम लगाया गया था।

(कंडिका 4.3)

2016-17 से 2017-18 के बीच की अवधि के लिए सितंबर 2019 से जुलाई 2022 के बीच मूल्यांकन किए गए छह प्रकरणों में, निर्धारण प्राधिकारियों ने ₹ 3.42 करोड़ के कुल टर्न-ओवर पर गलत दरों से कर लगाया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 30.97 लाख का कर, कम लगाया गया।

(कंडिका 4.4)

2015-16 से 2017-18 के बीच की अवधि के लिए फरवरी 2018 से जनवरी 2022 के बीच मूल्यांकन किए गए 14 प्रकरणों में, निर्धारण प्राधिकारियों ने ₹ 26.43 लाख की अस्वीकार्य इनपुट टैक्स छूट की अनुमति दी, जिसके परिणामस्वरूप उस सीमा तक, कर का कम मूल्यांकन हुआ।

(कंडिका 4.5)

वाणिज्यिक कर विभाग (पंजीकरण और स्टाम्प)

10 उप पंजीयक कार्यालयों के अभिलेखों की नमूना जाँच से संकेत मिलता है कि ₹ 98.44 करोड़ मूल्य के 29 दस्तावेज़ (अप्रैल 2017 से मार्च 2023) पंजीकृत किए गए थे। हालांकि, प्रचलित बाजार मूल्य दिशानिर्देशों के अनुसार, इन संपत्तियों का वास्तविक मूल्य ₹ 168.85 करोड़ था। हालाँकि, उप-पंजीयकों ने प्रस्तुत दस्तावेजों में दिए गए संपत्ति विवरणों का सत्यापन नहीं किया, न ही इन मामलों को संपत्तियों के सही मूल्य और उन पर लगने वाले शुल्क के निर्धारण के लिए स्टाम्प कलेक्टर को भेजा। इस चूक के कारण ₹ 8.73 करोड़ के पंजीकरण शुल्क और मुद्रांक शुल्क का कम अधिरोपण हुआ।

(कंडिका 4.7)

स्टाम्प शुल्क और पंचायत शुल्क में अनियमित कटौती और स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क पर गलत छूट के परिणामस्वरूप ₹ 1.23 करोड़ के शासकीय राजस्व की कम वसूली हुई।

(कंडिका 4.8)

तीन उप पंजीयकों ने चार प्रकरणों में उपहार विलेखों पर मुद्रांक शुल्क की गलत दरें लागू कीं, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 74.08 लाख राजस्व का कम संग्रह हुआ।

(कंडिका 4.9)

जल संसाधन विभाग

विभाग ने निर्माण सामग्री की विभिन्न वस्तुओं के लिए मूल्य समायोजन की गणना के उद्देश्य से गलत महीने (मार्च 2021 के बजाय मई 2022) के लिए आधार सूचकांक को अपनाया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 16.40 करोड़ का अधिक भुगतान हुआ।

(कंडिका 4.11)

आधार दर की गणना के लिए गलत तिथि अपनाने के कारण मूल्य समायोजन के लिए ठेकेदार को ₹ 2.46 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान करके अनुचित वित्तीय सहायता प्रदान की गई। लेखापरीक्षा अवलोकन के बाद, संभाग ने सुरक्षा जमा राशि जब्त करके ठेकेदार से ₹ 1.92 करोड़ वसूल किए।

(कंडिका 4.12)

संभागों ने 2.94 लाख घन मीटर कठोर चट्टान के उत्खनन के लिए दो ठेकेदारों से शुल्क वसूल नहीं किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 3.76 करोड़ की कम/वसूली नहीं हुई।

(कंडिका 4.13)

मूल अनुबंध के अंतिम माप लेने की तिथि से पहले ही माप बढ़ा-चढ़ाकर बताने और शेष कार्य सौंपने के कारण ठेकेदार को ₹ 6.02 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान किया गया। लेखापरीक्षा आपत्ति के बाद, प्रभाग ने निष्पादन सुरक्षा राशि जब्त करके ₹ 2.00 करोड़ वसूल किए।

(कंडिका 4.14)

अतिरिक्त कृषि योग्य कमांड क्षेत्र के विकास के लिए विभाग ने अतिरिक्त कार्य हेतु देय दरों की गलत गणना की। इसके परिणामस्वरूप ठेकेदार को ₹ 1.63 करोड़ का अधिक भुगतान किया गया।

(कंडिका 4.15)

ऊर्जा विभाग

ऊर्जा विभाग के विद्युत सुरक्षा विंग द्वारा अधिनियम के तहत देय विद्युत शुल्क के सत्यापन में चूक के कारण, उत्पादकों द्वारा बिजली के सहायक उपभोग पर शुल्क न लगाए जाने का पता नहीं चल पाया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 12.09 करोड़ की राजस्व हानि हुई।

(कंडिका 4.16)

अध्याय I

सामान्य

अध्याय I: सामान्य

1.1 इस प्रतिवेदन के विषय में

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) के इस प्रतिवेदन में मध्य प्रदेश शासन के उन विभागों के वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लेनदेन की अनुपालन लेखापरीक्षा से आलोक में आए प्रकरण शामिल हैं, जो कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II), मध्य प्रदेश के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते हैं, जिसे 13 जून 2025 से कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II), मध्य प्रदेश, भोपाल के रूप में पुनः नामित किया गया है।

इस प्रतिवेदन का प्राथमिक उद्देश्य लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण निष्कर्षों को राज्य विधानसभा के संज्ञान में लाना है। लेखापरीक्षा के निष्कर्षों से कार्यपालिका को सुधारात्मक कार्रवाई करने, उचित नीतियाँ तैयार करने के साथ-साथ ऐसे निर्देश जारी करने में सक्षम होने की संभावना है, जो संगठनों के वित्तीय प्रबंधन में सुधार लाएंगे और बेहतर शासन में योगदान देंगे।

अनुपालन लेखापरीक्षा, लेखापरीक्षित इकाइयों के संव्यवहारों के परीक्षण से है, ताकि यह ज्ञात किया जा सके कि क्या भारत के संविधान के प्रावधानों, लागू होने वाले कानूनों, नियमों एवं विनियमों तथा सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी विभिन्न आदेशों और निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है।

यह अध्याय लेखापरीक्षा की योजना एवं आवृत्त क्षेत्र, संव्यवहार की लेखापरीक्षा के दौरान किए गए निष्कर्षों/टिप्पणियों पर विभागों और शासन की प्रतिक्रिया और पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्रवाई की व्याख्या करता है।

1.2 लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विभागों की रूपरेखा

1.2.1 विभागों का व्यय

इस कार्यालय के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले मध्य प्रदेश शासन के विभागों द्वारा 2018-19 से 2022-23 तक की पाँच वर्ष की अवधि के लिए किए गए व्यय का सारांश नीचे **तालिका 1.1** में दिया गया है:

तालिका 1.1: 2018-19 से 2022-23 के दौरान व्यय का सारांश

(₹ करोड़ में)

स. क्र.	विभाग का नाम	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
1	वन	2,437.90	1,993.88	2,503.52	2,506.70	2,998.80
2	विज्ञान और प्रौद्योगिकी	175.73	70.97	150.83	211.03	506.11
3	पर्यावरण	54.74	27.15	41.02	25.02	14.21
4	पर्यटन	170.53	155.40	100.95	211.28	271.37
5	परिवहन	82.31	85.50	90.24	58.07	97.44
6	संस्कृति	230.07	147.73	146.64	168.10	313.46
7	विमानन	27.79	26.84	25.10	57.16	82.48
8	धार्मिक न्यास और धर्मस्व	189.06	55.08	39.20	46.19	87.54
9	वित्त	12,280.90	12,288.40	15,010.41	18,142.57	19,974.76
10	वाणिज्यिक कर	2,026.36	2,134.71	2291.69	1,685.45	1,868.99

स. क्र.	विभाग का नाम	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
11	योजना, आर्थिक और सांख्यिकी	228.95	211.27	79.40	117.54	888.91
12	खनिज साधन	684.01	740.64	760.55	775.81	1,861.13
13	औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन	767.22	850.43	895.30	1,951.79	2,438.41
14	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम	780.85	817.98	483.50	781.89	1,042.21
15	कुटीर एवं ग्रामोद्योग	191.84	121.60	92.09	89.06	91.10
16	लोक निर्माण	8,647.47	7,886.39	6,882.08	8,852.39	9,758.24
17	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी	2,530.04	2,990.54	4,499.13	9,703.64	7,720.34
18	पशुपालन एवं डेयरी	858.44	987.64	849.76	914.03	1106.48
19	किसान कल्याण तथा कृषि विकास	9746.26	15021.02	13542.61	15388.93	19221.28
20	खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण	1309.53	958.78	864.69	1291.24	1015.43
21	मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास	73.22	80.08	112.46	156.17	121.02
22	उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण	1371.63	617.2	406.98	463.13	288.23
23	सहकारिता	1625.75	501.41	581.99	1711.23	841.21
24	नर्मदा घाटी विकास	3,144.72	3,224.97	5,031.95	4,776.21	7,611.30
25	जल संसाधन	6,681.26	7,182.45	6,251.08	6,603.61	6,665.43
26	ऊर्जा[1]	6.59	5.30	5.27	7.96	8.74
27	लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन[2]	-	-	0.40	23.85	95.61
28	नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा	257.91	109.25	60.41	33.76	53.75
	कुल	**56,581.08**	**59,292.61**	**61,799.25**	**76,753.81**	**87,043.98**

*(**स्रोत:** प्रासंगिक वर्षों के लिए मध्य प्रदेश शासन के विनियोग लेखे)*

1.2.2 विभागों की प्राप्तियाँ

2018-19 से 2022-23 तक की पांच वर्ष की अवधि के लिए इस कार्यालय के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले मध्य प्रदेश शासन के राजस्व सृजन करने वाले विभागों की प्राप्तियों का सारांश नीचे **तालिका 1.2** में दिया गया है:

[1] म.प्र. विद्युत नियामक आयोग (स्वायत्त निकाय) द्वारा किया गया व्यय।

[2] 2020-21 में म.प्र. लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग की स्थापना की गई थी।

तालिका 1.2: 2018-19 से 2022-23 के दौरान प्राप्तियों का सारांश

(₹ करोड़ में)

स. क्र.	विभाग का नाम	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23
1	वन	1,042.94	8,34.26	1,240.38	1,406.03	1,395.01
2	परिवहन	3,008.26	3,251.23	2,749.15	3,028.68	4,027.57
3	वाणिज्यिक कर	43,231.83	48,103.44	46,896.71	56,646.19	62,882.25
4	खनिज साधन	3,933.56	4,320.22	4,557.28	6,180.67	7,360.07
5	ऊर्जा[3]	6.06	7.06	12.15	9.50	8.60
6	कुटीर एवं ग्रामोद्योग[4]	4.84	13.18	5.83	2.98	3.57
7	खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण[5]	532.60	582.16	976.96	687.32	596.05
	कुल	**51,760.09**	**56,277.29**	**56,438.46**	**67,961.37**	**76,273.12**

(*स्रोत: प्रासंगिक वर्षों के लिए मध्य प्रदेश शासन के वित्त लेखे*)

1.3 कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II)

मध्य प्रदेश शासन के अधीन 55[6] विभाग कार्यरत हैं। इन विभागों का नेतृत्व अतिरिक्त मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव करते हैं, जिनकी सहायता विभागाध्यक्षों और उनके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा की जाती है।

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II), मध्य प्रदेश, भोपाल 55 विभागों में से 28 की लेखापरीक्षा करता है। इसके अतिरिक्त यह 48 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, तीन स्वायत्त निकायों और दो सांविधिक निगमों की भी लेखापरीक्षा करता है।

[3] म.प्र. विद्युत नियामक आयोग (स्वायत्त निकाय) द्वारा एकत्र किया गया राजस्व।

[4] म.प्र. खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा एकत्र किया गया राजस्व।

[5] म.प्र. वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन द्वारा एकत्र किया गया राजस्व।

[6] इन 55 विभागों में, वाणिज्यिक कर विभाग, पंजीकरण और स्टाम्प विभाग, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग, वस्तु एवं सेवा कर विभाग को एकल विभाग के रूप में माना गया है, क्योंकि वे सभी प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए वाणिज्यिक कर विभाग के अधीन काम कर रहे हैं। आनंद और प्रवासी भारतीय विभागों की लेखा परीक्षा इस कार्यालय द्वारा अभी किया जाना हैं।

1.4 लेखापरीक्षा प्राधिकार

लेखापरीक्षा के लिए सी.ए.जी. का प्राधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 और 151 तथा सी.ए.जी. (कर्तव्य, शक्तियाँ और सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 (डी.पी.सी अधिनियम) से लिया गया है। सी.ए.जी. शासन के विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की लेखापरीक्षा निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार करता है:

डीपीसी अधिनियम की धारा 13	विभागों के व्यय की लेखापरीक्षा
डीपीसी अधिनियम की धारा 16	विभागों की प्राप्तियों की लेखापरीक्षा

विभिन्न लेखापरीक्षाओं हेतु सिद्धांत और कार्यप्रणालियाँ लेखापरीक्षा मानकों तथा लेखापरीक्षा एवं लेखा विनियमों में निर्धारित की गई हैं, साथ ही सी.ए.जी. द्वारा या उनकी ओर से जारी निर्देशों से निर्धारित किए जाते हैं।

1.5 लेखापरीक्षा की योजना और संचालन

वर्ष 2022-23 के दौरान, कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II), भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश शासन के 28 विभागों के कुल 2,619 लेखापरीक्षा योग्य इकाइयों में से 314 इकाइयों की अनुपालन लेखापरीक्षा की गई। इस प्रतिवेदन में दो विभागों (नर्मदा घाटी विकास विभाग और खनिज साधन विभाग, प्रत्येक की एक-एक कंडिका) के दो विषय-विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा (अध्याय II और III) और चार विभागों की 19 लेखापरीक्षा कंडिकाओं (नर्मदा घाटी विकास विभाग की दो कंडिकाएं, जल संसाधन विभाग की पांच कंडिकाएं, वाणिज्यिक कर विभाग (पंजीकरण और स्टाम्प) की चार कंडिकाएं, वाणिज्यिक कर विभाग (वैट) की छः कंडिकाएं और ऊर्जा विभाग की दो कंडिकाएं) पर निष्कर्ष शामिल हैं।

अनुपालन लेखापरीक्षा इस बात का एक स्वतंत्र मूल्यांकन है कि क्या कोई दी गई विषय-वस्तु (एक गतिविधि, वित्तीय या गैर-वित्तीय लेनदेन, किसी इकाई या संस्थाओं के समूह के संबंध में जानकारी) सभी भौतिक मामलों में लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, स्थापित संहिताओं आदि और सुदृढ़ सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन और लोक अधिकारियों के आचरण को नियंत्रित करने वाले सामान्य सिद्धांतों का अनुपालन करता है।

निम्नलिखित फ्लोचार्ट में योजना, लेखापरीक्षा के संचालन और लेखापरीक्षा प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया को दर्शाया गया है:

चित्र 1.1: लेखापरीक्षा प्रक्रियाएं

प्रत्येक इकाई की अनुपालन लेखापरीक्षा के पूरा होने के बाद, एक निरीक्षण प्रतिवेदन (नि.प्र.), जिसमें लेखापरीक्षा निष्कर्ष सम्मिलित होते हैं, इकाई के प्रमुख को इस निवेदन के साथ जारी किया जाता है कि वे उक्त नि.प्र. प्राप्ति के छः सप्ताह के भीतर अपना उत्तर प्रस्तुत करें। जब भी उत्तर प्राप्त होते हैं, तो लेखापरीक्षा निष्कर्ष या तो हटा दिये जाते हैं या अनुपालन हेतु उन पर आगे की कार्रवाई की सलाह दी जाती है। इन नि.प्र. में इंगित महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा टिप्पणियों, जिन पर शासन में उच्चतम स्तर पर ध्यान देना अपेक्षित होता है, उन्हें शासन को उनके उत्तर के लिए प्रारूप कंडिका के रूप में जारी किया जाता है, ताकि उत्तरों पर समुचित विचार करने के बाद उन्हें लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में शामिल किया जा सके। इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में संभावित समावेशन से पहले, विशिष्ट थीम, विषयों या योजनाओं पर प्रारूप अनुपालन लेखापरीक्षा और निष्पादन लेखापरीक्षा भी शासन को उनकी प्रतिक्रियाओं के लिए जारी की जाती है। ये लेखापरीक्षा प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151(2) के तहत मध्य प्रदेश के राज्यपाल को प्रस्तुत किए जाते हैं ताकि उन्हें राज्य विधानसभा के समक्ष रखा जा सके।

1.6 लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर विभागों की प्रतिक्रिया

1.6.1 पिछली निरीक्षण प्रतिवेदन पर प्रतिक्रिया

निरीक्षण प्रतिवेदनों (नि.प्र.) में सम्मिलित प्रेक्षणों पर कार्यालय प्रमुखों और अगले उच्च अधिकारियों द्वारा उत्तर दिया जाना और उचित सुधारात्मक कार्रवाई करना अपेक्षित होता है। निरीक्षण प्रतिवेदनों में संप्रेषित लेखापरीक्षा प्रेक्षणों पर प्रधान महालेखाकार कार्यालय के अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न स्तरों पर बैठकों में समय-समय पर चर्चा भी की जाती है।

31 मार्च 2023 तक, पिछले वर्षों से संबंधित 35,488 कंडिका वाले कुल 6,334 निरीक्षण प्रतिवेदन निपटान के लिए लंबित थे, जैसा कि नीचे **तालिका 1.3** में विस्तृत रूप से बताया गया है:

तालिका 1.3: बकाया नि.प्र./कंडिकाओं का विवरण

वर्ष	31 मार्च 2023 तक निपटान के लिए लंबित नि.प्र./ कंडिका की संख्या	
	नि.प्र.	कंडिका
2017-18 एवं पूर्व वर्ष	4,664	21,604
2018-19	589	3,709
2019-20	411	3,063
2020-21	114	1,296
2021-22	256	2,639
2022-23	300	3,177
कुल	**6,334**	**35,488**

(***स्रोत:*** *प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा* II*), भोपाल के कार्यालय द्वारा संधारित अभिलेख*)

नि.प्र.और लेखापरीक्षा कंडिका पर कार्रवाई के अभाव से इन प्रतिवेदनों में बताई गई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के जारी रहने का जोखिम होता है। इसके परिणामस्वरूप शासन प्रक्रिया में आंतरिक नियंत्रणों का कमजोर होना, लोक वस्तुओं/सेवाओं का अकुशल और अप्रभावी वितरण, धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और राजकोष को नुकसान भी हो सकता है। इसलिए राज्य शासन को इन नि.प्र. और लेखापरीक्षा कंडिकाओं में चिह्नित प्रकरणों की समीक्षा और उनके निदान की त्वरित कार्रवाई करने के लिए एक उपयुक्त तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता है।

1.6.2 लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर शासन/विभागों की प्रतिक्रिया

सभी विभागों को सी.ए.जी. के प्रतिवेदन में शामिल करने के लिए प्रस्तावित प्रारूप लेखापरीक्षा कंडिकाओं पर अपनी प्रतिक्रिया उसकी प्राप्ति के छः सप्ताह के भीतर भेजनी आवश्यक है। वर्ष 2022-23 के दौरान, विषय-विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा के दो[7] प्रारूप और 19[8] प्रारूप लेखापरीक्षा कंडिकाए संबंधित चार विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों/ प्रमुख सचिवों/सचिवों को भेजे गए, जिसमें उनका ध्यान लेखापरीक्षा निष्कर्षों की ओर आकर्षित किया गया और उनसे छः सप्ताह के भीतर अपनी प्रतिक्रिया भेजने का अनुरोध किया गया। यह उनके व्यक्तिगत ध्यान में लाया गया कि इन कंडिकाओं को भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल किए जाने की संभावना है, जिसे राज्य

[7] नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण और खनिज साधन विभाग प्रत्येक की एक-एक विषय-विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा।

[8] नर्मदा घाटी विकास विभाग की दो कंडिकाएं, जल संसाधन विभाग की पांच कंडिकाएं, वाणिज्यिक कर (पंजीकरण और स्टाम्प) की चार कंडिकाएं, वाणिज्यिक कर (वैट) की छः कंडिकाएं और ऊर्जा विभाग की दो कंडिकाएं।

विधानसभा के समक्ष रखा जाएगा और लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर उनकी टिप्पणियों/प्रतिक्रियाओं को शामिल करना वांछनीय होगा। शासन की प्रतिक्रियाएं, जहां भी प्राप्त हुईं, उन्हें इस लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में उचित रूप से शामिल किया गया है।

1.6.3 पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में दर्शाए गए कंडिकाओं पर शासन की प्रतिक्रिया

प्रशासनिक विभागों को लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में शामिल लेखापरीक्षा कंडिकाओं और समीक्षाओं पर व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ, राज्य विधानसभा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से तीन माह के भीतर प्रस्तुत करनी होती हैं, जिनमें की गई या प्रस्तावित कार्रवाई का विधिवत उल्लेख हो। इस प्रयोजन के लिए, विभागों को लोक लेखा समिति से किसी सूचना या आह्वान की प्रतीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है। वर्ष 2013-14 से 2020-21 तक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में शामिल 57 कंडिका/निष्पादन/लेखापरीक्षा समीक्षाओं के संबंध में 10 विभागों से व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ अभी प्राप्त नहीं हुई हैं, जिनका विवरण नीचे **तालिका 1.4** में दिया गया है:

तालिका 1.4: सी.ए.जी. की लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में शामिल कंडिकाओं पर लंबित विभागीय उत्तर

लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का वर्ष	विभाग	31.03.2024 तक लंबित विभागीय उत्तर	राज्य विधानमंडल में प्रस्तुति की तारीख	विभागीय उत्तरों की प्राप्ति की नियत तारीख
2013-14	वाणिज्यिक कर विभाग (राज्य उत्पाद शुल्क)	3	22.07.2015	22.10.2015
2014-15	वन विभाग	1	17.03.2016	16.06.2016
2015-16	वाणिज्यिक कर विभाग (राज्य उत्पाद शुल्क)	7	24.03.2017	24.06.2017
2016-17	वाणिज्यिक कर विभाग (पंजीकरण और स्टांप)	4	10.01.2019	10.04.2019
	जल संसाधन विभाग	3	10.01.2019	10.04.2019
2017-18	जल संसाधन विभाग	2	21.09.2020	21.12.2020
2018-19	लोक निर्माण विभाग	1	21.12.2021	20.03.2022
	वन विभाग	1	15.09.2022	14.12.2022
	जल संसाधन विभाग	1	21.12.2021	21.03.2022
	पशुपालन एवं डेयरी विभाग	1	21.12.2021	21.03.2022
2019-20	लोक निर्माण विभाग	2	15.09.2022	14.12.2022
	लोक निर्माण विभाग	16	08.02.2024	07.05.2024
	खनिज (खनन) साधन विभाग	3	22.09.2020	21.12.2020
	वाणिज्यिक कर विभाग (पंजीकरण और स्टांप)	1	15.09.2022	15.12.2022
2020-21	वाणिज्यिक कर विभाग	3	13.03.2023	13.06.2023
	खनिज (खनन) साधन विभाग	1	13.03.2023	13.06.2023
	संस्कृति विभाग	1	13.03.2023	13.06.2023
	जल संसाधन विभाग	1	13.03.2023	13.06.2023
	उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग	1	08.02.2024	07.05.2024
	किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग	1	08.02.2024	07.05.2024
	लोक निर्माण विभाग	1	08.02.2024	07.05.2024
	वन विभाग	1	08.02.2024	07.05.2024
	लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग	1	08.02.2024	07.05.2024
	कुल	**57**		

1.6.4 लोक लेखा समिति की सिफारिशों/ अनुशंसा पर शासन की प्रतिक्रिया

प्रशासनिक विभागों को लोक लेखा समिति (पीएसी) की अनुशंसा पर ऐसी सिफारिशें प्राप्त होने की तारीख से छ: महीने के भीतर कार्रवाई नोट (एटीएन) प्रस्तुत करना आवश्यक है। 31 मार्च 2024 तक, मध्य प्रदेश शासन से संबंधित 14 विभागों के संबंध में 271 एटीएन प्राप्त होना बाकी थे। विवरण **परिशिष्ट 1.1** में दिया गया है।

1.7 अभिस्वीकृति

कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-II) मध्य प्रदेश, भोपाल राज्य शासन के संबंधित विभागों द्वारा प्रदान किए गए सहयोग और सहायता के लिए आभार व्यक्त करता है।

अध्याय II

नर्मदा घाटी विकास विभाग

अध्याय II: नर्मदा घाटी विकास विभाग

2.1 "नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाओं के क्रियान्वयन" पर अनुपालन लेखापरीक्षा

2.1.1 प्रस्तावना

नर्मदा भारत की पाँचवीं सबसे लंबी नदी है जो मध्य प्रदेश के 12 जिलों से होकर बहती है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान राज्यों के बीच नर्मदा जल के बँटवारे से संबंधित विवाद का निपटारा करने के लिए अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम, 1956 की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण (एनडब्ल्यूडीटी) का गठन (अक्टूबर 1969) किया गया था। एनडब्ल्यूडीटी ने दिसंबर 1979 में अपना अंतिम निर्णय दिया, जिसमें 28 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) उपयोग योग्य नर्मदा जल को ध्यान में रखते हुए, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र के पक्षकार राज्यों के बीच विभाजन किया गया, जैसा कि नीचे **तालिका 2.1** में विस्तार से बताया गया है:

तालिका 2.1: जल के राज्य-वार वितरण की स्थिति

जल की मात्रा/राज्य	मध्य प्रदेश	गुजरात	राजस्थान	महाराष्ट्र
(एमएएफ में)	18.25	9	0.5	0.25
(मिलियन क्यूबिक मीटर में)	22,511.01	11,101.32	616.74	308.37
उपयोग योग्य प्रवाह का प्रतिशत	65.18	32.14	1.79	0.89

(**स्रोत**: नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण का निर्णय)

एक जल वर्ष[9] में उपयोग योग्य अतिरिक्त या कम आपूर्ति को संबंधित राज्यों द्वारा उनके आवंटित हिस्से के समान अनुपात में यथासंभव साझा किया जाना था। यह निर्णय 45 वर्षों के बाद समीक्षा के अधीन है। एनडब्ल्यूडीटी निर्णय[10] के अनुसार, जल के उपयोग की योजना नीचे दर्शाई गई है :



---

[9] जल वर्ष: 1 जुलाई से 30 जून तक

[10] मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान राज्यों के बीच नर्मदा जल बंटवारे से संबंधित विवाद पर निर्णय लेने के लिए अक्टूबर 1969 में नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण (एनडब्ल्यूडीटी) का गठन किया गया था। एनडब्ल्यूडीटी ने दिसंबर 1979 में अपना अंतिम निर्णय दिया। यह निर्णय की 45 वर्षों के पश्चात समीक्षा के अध्ययधीन है।

31 वृहद, 441 मध्यम और 1927 लघु परियोजनाओं के माध्यम से नर्मदा जल के 24.08 एमएएफ के उपयोग के लिए मास्टर प्लान 1972 में मध्य प्रदेश शासन द्वारा तैयार किया गया था। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एन.वी.डी.ए.) का गठन जुलाई 1985 में मध्य प्रदेश शासन द्वारा एनडब्ल्यूडीटी निर्णय के अनुसार राज्य में नर्मदा जल के आवंटित हिस्से के उपयोग के साथ-साथ नर्मदा नदी पर विभिन्न परियोजनाओं के निष्पादन के लिए एक संदर्श योजना तैयार करने और रूप देने के लिए किया गया था। औद्योगिक और घरेलू उपयोग के प्रस्ताव के अलावा 23 वृहद, 135 मध्यम और 3000 लघु परियोजनाओं के माध्यम से 18.25 एमएएफ के उपयोग की योजना बनाई गई थी (1978)। इसके अलावा, दिसंबर 2003 में, 2011-12, 2015 और 2021-22 तक सभी वृहद परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विज़न दस्तावेज 2012, 2015 और 2020 तैयार किए गए थे। कार्यों की धीमी प्रगति के कारण विलंब होते रहे एवं कार्य अपूर्ण[11] रह गए।

वार्षिक जल लेखा[12] (2020-21) के अनुसार राज्य द्वारा वर्ष-वार उपयोग योग्य प्रवाह, उपयोग योग्य प्रवाह का हिस्सा और एमएएफ में वास्तविक उपयोग नीचे **तालिका 2.2** में दर्शाया गया है:

तालिका 2.2: राज्य द्वारा अंतर्वाह, उपयोग योग्य प्रवाह और वास्तविक उपयोग का विवरण

(आंकड़े मिलियन एकड़ फीट में)

जल वर्ष	कुल अंतर्वाह	उपयोग योग्य प्रवाह का हिस्सा	वास्तविक उपयोग	अप्रयुक्त मात्रा	उपयोग प्रतिशत
2018-19	19.52	12.72	8.43	4.29	66.27
2019-20	57.24	37.31	9.12	28.19	24.44
2020-21	37.75	24.61	9.39	15.22	38.16

(**स्रोत:** नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा तैयार किया गया जल लेखा। प्राधिकरण ने 2021-22 के लिए जल लेखा तैयार नहीं किया)

जैसा कि ऊपर **तालिका 2.2** में विस्तार से बताया गया है, राज्य वर्ष 2018-21 के दौरान आवंटित नर्मदा जल का केवल 24 से 66 प्रतिशत ही उपयोग कर सका। नर्मदा जल के आवंटित भाग का उपयोग करने के लिए, एन.वी.डी.ए. ने 2015-16 से माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं (एम.आई.पी.) के निर्माण की योजना बनाई।

मध्य प्रदेश राज्य जल नीति 2003 सतत और कुशल जल संसाधन प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए भूमि उपयोग एवं समतलीकरण के साथ जल उपयोग रणनीतियों को संरेखित करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है। इस नीति के अनुरूप, राज्य की सिंचाई क्षमता को अधिकतम करने के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम जैसी माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं की रणनीतिक रूप से योजना बनाई गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य संभावित सिंचाई योग्य क्षेत्र और वास्तविक सिंचित क्षेत्र के बीच के अंतर को पाटना, कृषि उत्पादकता को बढ़ाना, पानी का संरक्षण करना और समान वितरण और पर्यावरणीय स्थिरता के नीति के लक्ष्यों का समर्थन करना है। माइक्रो सिंचाई को अपनाकर, राज्य विशेष रूप से अनियमित वर्षा वाले क्षेत्रों में पानी की कमी को दूर करना चाहता है, और लक्षित सब्सिडी और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से हाशिए पर रहने वाले समुदायों सहित किसानों के लिए समावेशी विकास को बढ़ावा देना चाहता है।

[11] 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए मध्य प्रदेश शासन की आर्थिक (गैर-पीएसयू) क्षेत्र की लेखापरीक्षा प्रतिवेदन से उद्धरण।

[12] नदी के उपयोग करने योग्य प्रवाह के लिए एक "जल लेखा", जिसे जल लेखांकन के रूप में भी जाना जाता है, नदी के कुल जल प्रवाह, विभिन्न उपयोगों (जैसे सिंचाई और उद्योग) में इसके आवंटन और कमी, जल भंडारण में किसी भी बदलाव और एक विशिष्ट अवधि जैसे कि एक जलविज्ञान वर्ष के भीतर नदी बेसिन से निवल बहिर्वाह को ट्रैक करता है।

माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं में पाइप राइजिंग मेन[13] के माध्यम से आवश्यक पानी उठाया जाता है। इसमें एक पंप हाउस और राइजिंग मेन, पाइप डिस्ट्रीब्यूटरी, डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का निर्माण और ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम का उपयोग और पानी के स्रोत से उस आउटलेट तक सिंचाई क्षमता का विकास करना सम्मिलित है जहां से ग्रेविटि मेन पाइप[14] के माध्यम से प्रत्येक चक[15] तक पानी पहुँचाने के लिए उपलब्ध होता है। सिंचाई और घरेलू जल उपयोग की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आउटलेट्स का भी प्रावधान किया जाता है। एक एम.आई.पी. का एक योजनाबद्ध आरेख चित्र में दिया गया है:

चित्र 2.1: माइक्रो सिंचाई परियोजना का योजनाबद्ध आरेख



2.1.2 निधीकरण पैटर्न

राज्य निधि के अलावा, एम.आई.पी. को नाबार्ड[16] की सहायता से ग्रामीण अधोसंरचना विकास निधि[17] (आरआईडीएफ) और राज्य बजट के माध्यम से केंद्रीय सहायता के माध्यम से भी वित्त पोषित किया जाता है। वर्ष 2022-23 तक, 12 एम.आई.पी. के लिए ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के अंतर्गत ₹ 5,849.82 करोड़ की राशि प्राप्त हुई।

[13] राइजिंग मेन वह पाइपलाइन है जो जल स्रोत (जैसे, एक पंप या जलाशय) से दबाव में पानी को वितरण नेटवर्क तक ले जाती है। इसे आम तौर पर ऊर्ध्वाधर रूप से या ऊपर की ओर के ढलान के साथ संस्थापित किया जाता है ताकि पानी को अधिक ऊंचाई तक या उस बिंदु तक ले जाया जा सके जहां यह पार्श्व पाइप या उत्सर्जकों से जुड़ता है जो फसलों को पानी पहुंचाते हैं।

[14] सूक्ष्म सिंचाई परियोजना में ग्रेविटि मेन एक पाइपलाइन है जो एक उंचे जलस्रोत (वितरण कक्ष) से सिंचाई नेटवर्क तक पानी पहुँचाने के लिए गुरुत्वाकर्षण बल का उपयोग करती है।

[15] "चक" नहर के एक ओर या नहर की अंतिम छोर के नीचे का वह भू-भाग होता है, जिस पर एक ही निकास होता है, जो इस प्रकार स्थित होता है कि वह भूमि के अधिकतम संभावित क्षेत्र को अपने अधीन करता है।

[16] राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक।

[17] आरआईडीएफ की स्थापना सरकार द्वारा 1995-96 में चल रही ग्रामीण अधोसंरचना परियोजनाओं के वित्तपोषण हेतु की गई थी। इस कोष का रखरखाव राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा किया जाता है। इस कोष का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकारों और राज्य के स्वामित्व वाले निगमों को ऋण प्रदान करना है ताकि वे चल रही ग्रामीण अधोसंरचना परियोजनाओं को पूरा कर सकें।

एन.वी.डी.ए. के आवंटन और व्यय का वर्ष-वार विवरण जो व्यय की प्रवृत्ति को दर्शाता है, नीचे **चार्ट 2.1** में दिया गया है:

चार्ट 2.1: कुल व्यय और एम.आई.पी. पर व्यय की प्रवृत्ति

(₹ करोड़ में)



(स्रोत: विस्तृत विनियोग लेखे)

चार्ट से यह देखा जा सकता है कि एम.आई.पी. एन.वी.डी.ए. की एक मात्र सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि है और विभाग के साल-दर-साल बढ़ते कुल व्यय की तुलना में एम.आई.पी. पर व्यय का भाग बढ़ रहा था।

एन.वी.डी.ए. द्वारा 2015-16 और 2022-23 के बीच 16.14 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई के लिए कुल 43 माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं (एम.आई.पी.) की योजना बनाई गई थी (विवरण **परिशिष्ट 2.1** में)। इनमें से 36 एम.आई.पी.[18] की योजना 4,691.34 एमसीएम पानी का सिंचाई (12.11 लाख हेक्टेयर) के लिए उपयोग करने हेतु बनाई गई थी, जिनमें से 12 एम.आई.पी. पूरी हो चुकी हैं जबकि 24 निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं (दिसंबर 2024 तक)। सात एम.आई.पी. आयोजना के प्रारंभिक चरण में थीं।

2.1.3 संगठनात्मक संरचना

एन.वी.डी.ए. का नेतृत्व शासन स्तर पर अध्यक्ष[19] करते हैं और उपाध्यक्ष उनकी सहायता करते हैं। उपाध्यक्ष की सहायता के लिए सदस्य (अभियांत्रिकी) सहित पाँच सदस्य होते हैं। सदस्य (अभियांत्रिकी) की सहायता के लिए इंदौर, जबलपुर[20] और सनावद में चार मुख्य अभियंता होते हैं, जैसा कि **परिशिष्ट 2.2** में दिए गए एन.वी.डी.ए. के संगठनात्मक चार्ट में विस्तार से बताया गया है। मुख्य अभियंताओं को एम.आई.पी. के क्रियान्वयन हेतु क्षेत्र स्तर पर अधीक्षण यंत्री और कार्यपालन यंत्री भी सहायता प्रदान करते हैं।

[18] विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार।

[19] जो राज्य के मुख्य सचिव भी होते है।

[20] दो मुख्य अभियंता (अपर नर्मदा क्षेत्र (यूएनजी) और रानी अवंती बाय लोधी सागर (आरएबीएलएस)) को जबलपुर में पदस्थ किया गया है।

2.1.4 लेखापरीक्षा का क्षेत्र, मानदंड, उद्देश्य और कार्यप्रणाली

लेखापरीक्षा यह पता लगाने के लिए की गई थी कि क्या माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं की योजना, डिजाइन और अनुमान प्रभावी थे, कार्यों का कार्यान्वयन अनुमोदित ड्राइंग और डिजाइन और निगरानी के अनुसार था, और एम.आई.पी. का रखरखाव मानदंडों के अनुसार किया गया था।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष मध्य प्रदेश निर्माण विभाग नियमावली, मध्य प्रदेश वित्तीय संहिता एवं सिंचाई कार्यों हेतु विनिर्देश, दरों की एकीकृत अनुसूची, केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) एवं एन.वी.डी.ए. द्वारा जारी तकनीकी परिपत्रों एवं निर्देशों से प्राप्त मानदंडों पर आधारित हैं। इसके अतिरिक्त, बेंचमार्किंग के लिए डीपीआर और अनुबंधों के पदों एवं शर्तों का भी मूल्यांकन किया गया।

एन.वी.डी.ए. के अंतर्गत एम.आई.पी. की लेखापरीक्षा, सर्वेक्षण और जांच, व्यवहार्यता अध्ययन, प्रारंभिक आकलन, भूमि अधिग्रहण (निजी, सरकारी और वन), विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन, परियोजना कार्य अनुसूची, बजट प्रस्ताव, निधि आवंटन, संसाधनों के लिए नियंत्रण कार्य (मानव, सामग्री, उपकरण, निधि), प्रबंधन सूचना प्रणाली, निर्मित सिंचाई क्षमता की उपलब्धियां आदि से संबंधित अभिलेखों की जांच के माध्यम से की गई।

आठ पूर्ण (12 पूर्ण किए गए एम.आई.पी. में से) और 10 प्रगतिरत (24 प्रगतिरत में से) एम.आई.पी. का चयन स्तरीकृत यादृच्छिक नमूना पद्धति के आधार पर किया गया था। 22 जून 2023 को सदस्य (अभियांत्रिकी) एन.वी.डी.ए. के साथ आयोजित प्रवेश सम्मेलन में लेखापरीक्षा के उद्देश्यों, मानदंडों और कार्यप्रणाली पर चर्चा की गई थी। लेखापरीक्षा के दौरान उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 28 जनवरी 2025 को विभाग के साथ एक निर्गम सम्मेलन आयोजित किया गया था। विभाग के विचारों को प्रतिवेदन में उपयुक्त रूप से शामिल किया गया है।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष

जैसा कि ऊपर बताया गया है, लेखापरीक्षा ने 18 एम.आई.पी. (**परिशिष्ट 2.3**) के अभिलेखों की नमूना जाँच की (फरवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक), जिनका कृषि योग्य कमान क्षेत्र (सीसीए)[21] 4.91 लाख हेक्टेयर था, जो एन.वी.डी.ए. द्वारा क्रियान्वित सभी 43 एम.आई.पी. के कुल सीसीए का 30.42 प्रतिशत था। लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर आगे की कंडिकाओं में विस्तार से चर्चा की गई है।

[21] कृषि योग्य कमान क्षेत्र वह क्षेत्र है जो किसी योजना से सिंचित किया जा सकता है और खेती के लिए उपयुक्त है।

2.1.5 आयोजना

2.1.5.1 माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण और प्राक्कलन

किसी भी परियोजना को स्वीकृत लागत के भीतर समय पर पूरा करने के लिए सटीक और वास्तविक प्राक्कलन तैयार करना आवश्यक है। प्राक्कलन, मितव्ययिता सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदार द्वारा उद्धृत दरों की उचितता का आकलन करने का आधार भी प्रदान करता है। पाइप सिंचाई नेटवर्क की योजना और डिजाइन के लिए सीडब्ल्यूसी दिशानिर्देश, सर्वेक्षण डेटा एकत्र करने और पाइप सिंचाई प्रणाली की योजना के लिए सर्वेक्षण डेटा को शामिल करने का प्रावधान करते हैं।

इस प्रकार, विभाग को यह सुनिश्चित करना था कि निविदाएं आमंत्रित करने के लिए प्राक्कलन तैयार करने से पहले विस्तृत सर्वेक्षण किया गया है।

सभी 18 एम.आई.पी. के मामले में, विभाग द्वारा तैयार की गई विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन वास्तविक विस्तृत सर्वेक्षण पर आधारित नहीं थे। वास्तविक सर्वेक्षण आँकड़ों के अभाव और गलत मदों को शामिल करने के कारण, परियोजनाओं के अनुमान बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए, जैसा कि नीचे दी गई **तालिका 2.3** में विस्तार से बताया गया है:

तालिका 2.3: 18 चयनित कार्यों में बढ़ा हुआ प्राक्कलन

स. क्र.	कार्य की मद	मापदंड	अवलोकन
1	राइजिंग मेन का अधिक आकलन	अनुमानों के अनुसार, नागलवाड़ी एम.आई.पी. में 47,000 हेक्टेयर का कमान क्षेत्र बनाने के लिए कुल 60,540.21 मीटर राइजिंग मेन (विभिन्न व्यास और लंबाई की) का निर्माण किया जाना था।	ठेकेदार ने कुल 49,721 मीटर राइजिंग मेन का निर्माण किया, जिसने लक्षित कमान क्षेत्र को प्राप्त किया, जिससे यह संकेत मिलता है कि योजना में कमी थी जिसके परिणामस्वरूप 10819.21 मीटर का अधिक आकलन और अधिक प्रावधान किया गया था। यह (एक टर्न-की अनुबंध होने के कारण जहां वस्तु दर माप की आवश्यकता नहीं है) जिसके परिणामस्वरूप ₹ 56.46 करोड़ का अतिरिक्त खर्च हुआ जो ठेकेदार के लिए अनुचित लाभ था।
2	स्काडा के लिए भिन्न प्रति हेक्टेयर लागत	पर्यवेक्षी नियंत्रण और डेटा अधिग्रहण (स्काडा) सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर तत्वों की एक प्रणाली है जो वास्तविक समय के डेटा को इकट्ठा करने और संसाधित करने की निगरानी की अनुमति देती है । इसका व्यापक रूप से एम.आई.पी. में पानी को अनुकूलित करने के लिए उपयोग किया जाता है।	17 एम.आई.पी. के बीच स्कॉडा प्रणाली की प्रति हेक्टेयर लागत की तुलना करने पर, यह देखा गया कि प्रति हेक्टेयर लागत ₹ 200 प्रति हेक्टेयर से लेकर ₹ 8,000 प्रति हेक्टेयर तक थी। यह इंगित करता है कि अनुमान सही ढंग से तैयार नहीं किए गए थे।
3	निर्माण अवधि के दौरान परिसंपत्तियों का रखरखाव	यू. एस. आर. 2017 (डब्ल्यू. आर. डी. द्वारा जारी) के प्रावधानों के अनुसार, पूरी की गई वस्तुओं की दरों में सामग्री की लागत, श्रम, कारीगरी, गुणवत्ता आश्वासन उपाय, क्षेत्र/प्रयोगशाला परीक्षण, मिश्रित डिजाइन, परिष्करण, अपव्यय, काम को सक्षम करना, स्टॉक, मशीनरी, टेम्पलेट, उपकरण और संयंत्रों और अन्य उपकरणों आदि पर नुकसान, काम के उचित कार्यान्वयन के लिए आवश्यक शामिल हैं। इसमें शटर मचान और सीढ़ियों के निर्माण और हटाने, निर्माण के दौरान काम की सुरक्षा जैसे कटाव और गिरने वाली सामग्री और अन्य कारणों का प्रावधान भी शामिल है।	17 एम.आई.पी. में, निर्माण अवधि के दौरान परिसंपत्तियों के रखरखाव के लिए आई. डी. ₹ 67.81 करोड़ की लागत को गलत तरीके से अनुमानों में एक अलग लाइन आइटम के रूप में शामिल किया गया था, भले ही वे पहले से ही पूर्ण वस्तुओं के लिए दर का हिस्सा थे।

स. क्र.	कार्य की मद	मापदंड	अवलोकन
4.	आपूर्ति और वहन शुल्क	अनुबंधों के अनुसार, ट्रांस्को को भुगतान की जाने वाली आपूर्ति और वहन शुल्क की लागत विभाग द्वारा वहन की जानी थी और इसलिए यह निहित है कि यह अनुमानों का हिस्सा नहीं होना चाहिए।	आठ एम.आई.पी. में, ₹ 33.92 करोड़ के आपूर्ति और वहन शुल्क को गलत तरीके से अनुमानों में शामिल किया गया था।
5.	वन क्षेत्र में सुरंग	मध्य प्रदेश निर्माण विभाग नियमावली के पैरा 2.006 और 2.028 के अनुसार, एक अधिकारी, जो अनुमान के लिए टी. एस. को मंजूरी देता है, डिजाइन की मजबूती और अनुमान में शामिल करने के लिए आवश्यक सभी वस्तुओं को शामिल करने के लिए जिम्मेदार होता है।	चार एम. आई. पी. के अनुमानों में सुरंगों के निर्माण के लिए ₹ 47.90 करोड़ की राशि शामिल की गई थी, हालांकि इसकी आवश्यकता नहीं थी।
6.	हार्ड रॉक की लागत	यू. एस. आर. 2016 और 2017 (जल संसाधन विभाग द्वारा जारी) के अनुसार, खुदाई से प्राप्त उपयोगी मलबे, बोल्डर और पत्थर के चिप्स ठेकेदार को उन सामग्रियों के लिए निर्दिष्ट दरों पर उपयोग के लिए जारी किए जाएंगे।	16 एम. आई. पी. के डी. पी. आर. के मामले में, कठोर चट्टान में खुदाई का प्रावधान किया गया था, लेकिन कठोर चट्टान की निर्गम दर में ₹ 29.17 करोड़ की कटौती नहीं की गई थी।
7.	वन क्षेत्र में पेडस्टल की लागत	मध्य प्रदेश निर्माण विभाग नियमावली के पैरा 2.006 और 2.028 के अनुसार, प्राक्कलन के लिए टी.एस. को अनुमोदित करने वाला अधिकारी, डिजाइन की सुदृढ़ता और अनुमान में शामिल करने के लिए आवश्यक सभी मदों को शामिल करने के लिए जिम्मेदार होता है।	पेडस्टल (वन क्षेत्रों में ज़मीन से ऊपर बिछाए गए पाइपों को सहारा देने के लिए) इस मद का हिस्सा हैं और इसलिए इन्हें अलग से कार्य मद के रूप में शामिल/दिखाए जाने की आवश्यकता नहीं है। पाँच मामलों में, वन क्षेत्र में पेडस्टल की लागत ₹ 109.09 करोड़ गलत तरीके से अनुमानों में शामिल कर दी गई थी।
8.	सिक्योरिटी डिपाजिट	अनुबंध के अनुसार, बिजली कनेक्शन के लिए सिक्योरिटी डिपाजिट की लागत विभाग द्वारा वहन की जानी थी।	सात एम.आई.पी. में विद्युत कनेक्शन के लिए ₹ 65.55 करोड़ की सिक्योरिटी डिपाजिट को गलत तरीके से अनुमान में शामिल किया गया था। परिणामस्वरूप, इसका आकलन अधिक हो गया, जिससे पी.ए.सी. अधिक हो गया।
9.	वाहनों का रखरखाव	यूएसआर 2017 (जल संसाधन विभाग द्वारा जारी) के प्रावधानों के अनुसार, पूर्ण हो चुकी मद की दरों में सामग्री, श्रम, कारीगरी, गुणवत्ता आश्वासन उपाय, क्षेत्र/प्रयोगशाला परीक्षण, मिश्रण डिजाइन, परिष्करण, अपव्यय, सक्षम कार्य, स्टॉक की हानि, मशीनरी, टेम्पलेट्स, उपकरण और संयंत्र तथा कार्य के समुचित कार्यान्वयन के लिए आवश्यक अन्य उपकरणों आदि की लागत भी शामिल है। इसमें शटरिंग, मचान और सीढ़ियों के निर्माण और हटाने, निर्माण के दौरान कटाव और गिरती सामग्री व अन्य कारणों से कार्य की सुरक्षा के प्रावधान भी शामिल हैं।	15 एम.आई.पी. में वाहनों के रखरखाव के लिए ₹ 4.05 करोड़ की लागत को गलत तरीके से अनुमान में शामिल किया गया था, जबकि इसे अलग लाइन मद के रूप में नहीं दिखाया जाना चाहिए था। परिणामस्वरूप, इसका आकलन अधिक हो गया, जिससे पी.ए.सी. अधिक हो गया।

उपरोक्त सभी मामलों में, प्राप्त बोलियां बराबर[22] से कम थीं और अनुबंध की संभावित राशि (पी.ए.सी.) से प्राप्त की गई थीं। यदि अनुमान अधिक व्यावहारिक और सही होते, तो मूल्य की खोज अधिक व्यावहारिक होती।

विभाग ने बताया (जनवरी 2025) कि सभी कार्य टर्न-की आधार पर दिए गए थे और सर्वेक्षण कार्य के लिए अनुबंध राशि के एक प्रतिशत का भुगतान किया जाना था। इस प्रकार, विस्तृत सर्वेक्षण करना ठेकेदार का कर्तव्य था।

विभाग का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि टर्न-की अनुबंधों के मामले में, प्रत्येक मदों को भुगतान के लिए मापा नहीं जाता है। इसलिए प्रत्येक मदों के बढ़े हुए प्रारंभिक अनुमान/ अधिक आकलन, बढ़ी हुई पी.ए.सी. में परिणीत होते हैं, जो ठेकेदार

[22] 14 परियोजनाओं में पी.ए.सी. ₹ 14,510.20 करोड़ था और निविदत्त मूल्य ₹ 13,786.70 था (निविदत्त मूल्य पी. ए. सी. की तुलना में 0.2 प्रतिशत और 12 प्रतिशत के बीच था)।

को बढ़ी हुई पी.ए.सी. के आधार पर बोली लगाने और वास्तविकता (अनुमान नहीं) के अनुसार काम करने और वित्तीय अधिशेष को बनाए रखने की अनुमति देते हैं क्योंकि प्रत्येक मद का कोई माप नहीं है। इसके अलावा, एम.पी.डब्ल्यू.डी. नियमावली में अनुमान तैयार करते समय विस्तृत सर्वेक्षण करने का प्रावधान है। विस्तृत सर्वेक्षणों के अभाव में तैयार किए गए अनुमान वास्तविक नहीं थे और इसलिए मूल्य की खोज आधारिक वास्तविकताओं पर आधारित नहीं थी।

2.1.5.2 सीडब्ल्यूसी/ केंद्रीय डिजाइन संगठन से डीपीआर का अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) द्वारा जारी सिंचाई और बहुउद्देशीय परियोजनाओं की प्रस्तुति, मूल्यांकन और स्वीकृति के लिए दिशानिर्देश, 2017 अंतर-राज्यीय नदियों या उनकी सहायक नदियों पर वृहद[23], मध्यम[24] सिंचाई और बहुउद्देशीय परियोजनाओं पर लागू होते हैं। इसके अलावा, समान परियोजना शीर्षक के अंतर्गत वृहद, मध्यम, लघु उप-परियोजनाओं की संख्या के समूह के हिस्से के रूप में प्रस्तुत वृहद उप-परियोजनाओं को अलग वृहद परियोजनाओं के रूप में मूल्यांकन किया जाएगा, जबकि मध्यम उप-परियोजनाओं को सभी मध्यम उप-परियोजनाओं के सीसीए के संचयी योग के आधार पर "वृहद परियोजनाओं की समतुल्य संख्या" के रूप में माना जाएगा और तदनुसार ऐसी परियोजनाओं के मूल्यांकन की समयसीमा को उचित रूप से संशोधित किया जाएगा। ऐसी एकत्रित परियोजनाओं की लघु उप-परियोजनाओं के मामले में, तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति तकनीकी सलाहकार समिति (टी.ए.सी.) द्वारा दी जाएगी और सीडब्ल्यूसी में कोई अलग मूल्यांकन नहीं किया जाएगा । प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट (पी.एफ.आर.), डी.पी.आर., पुनरीक्षित लागत प्राक्कलन (आर.सी.ई.) और निवेश मंजूरी प्रस्ताव परियोजना प्राधिकरण द्वारा सीडब्ल्यूसी को सीडब्ल्यूसी वेबसाइट पर वेब-सक्षम प्रणाली के माध्यम से ही प्रस्तुत किए जाएंगे। जहां तक सीडब्ल्यूसी द्वारा मान्यता प्राप्त केंद्रीय डिजाइन संगठन (सी.डी.ओ.) वाले राज्यों का संबंध है, उन्हें निर्धारित प्रोफार्मा में एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह दर्शाया जाएगा कि राज्य डब्ल्यू.आर.डी. के अंतर्गत सी.डी.ओ. द्वारा नियोजन और डिजाइन/सुरक्षा पहलुओं की जांच की गई है, जिसमें बीआईएस कोड की सूची शामिल है। सी.डब्ल्यू.सी. द्वारा परियोजना का परीक्षण सामान्यत: अंतर-राज्यीय पहलुओं, बुनियादी योजना, जल विज्ञान और आर्थिक व्यवहार्यता तक ही सीमित होगी।

यह देखा गया कि 18 चयनित परियोजनाओं में से 10 वृहद[25] और चार मध्यम परियोजनाओं[26] के लिए ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत विस्तृत डिजाइन या विभाग द्वारा तैयार किए गए अनुमानों पर सीडब्ल्यूसी या राज्य के केंद्रीय डिजाइन संगठन (सीडीओ) की अपेक्षित स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई थी।

विभाग ने नर्मदा, झाबुआ, पेटलावद, थांदला, सरदारपुर (एनजेपीटीएस) और इंदिरा सागर परियोजना (आईएसपी) - कालीसिंध (चरण-I) के मामलों में बताया (जनवरी 2025) कि पानी क्रमशः मौजूदा सरदार सरोवर बांध और आईएसपी बांध से उठाया जा रहा है, जो आवंटित नर्मदा जल 18.25 एमएएफ के भीतर है और डिजाइन की जाँच आईआईएससी/आईआईटी द्वारा की जाती है। चूँकि कार्य टर्न-की आधार पर दिए जाते हैं, इसलिए सीडब्ल्यूसी/केंद्रीय डिजाइन संगठन से अनुमोदन की कोई आवश्यकता नहीं है।

---

23 कमांड क्षेत्र 10,000 हेक्टेयर से अधिक।

24 कमांड क्षेत्र 2,000 हेक्टेयर और 10,000 हेक्टेयर के बीच।

25 छैनगांवमाखन, नागलवाड़ी, पिपरी, छीपानेर, आईएसपी-पार्वती चरण-III और IV, किलोद, अलीराजपुर, एनजेपीटीएस, आईएसपी-कालीसिंध चरण-I और नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना।

26 पाटी, हरसूद, कोदवार और बलवाड़ा।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि सीडीओ प्रमाणपत्र जो प्राप्त किए जाने थे (क्योंकि मध्य प्रदेश में एक सीडीओ है) और परियोजनाओं की आर्थिक व्यवहार्यता का मूल्यांकन सीडब्ल्यूसी द्वारा किया जाना था जैसा कि दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक था, जो इन उद्धरित मामलों में प्राप्त नहीं किए गए थे।

2.1.5.3 माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं के लिए बिजली आपूर्ति व्यवस्था

पाइप सिंचाई नेटवर्क[27] की योजना और डिजाइन के लिए दिशानिर्देशों की धारा 7.2 में निर्दिष्ट किया गया है कि पंप के प्रकार का निर्णय ऊर्जा के उपलब्ध स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, विद्युत शक्ति, डीजल ऊर्जा आदि के आधार पर किया जा सकता है। जिन क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में सौर ऊर्जा उपलब्ध है, वहां सौर ऊर्जा चालित पंप, सौर पंपिंग को प्राथमिकता दी जा सकती है।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि 18 चयनित एम.आई.पी. में से दो[28] में एन.वी.डी.ए. ने डीपीआर चरण में सौर ऊर्जा संयंत्रों की योजना बनाई थी, लेकिन उसने संयंत्रों का निर्माण नहीं किया था, विवरण नीचे **तालिका 2.4** में दिया गया है:

तालिका 2.4: सौर संयंत्र के लिए प्रावधान का विवरण

एम.आई.पी. का नाम	प्रावधान राशि ₹ करोड़ में	मेगावाट में नियोजित बिजली
छैगांवमाखन	204.00	34
हरसूद	डीपीआर में राशि प्रावधानित नहीं थी	3.08

इस प्रकार, एम.आई.पी. में सौर ऊर्जा संयंत्रों को लागू करने की विभाग की योजना ठोस नहीं थी, क्योंकि सौर ऊर्जा स्रोत की स्थापना से विभाग को बिजली का आसान और सस्ता स्रोत मिल सकता था। स्वीकृत डीपीआर से विचलन के कारण, विभाग को पंपिंग लागत से देय बिजली बिलों के रूप में आवर्ती लागत[29] वहन करना पड़ रहा है।

अनुमोदित डीपीआर से विचलन के कारण अभिलेखों में नहीं थे।

एनडी संभाग 13, खंडवा के कार्यपालन यंत्री ने अपने उत्तर में (जून 2023) बताया कि सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना का कार्य (छैगांवमाखन एम.आई.पी. के लिए) एन.वी.डी.ए. की ऊर्जा शाखा द्वारा अलग से किया जाना था। इसलिए, संभाग द्वारा सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना हेतु तकनीकी स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई थी। एनडी संभाग 25 (हरसूद एम.आई.पी. के लिए) के कार्यपालन यंत्री ने (अगस्त 2023) बताया कि डीपीआर में सौर संयंत्र का प्रावधान था, लेकिन निविदा आमंत्रित करते समय, कार्य के क्षेत्र में सौर संयंत्र का प्रावधान नहीं किया गया था।

उत्तर इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि विभाग के शीर्ष स्तर पर समन्वित दृष्टिकोण में कमी थी। स्वीकृत डीपीआर से किसी भी विचलन को प्रबंधन द्वारा विनियमित और निगरानी किया जाना है, लेकिन यह तथ्य कि तकनीकी स्वीकृतियाँ यह सत्यापित किए बिना दी गईं कि डीपीआर में उल्लिखित कार्य का क्षेत्र वास्तविक कार्यक्षेत्र (निविदाओं के अनुसार) के अनुरूप है या नहीं, यह दर्शाता है कि प्रबंधन स्तर पर पर्यवेक्षण और जाँच (निविदा के लिए) का अभाव है। ऐसी स्थिति में, लेखापरीक्षा इस बात का पर्याप्त आश्वासन प्राप्त करने में असमर्थ है कि अंतिम निविदाकृत कार्य स्वीकृत डीपीआर के अनुरूप थे। स्वीकृत डीपीआर और वास्तव में निष्पादित कार्य के बीच विचलन को अनुवर्ती कंडिकाओं में प्रकट किया गया है।

---

27 केन्द्रीय जल आयोग द्वारा जारी किया गया।

28 छैगांव माखन लिफ्ट सिंचाई योजना और हरसूद लिफ्ट सिंचाई परियोजना।

29 एनवीडीए ने छैगांव माखन एम.आई.पी. के मामले में बिजली बिलों के कारण फरवरी 2021 से अक्टूबर 2023 तक की अवधि के लिए ₹ 19.27 करोड़ की राशि का भुगतान किया।

2.1.5.4 बजट/ वित्तीय प्रबंधन

मध्य प्रदेश वित्तीय संहिता के नियम 13 के अनुसार, शासन द्वारा देय धनराशि के भुगतान में निर्विवाद रूप से विलंब, नियमों और बजटीय सिद्धांतों के विरूद्ध है एवं इससे बचना चाहिए। नियम 14 में आगे कहा गया है कि सभी उपगत व्यय एक बार ही चुकाए जाने चाहिए और किसी भी परिस्थिति में उन्हें किसी अन्य वर्ष के विनियोग से भुगतान के लिए स्थगित नहीं रखा जा सकता। यदि संभव हो, तो व्यय को तब तक स्थगित रखा जाएगा जब तक कि नया बजट तैयार करके प्रावधान करने का अवसर न मिल जाए और उस बजट की स्वीकृति न मिल जाए।

यह पाया गया कि आठ अनुबंधों में, कार्यों और बिजली शुल्क के लिए ₹ 2,751.53 करोड़ का भुगतान धन की कमी के कारण रोक दिया गया था, जिसे बाद में धन की उपलब्धता के आधार पर जारी किया गया था। विवरण नीचे दर्शाया गया है।

स.क्र.	एम.आई.पी.	₹ करोड में	विवरण
1	एनजेपीटीएस	911.46	कार्य
2	पाटी	4.15	कार्य
3	आई. एस. पी.-कलीसिंध चरण-1	1,675.92	कार्य
4	पीपरी	129.95	कार्य
5	अलीराजपुर	21.06	विद्युत देयक
6	छैगांवमाखन	4.21	विद्युत देयक
7	समूह एम.आई.पी.	3.73	विद्युत देयक
8	हरसूद	1.05	विद्युत देयक
	कुल	**2,751.53**	

यह इंगित करता है कि एन.वी.डी.ए. ने अपने वित्तीय लक्ष्यों की ठीक से योजना नहीं बनाई क्योंकि उस अवधि में देय सभी भुगतानों/ देनदारियों का उचित मूल्यांकन किया जाना चाहिए था और यह सुनिश्चित करने के लिए कि धन का प्रवाह सुचारू और नियमित था, वित्त विभाग, मध्य प्रदेश शासन के साथ नियमित और घनिष्ठ समन्वय होना चाहिए था। ऐसी स्थिति में, परियोजनाओं के निष्पादन में देरी या बकाया के भुगतान में देरी पर ठेकेदारों द्वारा कार्यों को छोड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। विद्युत शुल्क जैसे अनिवार्य बकाया के भुगतान में और विलंब से विभाग पर ब्याज, विलंब शुल्क आदि के रूप में अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

विभाग ने बजट नियंत्रण अधिकारी स्तर पर धन की कमी को स्वीकार किया (जनवरी 2025)।

यह अनुशंसा की जाती है कि विभाग को अपने बजट/ व्यय देनदारियों का उचित मूल्यांकन करना चाहिए तथा समय पर धनराशि जारी करने के लिए वित्त विभाग के साथ समन्वय करना चाहिए।

2.1.5.5 पाइप वितरण नेटवर्क की योजना

पाइप सिंचाई नेटवर्क के लिए केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, जल संग्रहण टैंक से हाइड्रेंट/आउटलेट तक जल परिवहन के लिए एचडीपीई (उच्च घनत्व पॉलीएथिलीन) या किसी अन्य सामग्री की पाइपलाइन का उपयोग किया गया है। एन.वी.डी.ए. ने वितरण प्रणाली के लिए एच.डी.पी.ई. पाइप नेटवर्क को अपनाया। पाइप सिंचाई नेटवर्क के डिजाइन से संबंधित निम्नलिखित मुद्दों को अवलोकित किया गया:

➢ आउटलेट पर पानी का अपर्याप्त दबाव

पाइप सिंचाई नेटवर्क की योजना और डिजाइन के लिए सीडब्ल्यूसी दिशानिर्देश[30], पैराग्राफ 11.8, जिसका शीर्षक "हाइड्रेंट/आउटलेट असेंबली" है, निर्दिष्ट करता है कि प्रत्येक हाइड्रेंट/आउटलेट को 2.5 किग्रा/सेमी^{2} से 03 किग्रा/सेमी^{2} का न्यूनतम जल दबाव बनाए रखना चाहिए ताकि स्प्रिंकलर और ड्रिप माइक्रो सिंचाई प्रणालियों दोनों को संचालित किया जा सके।

यह देखा गया (दिसंबर 2023), कि 12 पूर्ण और छह चल रही माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं के मामले में, अनुबंधों में कार्यों के क्षेत्र में अनुशंसित न्यूनतम 2.5-3 कि.ग्रा./से.मी.^{2} के स्थान पर आवश्यक न्यूनतम दबाव 2.0 कि.ग्रा./से.मी.^{2} से 2.3 कि.ग्रा./से.मी.^{2} निर्धारित किया गया था, जिससे ड्रिप और स्प्रिंकलर माइक्रो सिंचाई प्रौद्योगिकियों की आधारित प्रभावशीलता को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। स्प्रिंकलर प्रणालियों के लिए, कम दबाव प्रक्षेपण त्रिज्या को कम कर सकता है, जिससे सूखे धब्बों के साथ असमान आच्छादन, अत्यधिक अपवाह और समग्र सिंचाई दक्षता में कमी आ सकती है। ड्रिप सिस्टम के मामले में, अपर्याप्त दबाव से उत्सर्जकों के माध्यम से प्रवाह दर कम हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप असंगत पानी, सूखे धब्बे और संभावित कम सिंचाई होती है जो पौधे की जड़ों को सटीक नमी देने में विफल हो सकती है। ये सामूहिक रूप से निरंतर जल उपलब्धता को कमजोर करते हैं, संभावित रूप से फसल की पैदावार को कम करते हैं, परिचालन लागत में वृद्धि करते हैं और कृषि क्षेत्रों में कुशल संसाधन उपयोग के लिए माइक्रो सिंचाई के लाभों को नकारते हैं।

सदस्य (अभियांत्रिकी) ने बताया (दिसंबर 2023) कि दाबयुक्त माइक्रो सिंचाई प्रणाली के कार्यान्वयन हेतु मुख्य अभियंता (ई-इन-सी) जल संसाधन विभाग, भोपाल, मध्य प्रदेश शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, एम.आई.पी. को आउटलेट पर 1.96 किग्रा/सेमी^{2} (20 मीटर का हेड[31]) दाब के साथ डिजाइन किया जा सकता है। सभी दाबयुक्त माइक्रो सिंचाई प्रणालियाँ एन.वी.डी.ए. और जल संसाधन विभाग दोनों में एक साथ अपनाई गई हैं, जो मानदंडों और अपनाए गए मानकों के अनुसार हैं।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि सी.डब्ल्यू.सी. के मानदंडों का पालन नहीं किया गया था, और ई-इन-सी द्वारा जारी आदेश में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि 2.0 किग्रा/सेमी^{2} से 2.3 किग्रा/सेमी^{2} जल दाब पर ड्रिप और स्प्रिंकलर का संचालन कैसे संभव था, जबकि यह सी.डब्ल्यू.सी. द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदंडों से भी कम था। यह अनुमान लगाया जा सकता है कि मुख्य अभियंता ने, अनुबंधों के अनुसार कार्यों के दायरे को मंजूरी देते हुए, सी.डब्ल्यू.सी.के दिशानिर्देशों का पालन करने में विफलता दिखाई।

➢ दोषपूर्ण डिजाइन के परिणामस्वरूप आवश्यकता से कम पानी की आपूर्ति

प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग द्वारा दिसंबर 2016 में जारी निर्देशों (दबावयुक्त माइक्रो सिंचाई प्रणाली के डिजाइन के संबंध में) के अनुसार, रबी फसलों के लिए डिजाइन को 0.35 लीटर प्रति सेकंड (एलपीएस) प्रति हेक्टेयर से कम नहीं होना चाहिए।

---

[30] जुलाई 2017 में केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी), जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित।

[31] हेड पानी के स्तंभ की ऊंचाई के संदर्भ में दबाव को व्यक्त करने का एक तरीका है जो किलोग्राम/सेमी^{2} के समान दबाव उत्पन्न करेगा। रूपांतरण के लिए, 1 मीटर हेड ≈ किलोग्राम/सेमी^{2} X 10.2

यह देखा गया कि निम्नलिखित परियोजनाओं के अनुमान 18 चयनित एम.आई.पी. में से चार में कम बहाव के साथ पानी की आपूर्ति के साथ तैयार किए गए थे, जैसा कि नीचे **तालिका 2.5** में विस्तृत रूप से दर्शाया गया है:

तालिका 2.5: एलपीएस में डिजाइन की गई आपूर्ति का परियोजनावार विवरण

एम.आई.पी. का नाम	कमान क्षेत्र हेक्टेयर में	एलपीएस में डिजाइन की गई आपूर्ति	कमान क्षेत्र[32] में कमी
नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना (एनकेएमपी)	30,000	0.333	1,457
आईएसपी-कालीसिंध चरण-I	1,00,000	0.3204	8,457
बलवाड़ा	5,000	0.259	1,300
आईएसपी-पार्वती चरण III और IV	1,00,000	0.3204	8,457

इस प्रकार, अपर्याप्त डिजाइन के कारण एम.आई.पी. के कमान क्षेत्र में पानी की उपलब्धता कम हो गई, जिससे प्रभावी रूप से कमान क्षेत्र 19,671 हेक्टेयर से कम हो गया।

कार्यपालन यंत्रियों ने अपने उत्तरों (जुलाई 2023 से अगस्त 2023) में बताया कि:

- एन.के.एम.पी. में, परियोजना विशिष्टियों, आवश्यकता और अनुमोदित डीपीआर के अनुसार, परियोजना को 30,000 हेक्टेयर के सीसीए के लिए डिजाइन किया गया था, जिसमें जल उपलब्ध कराने के लिए प्रति हेक्टेयर 0.333 लीटर प्रति सेकंड की ड्यूटी थी।
- बलवाड़ा एम.आई.पी. में, डीपीआर तैयार करते समय परियोजना क्षेत्र की फसल जल आवश्यकता के अनुसार 0.259 लीटर प्रति सेकंड प्रति हेक्टेयर के स्थान पर 0.33 लीटर प्रति सेकंड प्रति हेक्टेयर के बहाब को अपनाया गया।
- आईएसपी-पार्वती चरण III और IV में, प्रति हेक्टेयर जल का बहाव सिंचित क्षेत्र की मिट्टी संरचना के अनुसार 0.3204 लीटर प्रति सेकंड प्रति हेक्टेयर निर्धारित किया गया था और यह सिंचित क्षेत्र के लिए पर्याप्त/उपयुक्त था।

संभागों का यह दावा कि दाबानुकूलित माइक्रो सिंचाई प्रणालियों में रबी फसलों के लिए 0.259-0.333 एलपीएस/हेक्टेयर की कम डिजाइन प्रवाह दर प्रमुख अभियंता के 2016 के निर्देश के साथ-साथ सिंचाई इंजीनियरिंग सिद्धांतों दोनों के विपरीत है। प्रमुख अभियंता के 2016 के निर्देश में रबी फसलों के लिए न्यूनतम 0.35 एल.पी.एस./हेक्टेयर अनिवार्य किया गया है ताकि पर्याप्त जल वितरण, संचरण नुकसान (वाष्पीकरण), प्रणाली दक्षता आदि का लेखा-जोखा सुनिश्चित किया जा सके। इस सीमा से नीचे विचलन होने से सिंचाई प्रणाली के खराब प्रदर्शन का खतरा है क्योंकि 0.35 एल.पी.एस./हेक्टेयर से कम पानी का बहाव पर्याप्त पानी नहीं दे सकता है, जिससे फसल का विकास खराब हो सकता है और समय और संसाधनों का अक्षम उपयोग हो सकता है।

2.1.5.6 अवास्तविक लाभ लागत अनुपात

लाभ लागत (बी.सी.) अनुपात, सिंचाई के कारण होने वाले वार्षिक अतिरिक्त लाभ और उन लाभों को प्रदान करने की वार्षिक लागत का अनुपात है। यह परियोजना के कुल नकद लाभ को परियोजना की कुल नकद लागत से विभाजित करके निर्धारित किया जाता है। बीसी अनुपात की गणना डीपीआर में शामिल की जाती है, क्योंकि यह किसी सिंचाई परियोजना

[32] यदि एम.आई.पी. को प्रावधानों के अनुसार और अन्य कारकों जैसे पानी की उपलब्धता आदि को अपरिवर्तित रखते हुए 0.35 लीटर प्रति सेकंड की दर से पानी के लिए डिजाइन किया जाए।

की आर्थिक व्यवहार्यता निर्धारित करने के लिए एक आवश्यक आवश्यकता है। सिंचाई और बहुउद्देशीय परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करने के दिशानिर्देशों के अनुसार, सूखा प्रभावित क्षेत्रों में ऐसी परियोजनाओं के अनुमोदन के लिए न्यूनतम बी.सी. अनुपात एक (खर्च किए गए प्रत्येक ₹ एक पर ₹ एक की कमाई) और अन्य क्षेत्रों में यह 1.5 (खर्च किए गए प्रत्येक ₹ एक पर ₹ 1.50 की कमाई) था।

यह देखा गया कि विभाग ने परियोजनाओं की व्यवहार्यता को उचित ठहराने के लिए बी.सी. अनुपात की गणना करते समय यथार्थवादी वार्षिक ओ एंड एम प्रभारों और बिजली प्रभारों पर व्यय को ध्यान में नहीं रखा, जिसके परिणामस्वरूप बी.सी. अनुपात की त्रुटिपूर्ण गणना हुई, जैसा कि नीचे **तालिका 2.6** में विस्तृत रूप से दर्शाया गया है:

तालिका 2.6: परियोजनावार लाभ लागत अनुपात का विवरण

(राशि ₹ लाख में)

एम.आई.पी. का नाम	वार्षिक लाभ	वार्षिक लागत	लेखापरीक्षा के अनुसार वार्षिक लागत	विभाग के अनुसार बीसी अनुपात	लेखापरीक्षा के अनुसार बी.सी. अनुपात
नर्मदा झाबुआ पेटलाबाद थांदला सरदारपुर माइक्रो एलआईएस (सूखा प्रभावित क्षेत्र)	43,953	36,286.9	54,628.9	1.21	0.8
आईएसपी-कालीसिंध माइक्रो एलआईएस-चरण-I (अन्य क्षेत्र)	1,10,586	57,003.3	86,512.2	1.94	1.28
नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना (अन्य क्षेत्र)	72,450.2	37,247.4	52,154.3	1.95	1.39

(स्रोत: डीपीआर और ऑडिट का विश्लेषण)

लेखापरीक्षा द्वारा निर्धारित वास्तविक लागतों और यथार्थ बी.सी. अनुपात के आधार पर, तीन एम.आई.पी. वित्तीय रूप से व्यवहार्य नहीं थे। इसलिए, लागत और अपेक्षित लाभों का पर्याप्त आकलन किए बिना इतनी बड़ी परियोजनाओं (कुल लागत ₹ 6,363.96 करोड़[33]) को शुरू करने से, विशेष रूप से बिजली शुल्क और संचालन एवं रखरखाव पर होने वाली भारी आवर्ती लागतों को देखते हुए, इन एम.आई.पी. के निरंतर संचालन और भविष्य की व्यवहार्यता पर गंभीर संदेह पैदा होता है।

विभाग ने निर्गम सम्मेलन (जनवरी 2025) में कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में विद्युत प्रभारों को नहीं अपनाया जा सकता क्योंकि वे बदलते रहते हैं। इसके अलावा, बीसी अनुपात कमान क्षेत्र के स्थान और ऊँचाई के अनुसार बदलता रहता है।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि परियोजनाओं को शुरू करने के लिए परियोजनाओं के लिए एक वास्तविक आधार पर पहुंचने के लिए सभी कारक ध्यान में रखते हुए बी.सी. अनुपात की गणना की जानी चाहिए थी। जिन बड़े पैमाने के आर्थिक परियोजनाओं में सार्वजनिक धन का महत्वपूर्ण निवेश होता है, उनके लिए 1.5 से कम का बीसी (BC) अनुपात पर्याप्त नहीं होता, क्योंकि यह उचित प्रतिफल सुनिश्चित नहीं कर पाता और न ही लागत बढ़ने तथा बाद में लाभ कम होने की स्थिति में किसी प्रकार का सुरक्षा-आवरण प्रदान कर सकता है। ऊपर उल्लिखित तीन परियोजनाएं सीमा को पूरा करने में विफल रहीं। इस प्रकार, अनुकूल बीसी (BC) अनुपात दिखाने के लिए कम लागत का उपयोग करके भारी आर्थिक लागत/पूंजीगत व्यय को उचित ठहराने का प्रयास वित्तीय रूप से विवेकपूर्ण नहीं था।

[33] एनजेपीटीएस: ₹ 1,699.83 करोड़, आईएसपी- कालीसिंध चरण-I: ₹ 2,807.43 करोड़ और एनकेएमपी: ₹ 1,856.70

2.1.6 कार्यान्वयन

2.1.6.1 एम.आई.पी. के कार्यान्वयन में विलंब

आईएसपी-पार्वती चरण- III और IV के पंप हाउस का दृश्य

एन.वी.डी.ए. ने टर्न-की आधार पर एम.आई.पी. के सभी कार्यों को सौंपा था। टर्न-की अनुबंध की धारा 115 के अनुसार, अनुबंध की शर्तों की धारा 71.1 के संदर्भ में ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत कार्य कार्यक्रम की निगरानी, विभाग द्वारा सहमत और परिशिष्ट-एफ4 में दिए गए माइलस्टोन के अनुरूप हर छह महीने में की जाएगी। संबंधित छह महीने के स्लैब के लिए काम की वित्तीय प्रगति में 10 प्रतिशत से अधिक की कमी की स्थिति में, इस तरह की देरी के लिए ठेकेदार पर प्रारंभिक अनुबंध मूल्य के 0.2 प्रतिशत प्रति सप्ताह की दर से जुर्माना लगाया जाएगा। यह जुर्माना कार्यक्रम की समीक्षा और पुनर्निर्धारण या निविदा दस्तावेज़ में कहीं और बताए गए कार्यक्रम और/या नकदी प्रवाह के अद्यतन के बावजूद लगाया जाएगा। हालांकि, संचयी जुर्माना अनुबंध मूल्य के 10 प्रतिशत तक सीमित होगा।

टर्न-की अनुबंध के कार्य में सर्वेक्षण, जांच, रूपांकन करना, ड्राइंग, खरीद, निर्माण, लेईंग, स्थापना आदि से शुरू होने वाली सभी गतिविधियाँ सम्मिलित थीं। निर्माण सुविधाओं के निर्माण और बुनियादी ढांचे के काम, आवश्यक पूर्व-निर्माण सर्वेक्षण, जांच, मिट्टी की जांच पड़ताल, डिजाइन और इंजीनियरिंग निर्माण कार्य आदि के लिए आवश्यक समय सहित परियोजना को पूरा करने का समय, अनुबंध की तिथि से वर्षाकाल सहित 24 से 48 महीने से अधिक नहीं होगा। पूर्ण होने की निर्धारित अवधि अनुबंध का मुख्य सार है और इसका दृढता से पालन किया जाएगा। इसके अलावा, समझौते की शर्तों (अनुबंध की विशेष शर्तों की धारा-IV का पैरा 4.8) के अनुसार, वन भूमि की मंजूरी, पर्यावरण मंजूरी और भूमि अधिग्रहण में विलंब के लिए टर्न-की एजेंसी को उत्तरदायी ठहराया जाएगा।

यह देखा गया कि 18 परियोजनाओं (14 अनुबंध[34]) में से एक परियोजना (एक अनुबंध)[35] निर्धारित समय के भीतर पूरी हो गई और दो परियोजनाएँ (दो अनुबंध)[36] प्रगति पर हैं और निर्धारित समय सीमा के भीतर चल रही हैं। शेष 15 परियोजनाओं (11 अनुबंध) में से, आठ परियोजनाएँ (चार अनुबंध) 15 से 41 माहों के विलंब से पूर्ण हुईं और सात चल रहीं परियोजनाएँ (सात अनुबंध) निर्धारित समय सीमा से अंतिम समय वृद्धि की अंतिम तिथि तक 17 से 34 माह के विलंब से चल रही थी। विवरण **परिशिष्ट 2.4** में दर्शाया गया है।

यह देखा गया (अक्टूबर 2023) कि विभाग ने अनुबंधों की शर्तों के अनुसार ठेकेदारों की ओर से विलंब के कारण कोई शास्ति अधिरोपित नहीं की थी। कोविड महामारी के कारण वर्ष 2020 और 2021 के लिए प्रत्येक के लिए 17 सप्ताह के

[34] समूह एम.आई.एस. में पांच परियोजनाएं सम्मिलित हैं।
[35] बलवाड़ा एम.आई.पी.।
[36] आईएसपी पार्वती चरण-III और IV तथा पिपरी एम.आई.पी.।

विलंब का प्रावधान करने के बाद, परियोजनाओं को पूर्ण करने में विलंब के लिए शास्ति[37] नीचे दिए गए विवरण के अनुसार ₹ 818.14 करोड़ आंकलित होती है:

परियोजना की स्थिति	परियोजनाओं की कुल संख्या (अनुबंधों की संख्या)	विलंबों के साथ परियोजनाओं की संख्या (अनुबंधों की संख्या)	विलंब की अवधि माहों में	उद्ग्रहणीय शास्ति
पूर्ण	09 (05)	08 (04)	15-41	163.48
चल रहीं	09 (09)	07 (07)	17-34	654.66
योग	**18 (14)**	**15 (11)**		**818.14**

सदस्य (अभियांत्रिकी) ने बताया (अक्टूबर 2023) कि परियोजनाओं के समय विस्तार को सक्षम प्राधिकारी (एन.वी.डी.ए./ एन.सी.बी.) द्वारा वन और पर्यावरण मंजूरी, भूमि अधिग्रहण, धन की कमी, फसल मुआवजा और कोविड महामारी आदि के कारणों/समस्याओं/ के साथ उचित आधारों के साथ अनुमोदित किया गया था।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि अनुबंधों के लिए कार्य के क्षेत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि ठेकेदार को निर्धारित पूर्णता अवधि के भीतर अनापत्तियां प्राप्त कर लेनी थी और ठेकेदार अनुबंधों के प्रावधानों के अनुसार बिना किसी निर्भरता के कार्य करने के लिए सहमत हुए थे। इस प्रकार, भूमि अधिग्रहण, सर्वेक्षण, जांच, ड्राइंग, डिजाइन, अनुमान आदि के कारण मंजूरी में विलंब, सभी टर्नकी एजेंसी के कारण थे। इसलिए, विभाग द्वारा ठेकेदारों को उल्लिखित कारणों से अनुमत किए गए विलंब उचित नहीं थे।

प्रकरण शासन को अगस्त 2024 में इंगित किया गया था; उनका उत्तर प्रतीक्षित था (जनवरी 2025)।

2.1.6.2 मानक बोली दस्तावेजों को न अपनाना

मध्य प्रदेश वित्तीय संहिता के नियम 21 के अनुसार, राज्य की संचित निधि से व्यय से संबंधित संविदा प्राधिकारियों के मार्गदर्शन हेतु सिद्धांत निर्धारित किए गए हैं। संविदा की शर्तें संक्षिप्त और स्पष्ट होनी चाहिए, और उनमें अस्पष्टता की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए ताकि उनका गलत अर्थ न निकाला जा सके। संविदा के लिए मानक प्रारूप अपनाए जा सकते हैं और शर्तों का यथासंभव पूर्णतः पूर्व-परीक्षण किया जाना चाहिए। ऐसे संविदा जिनकी शर्तें अनिश्चित या अपूर्ण हों, वित्त विभाग और विधि विभाग की सहमति के बिना नहीं किए जाने चाहिए।

विभाग ने एम.आई.पी. के निष्पादन के लिए मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी) को नहीं अपनाया। परिणामस्वरूप, नौ अनुबंधों में निविदा खुलने की तिथि से 28 दिन पहले के सूचकांकों को अपनाने का प्रावधान था और पाँच अनुबंधों में अनुबंध पर हस्ताक्षर के 180 दिन बाद के सूचकांकों को अपनाने का प्रावधान था। अनुबंधों में थोक मूल्य सूचकांक के सूचकांक भी भिन्न थे, एक ही कार्य के लिए अलग-अलग घटक दिए गए थे, और उनके प्रतिशत भी भिन्न थे। इस प्रकार, एकरूपता नहीं थी और परिणामस्वरूप मूल्य समायोजन के कारण अधिक भुगतान हुआ, जैसा कि आगे की कंडिकाओं में चर्चा की गई है।

विभाग ने निर्गम सम्मेलन (जनवरी 2025) में बताए गए तथ्यों को स्वीकार करते हुए कहा कि वर्तमान में एसबीडी को अपनाया जा रहा है तथा जारी की जा रही सभी नई निविदाओं में मूल्य समायोजन के प्रावधान समान हैं।

[37] प्रति सप्ताह विलंब की अनुबंध मूल्य के 0.2 प्रतिशत पर गणना अनुबंध मूल्य के अधिकतम 10 प्रतिशत तक सीमित करते हुए की गई।

2.1.6.3 मूल्य समायोजन के कारण अधिक भुगतान

अनुबंधों में आर्थिक सलाहकार, श्रम ब्यूरो के सूचकांकों और हाई-स्पीड डीज़ल की दरों के आधार पर मूल्य समायोजन के भुगतान का प्रावधान था। मूल्य समायोजन की गणना माह/तिमाही के दौरान किए गए कार्य के कुल मूल्य पर आधारित थी। विभिन्न कारणों से मूल्य समायोजन के भुगतान के कारण अधिक भुगतान से संबंधित अवलोकनों की चर्चा नीचे की गई है:

I. त्रुटिपूर्ण आधार दर अपनाना

निर्माण विभाग के नियमावली में प्रावधान था कि आधार दर उस माह की सूचकांक संख्या/ दर होनी चाहिए जिसमें निविदाएं खोली गई थीं।

➢ **समूह एम.आई.पी. (बोलियों की प्राप्ति की तिथि: 20 मई 2018)**

समूह एम.आई.पी. के लिए अनुबंध में पांच एम.आई.पी. का निष्पादन शामिल था, अर्थात् भुरले (1,014 हेक्टेयर), पामाखेड़ी (1,080 हेक्टेयर), पुनासा एक्सटेंशन (975 हेक्टेयर), कोडवार (3,660 हेक्टेयर) और किल्लोद (10,000 हेक्टेयर) एम.आई.पी., जो अलग-अलग स्थानों पर स्थित थे।

मूल्य समायोजन की गणना के लिए आधार दर जुलाई 2018 के बजाय अप्रैल 2018 के महीने के लिए ली गई थी क्योंकि वित्तीय बोली जुलाई 2018 में खोली गई थी। परिणामस्वरूप, विभाग ने ₹ 6.48 करोड़ का अधिक भुगतान किया।

➢ **आईएसपी कालीसिंध चरण- I (बोलियों की प्राप्ति की तिथि: 30 मार्च 2018)**

मूल्य समायोजन की गणना के लिए तकनीकी बोली खुलने की तिथि से 28 दिन पहले, यानी मार्च 2018 माह के लिए आधार दर ली गई थी। लेकिन इसकी गणना अप्रैल 2018 की आधार दर को ध्यान में रखकर की जानी थी, जिसमें वित्तीय बोली खोली गई थी। परिणामस्वरूप, आधार सूचकांक की गलत तिथि के कारण विभाग ने ₹ 14.89 करोड़ का अधिक भुगतान किया।

➢ **नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना (बोलियों की प्राप्ति की तिथि: 20 मई 2018)**

मूल्य समायोजन की गणना के लिए तकनीकी बोली खुलने की तिथि से 28 दिन पहले, यानी अप्रैल 2018 माह के लिए आधार दर ली गई थी। लेकिन, मूल्य समायोजन की गणना मई 2018, जिसमें वित्तीय बोली खोली गई थी, की आधार दर को ध्यान में रखकर की जानी थी, इसलिए विभाग ने ₹ 11.46 करोड़ का अधिक भुगतान कर दिया।

कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास (एन.डी.) संभाग 25 (समूह एम.आई.पी. के लिए), कार्यपालन यंत्री एन.डी. संभाग 32, बडवाह (आई.एस.पी. कालीसिंध चरण-1 के लिए) और विभाग (नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना के लिए) ने बताया (जून 2023 और जनवरी 2025 के मध्य) कि आधार दर, समझौते के प्रावधानों के अनुसार ली गई थी, इसलिए कोई अधिक भुगतान नहीं किया गया था।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि मूल्य समायोजन के भुगतान के लिए अनुबंधों के प्रावधान एमपीडब्ल्यूडी नियमावली के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं एवं ये इस प्रकार उस सीमा तक त्रुटिपूर्ण थे।

II. त्रुटिपूर्ण लिंकिंग फेक्टर को अपनाना

एन.वी.डी.ए. द्वारा अपनाए गए टर्न-की अनुबंधों में, निर्धारित सूत्र के अनुसार मूल्य समायोजन के भुगतान हेतु आर्थिक सलाहकार द्वारा प्रकाशित सूचकांकों के उपयोग का प्रावधान किया गया था। भारत सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय ने (मई 2017) पिछले आधार वर्ष की पुरानी श्रृंखला को बाद के आधार वर्षों की नई श्रृंखला से बदल दिया। थोक मूल्य सूचकांक पर समय श्रृंखला आँकड़ों में निरंतरता बनाए रखने के लिए, आर्थिक सलाहकार[38] द्वारा एक लिंकिंग फेक्टर भी प्रकाशित किया जाता है। आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा प्रदान किया गया लिंकिंग फेक्टर नीचे **तालिका 2.7** में दिया गया है:

तालिका 2.7: आर्थिक सलाहकार कार्यालय द्वारा प्रदान किए गए लिंकिंग फेक्टर का विवरण

वस्तु	2011-12 के लिए डब्ल्यूपीआई (आधार वर्ष 2004-05)	लिंकिंग फेक्टर
सभी वस्तुएँ	156.1	1.561
प्राथमिक सामग्री	200.3	2.003
ईंधन और बिजली	169.0	1.690
निर्मित उत्पाद	139.5	1.395

(**स्रोत**: आर्थिक सलाहकार कार्यालय की वेबसाइट)

सीमेंट और स्टील दोनों ही विनिर्मित उत्पादों की श्रेणी में आते हैं और इसलिए मूल्य समायोजन की गणना करते समय 1.395 का लिंकिंग फेक्टर लागू किया जाना है। हालाँकि, दो एम.आई.पी. के मामले में यह देखा गया कि विभाग ने 1.395 के अलावा अन्य लिंकिंग फेक्टर अपनाए, जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

➢ बलवाड़ा एम.आई.पी.

मूल्य समायोजन की गणना करते समय, सीमेंट और स्टील के लिए लिंकिंग फेक्टर को गलती से क्रमशः 1.57 और 1.438 मान लिया गया और सीमेंट/स्टील के लिए क्रमशः (-) ₹ 1.70 लाख (अर्थात वसूली हुई) और ₹ 2.31 करोड़ की राशि वसूल/भुगतान की गई। 1.395 के सही लिंकिंग फेक्टर पर गणना करने पर, सीमेंट और स्टील के लिए वसूली योग्य/देय राशि क्रमशः (-) ₹ 32.31 लाख और ₹ 1.67 करोड़ थी। इस प्रकार, इन सामग्रियों के मूल्य समायोजन के लिए ₹ 95.13 लाख की अधिक राशि का भुगतान किया गया।

विभाग ने मूल्य समायोजन की गणना करते समय अंकगणितीय गणना में भी गलतियां कीं, साथ ही गलत लिंकिंग फेक्टर का प्रयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदार को ₹ 7.11 लाख का अधिक भुगतान किया गया।

उपरोक्त कमियों के परिणामस्वरूप ठेकेदार को ₹ 1.02 करोड़ का अनुचित लाभ हुआ।

कार्यपालन यंत्री एनडी, संभाग 8, सनावद ने बताया (जुलाई 2023) कि लिंकिंग फेक्टर मुख्यालय के निर्देशों के अनुसार अपनाया गया था। इसके अलावा, विभाग ने बताया (जनवरी 2025) कि लेखापरीक्षा के इंगित किए जाने पर, ठेकेदार से ₹ 7.11 लाख की अधिक राशि वसूल कर ली गई है।

[38] आधार वर्ष के समतुल्य डब्ल्यूपीआई प्राप्त करने के लिए नए डब्ल्यूपीआई पर लिंकिंग फैक्टर लागू किया जाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी वस्तु के लिए 2011-12 की डब्ल्यूपीआई श्रृंखला 100 है और लिंकिंग फैक्टर 1.34 है, तो पिछले आधार वर्ष के लिए समतुल्य डब्ल्यूपीआई 100 x 1.34 = 134 होगा, जिसका उपयोग मूल्य समायोजन की गणना के लिए किया जाएगा।

➢ छैगांवमाखन एम.आई.पी.

विभाग ने सीमेंट और स्टील के लिए क्रमशः 1.625 और 1.522 के गलत लिंकिंग फेक्टर को अपनाकर मूल्य समायोजन (पीए) की गणना की, और सीमेंट और स्टील के लिए क्रमशः ₹ 2.33 करोड़ और ₹ 44.65 करोड़ की राशि का भुगतान किया गया। लागू लिंकिंग फेक्टर को 1.395 मानते हुए, सीमेंट और स्टील के लिए देय राशि क्रमशः (-) ₹ 2.33 करोड़ और ₹ 22.28 करोड़ थी। इस प्रकार, सीमेंट और स्टील के लिए क्रमशः पीए के लिए ₹ 27.02 करोड़ की अधिक राशि का भुगतान किया गया।

कार्यपालन यंत्री एनडी , संभाग 13, खंडवा ने कहा कि मूल्य समायोजन के निर्धारण के लिए गणना नियम के अनुसार और स्टील एवं सीमेंट के लिए एन.वी.डी.ए. द्वारा अनुमोदित और अपनाए गए लिंकिंग फेक्टर के अनुसार था।

उपरोक्त दोनों मामलों में, विभाग द्वारा सही लिंकिंग फेक्टर का आकलन करने और उसे लागू करने में विफलता के परिणामस्वरूप, सरकारी खजाने की लागत पर ठेकेदार को अनुचित लाभ हुआ।

त्रुटिपूर्ण लिंकिंग फेक्टर को अपनाने के लिए विभागीय स्तर पर हुई चूक की शासन जाँच कर सकता है और तदनुसार जिम्मेदारी तय कर सकता है।

III. त्रुटिपूर्ण सूचकांकों को अपनाना

मूल्य समायोजन के भुगतान हेतु टर्न-की अनुबंध की धारा 113 के अनुसार, अनुबंध मूल्य को श्रम, एचडीपीई, संयंत्र एवं मशीनरी, सीमेंट, स्टील, पीओएल और अन्य सामग्री की दरों और कीमतों में वृद्धि या कमी के लिए धारा में दिए गए सूत्र के अनुसार समायोजित किया जाएगा। समायोज्य मूल्य प्रत्येक माह के दौरान सूत्र से निर्धारित किया जाएगा। सूत्र में मूल्य समायोजन की गणना के आधार के रूप में माह के दौरान किए गए कार्य के कुल मूल्य के लिए "आर" अभिव्यक्ति शामिल थी। इस प्रकार, मूल्य समायोजन के भुगतान के सूचकांक उस माह के लिए विचार किए जाने थे जिसमें कार्य निष्पादित किया गया था।

➢ पाती एम.आई.पी.

यह पाया गया कि विभाग ने कार्य किए गए माह के सूचकांकों के बजाय, बिल भुगतान किए गए माह के सूचकांकों पर विचार किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 38.24 लाख का अतिरिक्त भुगतान हुआ। विभाग ने बताया कि ठेकेदार को किए गए ₹ 38.24 लाख के अधिक भुगतान को 27वें चल देयक में समायोजित कर दिया गया था।

➢ नर्मदा झाबुआ पेटलावद थांदला सरदारपुर

नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर (एनजेपीटीएस) के मामले में, मूल्य समायोजन की गणना करते समय, घटक के लिए एक सूचकांक उस माह के सूचकांक से भिन्न लिया गया था जिसमें कार्य मूल रूप से कार्यान्वयित किया गया था। यह भी देखा गया कि विभाग ने घटकों के लिए सूचकांक अपनाने के लिए महीनों और तारीख के दौरान किए गए कार्य के गलत मूल्य पर विचार किया। हालाँकि, मूल्य समायोजन के भुगतान के लिए बिल तैयार करने की तिथियों के सूचकांकों पर विचारित करने पर, मूल्य समायोजन के भुगतान में ₹ 18.80 करोड़ का अंतर था। किए गए कार्य के मूल्य और मूल्य समायोजन के भुगतान का घटक-वार विवरण नीचे **तालिका 2.8** में दिया गया है:

तालिका 2.8: अतिरिक्त भुगतान का घटक-वार विवरण

(₹ करोड़ में)

घटक	अनुबंध के अनुसार घटक का प्रतिशत	गणना के अनुसार मूल्य समायोजन की राशि	विभाग के अनुसार मूल्य समायोजन की राशि	भिन्नता
श्रम	12%	21.99	27.84	5.85
सीमेंट	7%	5.18	5.23	0.05
माइल्ड स्टील (फ्लैट उत्पाद)	45%	65.55	73.63	8.08
पेट्रोल, तेल और लूब्रकन्ट	17%	70.02	72.82	2.80
अन्य सामग्री	19%	24.71	26.73	2.02
कुल		**187.45**	**206.25**	**18.80**

(**स्रोत:** विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेखों पर आधारित गणना)

कार्यपालन यंत्री एनडी संभाग 30, मनावर ने बताया (अप्रैल 2023) कि तकनीकी बोली खोलने से 28 दिन पहले आधार दर अपनाई गई थी जो 25 अप्रैल 2018 थी।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि अनुबंध में किए गए कार्य के मूल्य पर विचार करने के लिए आधार दर और मूल्य समायोजन से संबंधित प्रावधानों की तिथि का पालन मध्य प्रदेश निर्माण विभाग नियमावली के प्रावधानों के अनुसार किया जाना था।

➢ छिपानेर एम.आई.पी.

छीपानेर में, घटक के लिए मूल्य समायोजन सूचकांक की गणना करते समय, कार्य के मूल निष्पादन माह के अलावा अन्य माह लिया गया। विभाग द्वारा ₹ एक करोड़ का अधिक भुगतान किया गया।

कार्यपालन यंत्री एनडी संभाग 23, भोपाल ने बताया (जुलाई 2023) कि अगले चलित देयक से वसूली की जाएगी।

वसूली का विवरण प्रतीक्षित है (जनवरी 2025)।

IV. औद्योगिक श्रमिकों के लिए गलत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अपनाना

➢ नर्मदा पार्वती लिंक एम.आई.पी. चरण III & IV

अनुबंध की धारा 113.4 के अनुसार, श्रम घटक का समायोजन, तकनीकी बोलियाँ खुलने की तिथि से 28 दिन पूर्व तथा किए गए कार्य के माह के लिए श्रम ब्यूरो, श्रम मंत्रालय, भारत सरकार (मध्य प्रदेश के लिए) द्वारा प्रकाशित औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को ध्यान में रखते हुए किया जाना था।

यह पाया गया कि विभाग ने मूल्य समायोजन की गणना के लिए दिसंबर 2019 को आधार तिथि माना और भोपाल के श्रम सूचकांक को आधार मानकर मूल्य समायोजन का भुगतान किया। विभाग ने 345 के बजाय 288 को गलत आधार सूचकांक माना और अन्य महीनों के सूचकांक भी गलत माने। इसके परिणामस्वरूप ₹ 4.78 करोड़ का अधिक भुगतान हुआ।

कार्यपालन यंत्री एनडी संभाग 28, पुनासा ने बताया (मई 2023) कि मूल्य समायोजन की गणना निकटतम शहर यानि भोपाल के सूचकांक के आधार पर की गई है। इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कार्यपालन यंत्री पुनासा ने कहा कि श्रम का आधार जो 288 लिया गया था उसे ठीक कर दिया गया है और मूल्य समायोजन तदनुसार सही किया गया है।

सुधार की प्रतियाँ लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं की गई थी (दिसंबर 2024)।

गलत लिंकिंग फेक्टर अपनाने के मामले में, विभाग ने बताया (जनवरी 2025) कि लिंकिंग कारक उच्च प्राधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के अनुसार अपनाया गया था, इसलिए ठेकेदार को कोई उचित लाभ नहीं दिया गया। इसके अलावा, तकनीकी बोली खुलने से 28 दिन पहले आधार मूल्य सूचकांक अपनाने के मामले में, यह कहा गया कि यह अनुबंध के अनुसार मूल्य समायोजन हेतु संशोधन के अनुरूप था।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि विभाग द्वारा आर्थिक सलाहकार, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रदत्त सूचकांकों को तो अपनाया गया, परंतु आर्थिक सलाहकार द्वारा निर्धारित लिंकिंग फैक्टर का पालन नहीं किया गया, साथ ही, मानक लिंकिंग फैक्टर से विचलन के कारण अभिलेखों में भी उपलब्ध नहीं थे। तकनीकी निविदा खोलने की तिथि से 28 दिन पूर्व के आधार मूल्य सूचकांक को अपनाना, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग नियमावली के प्रावधानों के विपरीत था।

2.1.6.4 सिक्योरिटी डिपाजिट अनियमित रूप से रिलीज़ के कारण ठेकेदारों को अनुचित वित्तीय सहायता

अनुबंध की धारा 108.1 के अनुसार, सभी भुगतान अग्रिम भुगतान, सिक्योरिटी डिपाजिट, अनुबंध की अन्य अंतरिम वसूली और स्रोत पर करों की कटौती के माध्यम से समायोजित किए जाएँगे, जैसा कि प्रभारी यंत्री द्वारा यथोचित अंतराल पर लागू होता है, और मध्यवर्ती भुगतान, प्रमाणित किए गए कार्य के मूल्य के 95 प्रतिशत के बराबर राशि होगी और शेष 5 प्रतिशत राशि रोक ली जाएगी और प्रभारी यंत्री द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र के तहत ठेकेदार द्वारा किए गए दायित्वों की पूर्ति हेतु सिक्योरिटी के रूप में रखी जाएगी। अनुबंध के अंतर्गत संपूर्ण कार्य का निर्माण पूरा होने पर, सिक्योरिटी डिपाजिट ठेकेदार को वापस कर दी जाएगी और मध्यवर्ती भुगतानों से काटी गई सिक्योरिटी डिपाजिट को किसी अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी (बीजी) में परिवर्तित कर दिया जाएगा और सिस्टम के सफल समापन और दोष दायित्व अवधि की समाप्ति के बाद जारी कर दिया जाएगा।

सात एनडी संभाग के अंतर्गत कार्यान्वयित एम.आई.पी. के सात कार्यों[39] के प्रकरण में, यह देखा गया कि चल देयक से काटी गई एसडी की राशि को कार्य के पूर्ण होने से पहले ही समान राशि की बैंक गारंटी को प्राप्त करने के पश्चात विमुक्त कर दिया गया। इसके परिणामस्वरूप, **परिशिष्ट 2.5** में वर्णित बैंक गारंटी के बदले ₹ 387.49 करोड़ की एसडी की राशि को अनियमित रूप से विमुक्त किया गया था और परिणामस्वरूप, ठेकेदारों को उस सीमा तक अनुचित वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

विभाग ने बताया (जनवरी 2025) कि ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत बैंक गारंटी के विरूद्ध चल देयकों से काटी गई सिक्योरिटी डिपाजिट विमुक्त कर दी गई थी। सिक्योरिटी डिपाजिट को इसप्रकार विमुक्त करना विस्तृत एन.आई.टी. (भाग-II, खंड-V) की धारा 12.3 के अनुसार की गई है, जिसमें कहा गया है, "यदि ठेकेदार स्पष्ट रूप से लिखित रूप में अनुरोध करता है, तो प्रभारी अभियंता उसे अपने बिलों से प्राप्त सिक्योरिटी डिपाजिट को ब्याज वाली सरकारी प्रतिभूतियों, बैंक

[39] अलीराजपुर (एनडी16 संभाग कुक्षी) ₹ 37.86 करोड़, छैगांवमाखन (एनडी-13 संभाग खंडवा) ₹ 25.04 करोड़, छीपानेर (एनडी-23 संभाग भोपाल) ₹ 20 करोड़, आईएसपी कालीसिंध चरण-1 (एनडी-32 संभाग बड़वाहा) ₹ 118.67 करोड़, नागलवाड़ी (एनडी-14 संभाग ठीकरी) ₹ 43.25 करोड़, नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर (एनडी-30 मनावर) ₹ 60.18 करोड़ और नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना (एनडी-08 संभाग सनावद) ₹ 82.49 करोड़।

गारंटी या ब्याज वाली जमा राशि में बदलने की अनुमति देगा। अनुबंध की उपरोक्त शर्तों के अनुसार प्रभारी अभियंता से विधिवत अनुमति के बाद सभी सिक्योरिटी डिपाजिट विमुक्त कर दी गई है।"

अनुबंध की धारा 12.3 और 12.4 के अनुसार एस.डी. को बैंक गारंटी में परिवर्तित कर दिया गया तथा तदनुसार बैंक गारंटी के विरूद्ध समय-समय पर सिक्योरिटी डिपाजिट के भुगतान को विमुक्त किया गया।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि धारा 12.3 और 12.4 में उल्लिखित गया है कि यदि ठेकेदार स्पष्ट रूप से लिखित रूप में अनुरोध करता है, तो प्रभारी यंत्री उसे बिलों से प्राप्त सिक्योरिटी डिपाजिट को ब्याज-सहित वाली प्रतिभूतियों या बैंक गारंटी में बदलने की अनुमति देगा। लेकिन धारा 108.1 में कहा गया है कि मध्यवर्ती भुगतानों से काटी गई सिक्योरिटी डिपाजिट को कार्य के पूर्ण होने के पश्चात अनुसूचित बैंक की बैंक गारंटी में परिवर्तित किया जाना था। इस प्रकार, कार्य के दौरान सिक्योरिटी डिपाजिट को बैंक गारंटी में परिवर्तित करना अनियमित था।

2.1.6.5 कम मोटाई वाले स्टील पाइप का कार्यान्वयन

अनुबंध की शर्तों के अनुसार, विनिर्देशों का तात्पर्य अनुबंध के खंड III में निर्दिष्ट सामग्री और कार्यों के विनिर्देशों से होगा। विभाग के विनिर्देशों और अपनाई जा रही मानक प्रक्रियाओं के बीच असहमति की स्थिति में, प्रभारी यंत्री द्वारा निर्धारित निर्णय ठेकेदार पर बाध्यकारी होंगे। यदि विनिर्देशों का स्पष्ट रूप से उल्लेख नहीं किया गया है, तो आईएस कोड के अंतर्गत प्रासंगिक विनिर्देश लागू होंगे।

सीडब्ल्यूसी द्वारा जारी पाइप सिंचाई नेटवर्क की योजना और डिजाइन के लिए दिशानिर्देशों के पैरा 5.12.1 के अनुसार, पाइप के लिए उपयोग की जाने वाली शीट (वॉल) की मोटाई निम्न में से अधिकतम होगी:

(i) डिजाइन दबाव का प्रतिरोध करने के लिए आवश्यक शीट की मोटाई की गणना हूप स्ट्रेस फार्मूला के अनुसार की जाएगी।

(ii) नॉमिनल मोटाई का प्रावधान प्रासंगिक मानक (स्टील पाइपों के लिए आईएस 3589/2001, डक्टाईल लौह पाइपों के लिए आईएस 8329/2000 आदि, आवश्यकतानुसार) के अनुसार किया जाना है।

(iii) ऊपर निर्दिष्ट मोटाई के बावजूद, दबाव की परवाह किए बिना, फब्रिकशन और ऐरेक्शन के दौरान विरूपण का प्रतिरोध करने के लिए लाइनर की न्यूनतम मोटाई प्रदान की जाएगी।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 14 अनुबंधों (18 चयनित एम.आई.पी. के लिए) में से आठ अनुबंधों (12 एम.आई.पी. के लिए) के प्रकरणों में राइजिंग मेन और ग्रेविटी मेन पाइपलाइनों में प्रदान की गई हल्के स्टील पाइप की मोटाई आईएस कोड 3589 (2001) में तालिका-5 में निर्दिष्ट न्यूनतम मोटाई से कम थी। यह भिन्नता 10 प्रतिशत और 51 प्रतिशत के बीच थी। इसके परिणामस्वरूप अनुमानित (1902.94 मीट्रिक टन) की तुलना में कम स्टील की मात्रा का उपयोग हुआ, जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदारों को ₹ 1074.33 करोड़ का अनुचित वित्तीय लाभ हुआ। विवरण **परिशिष्ट 2.6** दिया गया हैं। शेष छह अनुबंधों[40] में पाइप की मोटाई को लेखापरीक्षा द्वारा सत्यापित नहीं किया जा सका क्योंकि यह माप पुस्तकों में दर्ज नहीं थी।

[40] (1) नर्मदा झाबुआ पेटलावद थानला सरदारपुर (एनजेपीटीएस), मोटाई की माप दर्ज नहीं की गई (2) आईएसपी-पार्वती चरण-III और IV का लैइंग कार्य (स्थिति मार्च 2023) तक नहीं किया गया था, (3) रानी दुर्गावती, (4) नागलवाड़ी, (5) पिपरी, मोटाई की माप दर्ज नहीं की गई (6) मोटाई दर्ज नहीं की गई।

चूँकि स्टील के उपयोग से संबंधित विवरण विभागीय निर्माण माप पुस्तिकाओं में उपलब्ध था, इसलिए डिजाइन विनिर्देशों में विचलन की निगरानी संबंधित कार्यपालन यंत्री द्वारा की जानी चाहिए थी। निगरानी आवश्यकताओं का पालन न करने के परिणामस्वरूप न केवल ठेकेदारों को अनुचित लाभ हुआ, बल्कि अवमानक कार्य भी हुआ, जिसका प्रभाव ऐसी बड़ी परियोजनाओं में निर्माण की गुणवत्ता पर पड़ सकता है।

विभाग ने बताया (जनवरी 2025) कि ई.पी.सी. के कार्य के क्षेत्र के अनुसार, ठेकेदार को कार्य को पूर्ण करने के लिए विशिष्टियों के अनुसार अपना सर्वश्रेष्ठ तकनीकी-आर्थिक डिजाइन प्रस्ताव प्रस्तुत करना है। तदनुसार, राइजिंग मेन/ग्रेविटी मेन का डिजाइन ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिसे सदस्य अभियांत्रिकी द्वारा अनुमोदित किया गया था। पाइप के स्वीकृत डिजाइन और मोटाई के अनुसार, कार्य को कार्यान्वयित किया गया है। आई.आई.एस.सी. बैंगलोर से विस्तृत एन.आई.टी. की धारा 1.18 (1.1) (11) के अनुसार सर्ज एनालिसिस भी प्राप्त किया गया है और तदनुसार आवश्यक वाल्व प्रदान किए जाते हैं। ठेकेदार को अनुचित वित्तीय लाभ का कोई प्रश्न ही नहीं है क्योंकि आईएस 3589 की तालिका 5 में एमएस पाइप के बाहरी व्यास के अनुसार पाइप के वजन और मोटाई का उल्लेख केवल वरीयता के लिए किया गया था और यह केवल एक दिशानिर्देश है; एमएस पाइपलाइन की मोटाई की गणना आईएस कोड 5822 के अनुसार की जानी है, इसके अलावा आईआईएससी बैंगलोर द्वारा पाइपलाइन की जांच की गई है, जिसमें सभी प्रासंगिक कारकों पर विचार करने के पश्चात मोटाई ली गई है।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार पाइप की न्यूनतम मोटाई के लिए अधिकतम तीन मानदंडों को ही लिया जाना था, जो विभाग द्वारा नहीं किया गया। इसके अलावा, विभाग ने केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन न करने के कारणों की व्याख्या नहीं किया है। आई.एस.कोड 5822 का उपयोग करके मोटाई की गणना के संबंध में उत्तर भ्रामक है क्योंकि आई.एस.कोड 5822 यह भी निर्धारित करता है कि आई.एस.कोड 3589 से प्राप्त न्यूनतम मोटाई के अधीन न्यूनतम नॉमिनल मोटाई की गणना की जानी चाहिए।

2.1.6.6 फीडर बे के कारण अधिक भुगतान

अनुबंध की शर्त 1.11 के अनुसार, सभी प्रस्तावित पंपिंग स्टेशनों को डेडिकेटेड लाइन द्वारा बिजली प्रदान की जाएगी और विभिन्न पंपिंग स्टेशनों के लिए एचटी/ एलटी बिजली लाइन, ट्रांसफार्मर, सब-स्टेशन उपलब्ध कराने की लागत ठेकेदार द्वारा वहन की जाएगी। ट्रांसफार्मर, केबल, एचटी/ एलटी लाइन और संबंधित घटकों को प्रदान करना एवं इनमें कोई भी आधिक्य/ संशोधन कार्य क्षेत्र के भीतर होगा।

यह पाया गया कि एनडी संभाग 8, सनावद एवं एनडी संभाग 25, नर्मदा नगर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो एम. आई. पी. (नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना और समूह एम. आई. पी.) में, फीडर बे/ फीडर पैनल की लागत को प्राक्कलनों में सम्मिलित किया गया था और इस प्रकार प्राप्त पी.ए.सी. को निविदा में सम्मिलित किया गया था। हालांकि, कार्य को सौंपे जाने के बाद, फीडर बे की लागत ₹ 4.52 करोड़ रुपये (₹ 4.10 करोड़ + ₹ 0.42 करोड़) को विभाग द्वारा मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, जबलपुर को अलग से भुगतान किया गया। चूंकि अनुबंध एक टर्न-की अनुबंध था, फीडर बे की लागत को ठेकेदार द्वारा वहन किया जाना था। इस प्रकार, बिजली कंपनी को अलग से फीडर बे की लागत का भुगतान करने के परिणामस्वरूप विभाग द्वारा अधिक भुगतान किया गया और ठेकेदार को उस सीमा तक अनुचित लाभ हुआ।

विभाग ने निर्गम सम्मेलन (जनवरी 2025) में बताया कि फीडर बे की लागत विभाग द्वारा वहन की जाएगी क्योंकि यह ट्रांसफार्मर का एक हिस्सा था।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि फीडर बे, कार्य क्षेत्र में आने वाले विद्युत निर्माण कार्य का एक भाग था। इसका अनुमान इस तथ्य से भी लगाया जा सकता है कि ठेकेदार से एक अन्य परियोजना (आई.एस.पी.-कालीसिंध चरण-1 एम.आई.पी.) के मामले में विभाग ने स्वयं ही फीडर बे (₹ 7.68 करोड़) के कारण त्रुटिपूर्ण रूप से भुगतान की गई लागत की वसूली की थी।

2.1.6.7 इन्टेक लेवल में परिवर्तन के कारण पानी की अनुपलब्धता

सभी एम.आई.पी. की योजना और कार्यान्वयन जल स्रोत की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए किया जाता है, ताकि परियोजना की स्थिरता सुनिश्चित की जा सके और रबी मौसम के दौरान 120 दिनों के लिए कमान क्षेत्र में पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि पाती एम.आई.पी. को बड़वानी जिले की पाती तहसील में 5,940 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई के लिए डिजाइन किया गया था (प्रशासनिक स्वीकृति अक्टूबर 2017 में दी गई थी)। पाती एम.आई.पी. की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) और अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार, सरदार सरोवर बांध के बैकवाटर से अमलाली गाँव (बड़वानी जिले) के पास 110 मीटर की ऊँचाई पर स्थित स्थान से पानी को वितरण बिंदु पर 250 मीटर की ऊँचाई तक उठाया जाना था। यह कार्य जनवरी 2020 में मेसर्स राधे कंस्ट्रक्शन्स लिमिटेड को ₹ 111.11 करोड़ की कुल लागत पर सौंपा गया था।

हालाँकि, ठेकेदार ने 117 मीटर के संशोधित स्तर पर पानी उठाने के लिए अमलाली गाँव से बिजासन गाँव तक पंप हाउस का स्थान बदलने का प्रस्ताव (नवंबर 2020) रखा। मुख्य अभियंता, आईएसपी (नहर) ने तदनुसार पंप हाउस के स्थान में परिवर्तन को मंजूरी दे दी (नवंबर 2020)।

प्रस्ताव के पीछे कोई वैध कारण/औचित्य नहीं था और न ही मुख्य अभियंता ने अनुमोदन के समर्थन में कोई विवरण दिया, जिसके परिणामस्वरूप मूल रूप से नियोजित डिजाइन में विचलन हुआ।

जहाँ से पानी उठाया जाना था, वहाँ ऊँचाई बढ़ने के कारण पानी की उपलब्धता बहुत कम हो गई। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि सरदार सरोवर बाँध का जलस्तर 2015-16 से 2022-23 (2019-20 को छोड़कर) की अवधि में 76 सप्ताह तक 117 मीटर से नीचे रहा। इनमें से रबी सीज़न[41] के दौरान भी 117 मीटर की गहराई पर पानी उपलब्ध नहीं था।

परिणामस्वरूप, पंपहाउस के स्थान में अनुचित परिवर्तन के कारण जल की उपलब्धता कम हो गई, जिससे ₹ 109.01 करोड़ व्यय होने के बावजूद परियोजना निष्फल हो गई।

विभाग ने निर्गम सम्मेलन (जनवरी 2025) में कहा कि प्रकरण की जांच की जाएगी।

यह अनुशंसा की जाती है कि बिना पर्याप्त औचित्य के कार्य के क्षेत्र में परिवर्तन की अनुमति देने के लिए संबंधित मुख्य अभियंता की भूमिका की विस्तृत जाँच की जाए, जिससे परियोजना निष्फल हो गई। तदनुसार, उत्तरदायित्व निर्धारित किया जा सकता है।

2.1.6.8 कमान क्षेत्र के कवरेज में विचलन

एनआईटी में अनुबंध की शर्तों के अनुसार, यह स्पष्ट किया गया था कि सफल बोलीदाता मानचित्र में दर्शाए गए क्षेत्र के भीतर सिंचाई कमान क्षेत्र चुनने के लिए स्वतंत्र नहीं होगा। उसे निम्न-स्तरीय क्षेत्रों को चुनने और उच्च-स्तरीय क्षेत्रों को

[41] 2015-16 (17 सप्ताह), 2017-18 (15 सप्ताह) और 2018-19 (पांच सप्ताह) = 37 सप्ताह।

छोड़ने की स्वतंत्रता नहीं होगी। सिंचित क्षेत्रों का निर्धारण विभाग द्वारा किया जाएगा और बोलीदाता के लिए बाध्यकारी होगा।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि चयनित 18 एम.आई.पी. [42] में से 16 में वास्तविक निष्पादन के दौरान कमान क्षेत्र के ग्रामों के कवरेज में विचलन था जैसा कि नीचे **तालिका 2.9** में दर्शाया गया है:

तालिका 2.9: अनुमोदित डीपीआर से विचलन

परियोजना का नाम	अनुमोदित डीपीआर में शामिल किए जाने वाले गांवों की संख्या	अनुमोदित डीपीआर (हेक्टेयर) के अनुसार कवर किया जाने वाला सीसीए	वास्तव में कवर किए गए गांवों की संख्या	सीसीए ने वास्तव में कवर किया (हेक्टेयर)	डीपीआर और वास्तविक गांवों के बीच भिन्नता (संख्या में)	डीपीआर और वास्तविक के बीच सीसीए में भिन्नता (संख्या में)
किल्लोद	29	10,000	25	10,000	-4	0
छीपानेर	76	35,000	69	35,062	-7	62
नर्मदा क्षिप्रा बहुउद्देशीय परियोजना	162	30,000	100	30,234	-62	234

(**स्रोत:** विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए डीपीआर और रिकॉर्ड)

इस प्रकार, कार्य के दायरे में अनियमित परिवर्तन के परिणामस्वरूप सिंचाई के क्षेत्र में ग्रामों के कवरेज में विचलन हुआ था।

2.1.6.9 कार्यों के कार्यान्वयन में अवलोकित किए गए विचलन

- कमान एरिया को छोटे क्षेत्रों में विभाजित किया जाता है जिसे चक कहा जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पानी (एम.आई.पी. से) सिंचाई के लिए इच्छित क्षेत्रों तक पहुंचे। 18 चयनित एम.आई.पी. के प्रयोजन के लिए, प्रत्येक चक का क्षेत्र 20 हेक्टेयर है जिसका अर्थ है कि प्रत्येक 20 हेक्टेयर (यानी, चक में प्रत्येक 2.5 हेक्टेयर के लिए एक आउटलेट) में पानी के आठ आउटलेट प्रदान किए जाने हैं। चकों के कवरेज में कमियों का वर्णन नीचे किया गया है:

13 अप्रैल 2023 को पूर्ण हुई छैगांवमाखन एम.आई.पी. [43] के प्रकरण में, तकनीकी स्वीकृति और अनुबंध की शर्तों के अनुसार, 35,000 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता के निर्माण के लिए 1,750 चक (20 हेक्टेयर) और 14,000 आउटलेट (1,750 x 8 आउटलेट) की आवश्यकता थी। अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार 35,000 हेक्टेयर में सिंचाई को 2.5 हेक्टेयर चक में विभाजित करके प्राप्त किया जाना था। अंतिम चक का आकार 2.5 हेक्टेयर से अधिक नहीं होना चाहिए।

यह पाया गया कि ठेकेदार ने 35,000 हेक्टेयर में सिंचाई प्रदान करने के लिए 1,650 चक और 13,200 आउटलेट बनाए हैं, जो दर्शाता है कि कमान क्षेत्र को कवर करने के लिए पर्याप्त आउटलेट का निर्माण नहीं किया गया था।

[42] रानी दुर्गावती एम.आई.पी. के मामले में, गाँवों की संख्या या कमांड क्षेत्र में कोई बदलाव नहीं किया गया। हालाँकि, ठेकेदार द्वारा कुछ गाँवों का कमांड क्षेत्र कम कर दिया गया, जबकि अन्य का बढ़ा दिया गया।

[43] सीएमएलआईएस के कार्य के लिए अनुबंध की कुल राशि ₹ 536.994 करोड़ थी।

कमान क्षेत्र के कम कवरेज के परिणामस्वरूप ठेकेदार को नहीं किये गए कार्य के लिए ₹ 30.68 करोड़[44] का अधिक भुगतान किया गया।

कार्यपालन यंत्री ने उत्तर दिया (अगस्त 2023) कि अनुमान केवल टोपो शीट और गूगल सर्वेक्षण के आधार पर तैयार किया गया था। विभागीय डीपीआर और अनुमान केवल सांकेतिक थे ताकि बोलीदाताओं को परियोजना को समझने में मदद मिल सके। इसलिए, 13,200 आउटलेट (जैसा कि ठेकेदार द्वारा प्रदान किया गया था) 35,000 हेक्टेयर के कमान क्षेत्र के लिए पर्याप्त थे।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि कार्यपालन यंत्री ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अनुबंध में 2.5 हेक्टेयर के अंतिम चक आकार को ध्यान में रखते हुए 13,200 आउटलेट (जो सिंचाई के लिए अधिकतम 33,000 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर कर सकते हैं) 35,000 हेक्टेयर के अपेक्षित कवरेज क्षेत्र के लिए पर्याप्त कैसे थे।

- आईएसपी-कालीसिंध चरण 1 एम.आई.पी. के मामले में, समझौते की धारा 27 के अनुसार, अन्य वृहद और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के कमान क्षेत्र को आईएसपी-कालीसिंध चरण 1 के कमान क्षेत्र से बाहर रखा जाना था और ओवरलैपिंग कमान क्षेत्र में छोटे टैंकों के लिए आउटलेट (एन.वी.डी.ए. द्वारा) प्रदान किए जाने थे।

यह देखा गया कि कार्यपालन यंत्री एनडी संभाग 32, बरवाह ने (अगस्त 2018) जल संसाधन विभाग के अंतर्गत कार्यपालन यंत्री देवास, शाजापुर और सीहोर से आईएसपी-कालीसिंध चरण-1 के कमान में ओवरलैपिंग हो रहे वृहद और मध्यम परियोजनाओं को सूचित करने का अनुरोध किया। एनडी संभाग नंबर 32 के रिकॉर्ड में उपलब्ध जानकारी से संकेत मिलता है कि 54 एमसीएम के लाइव स्टोरेज वाले 40 छोटे टैंक डब्ल्यूआरडी, देवास के अधिकार क्षेत्र में थे। कार्यपालन यंत्री एनडी संभाग नंबर 32 ने यह भी पुष्टि की कि कमान क्षेत्र में 26.070 एमसीएम के लाइव स्टोरेज वाले 27 छोटे टैंक थे। हालांकि, इन छोटे टैंकों को आउटलेट प्रदान करने से संबंधित अभिलेख न तो अवधारणा रूपांकन रिपोर्ट में और न ही माप पुस्तिका में पाए गए।

कार्यपालन यंत्री ने बताया (अगस्त 2023) कि टैंकों के लिए आउटलेट उपलब्ध कराए जाएँगे। चूँकि वाल्वों की खरीद प्रक्रियाधीन है, इसलिए छोटे टैंकों के लिए आउटलेट लगाने का काम अभी शुरू नहीं हुआ है।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि परियोजना के कमान क्षेत्र में आने वाले छोटे टैंकों को पानी की आपूर्ति के लिए कोई प्रावधान अवधारणा रूपांकन रिपोर्ट में नहीं किया गया था और रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं था, जिससे पता चले कि आउटलेट प्रदान किए जाने चाहिए और वाल्व के क्रय का सीधे तौर से संबंध छोटे टैंकों को प्रदान किए जाने वाले आउटलेट से नहीं था।

2.1.7 एम.आई.पी. की निगरानी और रखरखाव

2.1.7.1 जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एम.आई.पी. की निगरानी

नर्मदा नियंत्रण बोर्ड की 27 जुलाई 2021 को आयोजित 70वीं बैठक में जारी निर्देशों के अनुसार, चालू एवं पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की निगरानी के लिए गठित समिति द्वारा पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के कमान क्षेत्र में अंतिम छोर तक जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, चालू एम.आई.पी. का निरंतर निरीक्षण किया जाए ताकि तकनीकी मापदण्ड एवं गुणवत्ता

[44] 2,000 हेक्टेयर X (₹ 536.994 करोड़ / 35,000 हेक्टेयर)

सुनिश्चित की जा सके, आगामी एम.आई.पी. में अपेक्षित सुधार के लिए किसानों से फीडबैक एवं सुझाव लिए जाएँ तथा जल उपयोगकर्ता संस्थाओं का गठन किया जाए।

पर्यवेक्षी नियंत्रण एवं डेटा अधिग्रहण (स्काडा) प्रणाली में 2.5 हेक्टेयर तक स्वचालन, 20 हेक्टेयर चक आउटलेट तक प्रवाह और दाब नियंत्रण, और 2.5 हेक्टेयर चक आउटलेट पर केवल चालू/ बंद नियंत्रण, परिचालन विवरण सहित, शामिल है। यह अवधारणा में प्रदर्शित करने की आवश्यकता होगी कि संभाग 2.5 हेक्टेयर चक पर 20 मीटर का शीर्ष कैसे प्राप्त करेगा। केंद्रीय निगरानी को सक्षम बनाने के लिए, आउटलेट्स पर फील्ड कंट्रोलर यूनिट (एफ.सी.यू.) स्थापित की जाएंगी। ये इकाइयाँ परिचालन डेटा (जैसे वाल्व की स्थिति, प्रवाह दर, आदि) एकत्र करेंगी और इसे नियमित अंतराल पर रिमोट कंट्रोल सेंटर में स्थित मुख्य सर्वर को प्रेषित करेंगी।

आठ एम.आई.पी. से संबंधित एक लेखापरीक्षा प्रश्न[45] (सितंबर 2023) के उत्तर में, मुख्य अभियंता इंदिरा सागर परियोजना नहरें, सनावद, एन.वी.डी.ए. ने कहा (जून 2024) कि हरसूद, किल्लौद, पामाखेड़ी, भुरलाय, कोदवार, पुनासा- एक्स एम.आई.पी. (छह एम.आई.पी.) के मामले में, अंतिम छोर तक पानी की उपलब्धता का आश्वासन स्काडा और निरीक्षण के माध्यम से किया जा रहा है। छैगांवमाखन एम.आई.पी. के मामले में, यह कहा गया कि वर्ष 2022-23 में, छैगांवमाखन माइक्रो लिफ्ट सिंचाई परियोजना का परीक्षण किया गया था और परीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया था कि पूरे कमान क्षेत्र में सिंचाई के लिए उचित पानी की उपलब्धता थी। वर्ष 2023-24 के रबी सीजन में, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पानी अंतिम छोर तक पहुंचे। स्काडा के माध्यम से उचित निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। हालांकि, उत्तरों के समर्थन में सहायक अभिलेख (लेखापरीक्षा द्वारा अनुरोध किए जाने के बावजूद भी) प्रस्तुत नहीं किए गए, इसलिए यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि अंतिम छोर पर जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी निगरानी की गई थी।

बलवाड़ा एम.आई.पी.[46] के मामले में, स्काडा प्रणाली निष्क्रिय पाई गई (लेखापरीक्षा द्वारा 10 जुलाई 2023 को संयुक्त भौतिक सत्यापन किया गया) और किसानों को दिए गए पानी से संबंधित रिकॉर्ड भी विभाग के पास उपलब्ध नहीं हैं। मुख्य अभियंता, निचली नर्मदा परियोजना, इंदौर ने कार्यपालन यंत्री द्वारा निरीक्षण की तिथियों[47] की जानकारी दी। जून 2024 में बताया गया कि संचालन एवं रखरखाव एजेंसी के निर्धारण के बाद बलवाड़ा एम.आई.पी. की स्काडा प्रणाली का रखरखाव सफलतापूर्वक किया जाएगा, जिसके लिए निविदा जारी कर दी गई है।

इस प्रकार, सभी आठ पूर्ण हो चुकी एम.आई.पी. के मामले में, अंतिम छोर के क्षेत्र सहित संपूर्ण कमान क्षेत्र में सिंचाई के लिए समुचित जल उपलब्धता से संबंधित सूचना की अनुपलब्धता के कारण, लेखापरीक्षा यह आश्वासन नहीं प्राप्त कर सकती कि एम.आई.पी. के परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।

स्काडा के अनुचित कार्य और गलत रिपोर्ट तैयार किए जाने के संबंध में, विभाग ने निर्गम सम्मेलन (जनवरी 2025) में कहा कि चूंकि परियोजनाएँ नई हैं, इसलिए जो कमियां होंगी या पाई जाएंगी, उन्हें सुधारा जाएगा।

[45] आठ पूर्ण हो चुके एम.आई.पी. के मामले में विभाग द्वारा एनसीबी की 70वीं बैठक में जारी निर्देशों के अनुपालन की जानकारी प्राप्त करना।

[46] बलवाड़ा एम.आई.पी. को पानी की आपूर्ति नर्मदा क्षिप्रा सिंहस्थ लिंक (एनकेएसएल) परियोजना के ब्रेक प्रेशर टैंक के माध्यम से की जाती है।

[47] 20-01-2020, 25-11-2021, 10-12-2022 एवं 08-01-2023 कार्यपालन यंत्री द्वारा।

2.1.7.2 वार्षिक निरीक्षण और स्काडा का अपर्याप्त सूचना प्रणाली

मध्य प्रदेश निर्माण विभाग नियमावली के पैरा 8.016 के अनुसार, मुख्य अभियंता द्वारा वार्षिक/आवधिक निरीक्षण में (i) वृहद परियोजनाओं के सभी शीर्ष कार्य प्रतिवर्ष और (ii) मध्यम परियोजना के शीर्ष कार्य 4 वर्षों में कम से कम एक बार शामिल हैं।

लेखापरीक्षा ने पाया कि अभिलेखों में ऐसा कुछ भी नहीं था जिससे पता चले कि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया था, यद्यपि मुख्य अभियंता (सीई), आईएसपी (नहर) सनावद और, मुख्य अभियंता एलएनपी इंदौर के अधीन क्रमशः दस एम.आई.पी. और दो एम.आई.पी. पूर्ण हो चुके थे।

यह भी देखा गया कि स्काडा प्रणाली के आउटलेट प्रबंधन प्रणाली (ओएमएस) बॉक्स 20 हेक्टेयर चक पर प्रदान किए गए थे, उसके बाद पाइपों को 2.5 हेक्टेयर चक तक बढ़ाया गया था और प्रत्येक परियोजना में ओएमएस बॉक्स से स्काडा नियंत्रण कक्ष तक डेटा ट्रांसमिशन डिजाइन किया गया था। हालांकि यह देखा गया कि 20 चकों में से कुछ आउटलेट में, आउटपुट हेड को 20 मीटर हेड के नीचे इस आधार पर डिजाइन किया गया था कि ओएमएस बॉक्स के बाद नीचे की ओर ढलान है, इसलिए 20 मीटर का आवश्यक हेड प्राप्त किया जाएगा। इस प्रकार, डिजाइन किया गया डेटा अधिग्रहण सिस्टम 2.5 हेक्टेयर चक में वितरित पानी का वास्तविक डेटा प्राप्त करने में असमर्थ था। इसलिए, 2.5 हेक्टेयर चक के आउटलेट पर आवश्यक हेड सुनिश्चित नहीं किया गया था और अनुबंध के अंतर्गत निर्धारित दबाव मानकों की भी निगरानी नहीं की जा रही थी।

मुख्य अभियंता, आईएसपी, सनावद ने बताया (जून 2024) कि पूर्ण हो चुके एम.आई.पी. से किसानों को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, पूरे रबी सीजन के दौरान फील्ड स्टाफ द्वारा 20 हेक्टेयर/ 2.50 हेक्टेयर चक तक पानी के स्रोत, पंप, मोटर, राइजिंग मेन, ग्रेविटी मेन और वितरण प्रणाली से लेकर पूरी प्रणाली की निरंतर निगरानी की जा रही है। यह भी बताया गया कि आउटलेट मैनेजमेंट सिस्टम (ओएमएस) 20 हेक्टेयर चक के केंद्र के पास प्रदान किया गया है, ओएमएस स्थान और 2.50 हेक्टेयर चक स्थान पर हेड अंतर बहुत कम है क्योंकि इन दोनों बिंदुओं के बीच की दूरी ज्यादा नहीं है। इसके अलावा, यदि 2.5 हेक्टेयर चक स्थान के वास्तविक डेटा को मापने का प्रावधान किया जाता है तो 2.5 हेक्टेयर चक पर अलग से ओएमएस उपलब्ध कराना होगा, जिसे उपलब्ध कराना और बनाए रखना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है।

मुख्य अभियंता, एलएनपी, इंदौर ने (जून 2024) बताया कि बलवाड़ा और अलीराजपुर लिफ्ट माइक्रो सिंचाई परियोजनाएँ हैं। मध्य प्रदेश निर्माण विभाग नियमावली के अनुसार बाँध और खुली नहर प्रणाली के लिए निरीक्षण दिशानिर्देश दिए गए हैं। पाइप सिंचाई नेटवर्क के लिए कोई दिशानिर्देश जारी नहीं किए गए हैं। इसके अलावा, प्रणाली के सुचारू संचालन के लिए आवश्यकतानुसार उच्च अधिकारियों द्वारा परियोजना का निरीक्षण किया गया। आगे बताया गया कि प्रत्येक 20 हेक्टेयर चक को 2.5 हेक्टेयर क्षेत्रफल वाले आठ चकों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक उप-चक पर न्यूनतम 20 मीटर के क्षेत्र में आवश्यक हेड सुनिश्चित करने के लिए परियोजना को टेल से हेड तक डिजाइन किया गया है और पानी की मात्रा/ डिस्चार्ज की गणना परियोजना के कार्य के साथ चक संचालन के समय को गुणा करके की जा सकती है।

उत्तर स्वीकार्य नहीं हैं क्योंकि पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के मामले में निरीक्षण का विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं था। इसप्रकार के अभिलेखों की कमी सार्वजनिक वित्त पोषित परियोजनाओं में जवाबदेही और पारदर्शिता को कम करती है। इसके अलावा, स्काडा के माध्यम से 2.5 हेक्टेयर चक पर वितरित पानी का विवरण दर्ज नहीं किया गया था। परिणामस्वरूप,

लेखापरीक्षा इस बात का पर्याप्त आश्वासन प्राप्त करने में असमर्थ है कि निरीक्षण किए गए हैं और 2.5 हेक्टेयर चक में अपेक्षित आउटलेट प्रदान किए गए हैं।

2.1.7.3 अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार मापों की निगरानी

अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार, ठेकेदार को कार्य के विभिन्न घटकों के सभी मापों को माप पुस्तिकाओं/ स्तर फ़ील्ड पुस्तिकाओं में दर्ज करना होगा और आवश्यकतानुसार क्रॉस-सेक्शन शीटों में अंकित करना होगा और वास्तविक कार्यान्वयन के अनुसार प्राप्त मात्राओं को, तथा स्थायी संदर्भ के लिए उपयोगी क्रॉस-सेक्शन को अंकित करना होगा। अनुबंध की धारा 106.10 के अनुसार, भुगतान से पहले सक्षम प्राधिकारी द्वारा सभी छिपे हुए मापों की 100 प्रतिशत जाँच की जाएगी। मापों को दर्ज करने की यही प्रक्रिया कार्य के कार्यान्वयन से संबंधित अन्य सभी मदों और गतिविधियों के लिए भी लागू होगी।

➢ विस्तृत मापों का रिकॉर्ड न करना

अलीराजपुर, छीपानेर, छैगांवमाखन, पाती, एनजेपीटीएस, रानी दुर्गावती में माप पुस्तिकाओं में विस्तृत माप दर्ज नहीं पाए गए और पिपरी में ट्रेंच और बैकफिलिंग का माप केवल लंबाई के आधार पर किया गया था, जिसमें ट्रेंच की गहराई और चौड़ाई का उल्लेख नहीं था। इसके अलावा, माप दर्ज करने की तारीख माप पुस्तिका में दर्ज नहीं की गई थी। बलवाड़ा एम.आई.पी. और छैगांवमाखन एम.आई.पी. और हरसूद एम.आई.पी. की माप पुस्तिकाओं की नमूना जांच में पाया गया कि अनुबंध की शर्त के अनुसार, पाइपलाइन पर गनिटिंग[48] के लिए न्यूनतम मोटाई 30 मिमी होगी, लेकिन माप में मोटाई का उल्लेख/ रिकॉर्ड नहीं किया गया था। मिट्टी की खुदाई के लिए माप विस्तृत क्रॉस-सेक्शनल माप के बजाय रनिंग मीटर में दर्ज किए गए थे। विस्तृत माप के अभाव में, पाइपलाइन के ऊपर दोनों तरफ न्यूनतम स्थान और रेतीली या मुरुम मिट्टी के लिए प्रदान की गई कुशन को दिशानिर्देशों[49] के प्रावधानों के अनुरूप सत्यापित नहीं किया जा सका।

सदस्य (अभियांत्रिकी) ने बताया (दिसंबर 2023) कि रखरखाव अनुसूची में मदवार दरें निर्धारित करने के लिए मापों को संपूर्ण मद की इकाई के अनुसार दर्ज किया जाता है, न कि विस्तृत मापों के अनुसार। टर्न-की अनुबंध उन बड़े पैमाने की परियोजनाओं के लिए अपनाया जाता है जिनमें मद दर के अनुसार आगे बढ़ना संभव नहीं होता। अनुबंध के अनुसार, कार्य विभाग में प्रचलित विनिर्देशों के अनुसार किया जाता है।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि अनुबंध में ही अनुमान तैयार करने और माप दर्ज करने के प्रावधान शामिल थे, जो नहीं किए गए थे। विस्तृत माप के बजाय समग्र माप की अनुमति देना, इस प्रकार अनियमित था।

➢ हार्ड रॉक का लेखा न होना

अनुबंध की विशेष शर्तों के अनुसार, ठेकेदार इस परियोजना पर निर्माण कार्य हेतु उत्खनित उपयोगी मिट्टी, पत्थर और अन्य निर्माण सामग्री का निःशुल्क उपयोग कर सकता है और उद्धृत दरों में इस उपयोग को शामिल किया जाएगा। इस अनुबंध

[48] यह शुष्क मिश्रित शॉटक्रीट लगाने की विधि है, शॉटक्रीट मोर्टार या कंक्रीट है जिसे एक नली के माध्यम से पहुंचाया जाता है और उच्च वेग से सतह पर प्रक्षेपित किया जाता है, जिसे एयर-ब्लोन मोर्टार भी कहा जाता है, इसे वायुचालित रूप से लगाया गया मोर्टार या कंक्रीट, स्प्रे मोर्टार और गन कंक्रीट भी कहा जाता है।

[49] जुलाई 2017 में भारत सरकार, सीडब्ल्यूसी जल संसाधन मंत्रालय, नदी विकास और गंगा संरक्षण द्वारा पाइप सिंचाई नेटवर्क की योजना और डिजाइन के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए।

के अंतर्गत कार्यों में ठेकेदार द्वारा उपरोक्त सामग्री के उपयोग पर, खनन/ राजस्व विभाग के नियमों के अनुसार ठेकेदार से रॉयल्टी शुल्क लिया जाएगा।

आईएसपी-पार्वती चरण-III और IV के इनलेट चैनल का दृश्य

12 कार्यों की तकनीकी स्वीकृति में, हार्ड रॉक के उत्खनन मद में 16.85 लाख घन मीटर हार्ड रॉक का आंकलन किया गया। कार्यान्वयन के दौरान, सात कार्यों में उत्खनित हार्ड रॉक को न तो दर्ज किया गया और न ही एमएएस[50] खाते में लिया गया और न ही संभाग में यह दर्शाने के लिए कोई रिकॉर्ड रखा गया कि ठेकेदार द्वारा कितनी मात्रा में हार्ड रॉक का उपयोग किया गया। विवरण **परिशिष्ट 2.7** में दिया गया है। हार्ड रॉक का ढेर न लगाना और एमएएस खाते का रखरखाव न करना, कार्यों की अपर्याप्त निगरानी का संकेत देता है और रॉयल्टी शुल्क के रूप में ₹ 2.16 करोड़ की अनुमानित राशि के राजस्व के रिसाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

2.1.7.4 सुपरवाइजरी कंट्रोल और डेटा एक्विजिशन सिस्टम

सुपरवाइजरी कंट्रोल और डेटा अधिग्रहण प्रणाली (स्काडा) सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर तत्वों की एक प्रणाली है जो वास्तविक समय के डेटा की निगरानी, एकत्रीकरण और प्रसंस्करण, स्थानीय या दूरस्थ स्थानों पर प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने, सेंसर, वाल्व, पंप, मोटर जैसे उपकरणों के साथ सीधे इन्टरैक्ट करने और लॉग फ़ाइल में घटनाओं को रिकॉर्ड करने की अनुमति देती है।

अनुबंध समझौते के भाग-III के अनुसार, योजना की तकनीकी निगरानी उपकरण, स्वचालन और स्थानीय स्काडा प्रणाली पर निर्भर है। स्काडा प्रणाली के उद्देश्यों में अन्य बातों के अलावा, हाइड्रोलिक मापदंडों की निगरानी और नियंत्रण, विद्युत ऊर्जा की निगरानी, 2.5 हेक्टेयर तक के चक में वितरण नेटवर्क में निगरानी और मापन, और उपकरणों, जैसे पंप, मोटर आदि की निगरानी शामिल थी। सभी 18 एम.आई.पी. परियोजनाओं में, उपकरणों की कार्यक्षमता की निगरानी और उनकी रिपोर्टिंग के लिए स्काडा प्रणाली का प्रावधान किया गया था। पूर्ण हो चुकी एम.आई.पी. के संयुक्त भौतिक सत्यापन के दौरान निम्नलिखित पाया गया:

अ. पाँच एम.आई.पी. वाले समूह एम.आई.पी. के प्रकरण में, मुख्य अभियंता द्वारा अनुमोदित भुगतान अनुसूची की जाँच से पता चला कि समूह एमआईएस की भुगतान अनुसूची में कोई ऑन/ ऑफ वाल्व शामिल नहीं था। इसके अलावा, माप पुस्तिकाओं (एमबी) की जाँच में ऑन/ ऑफ वाल्वों की स्थापना के माप भी एमबी में दर्ज नहीं पाए गए, इसलिए प्रत्येक 2.5 हेक्टेयर चक पर आवश्यक ऑन/ ऑफ वाल्व की व्यवस्था लेखापरीक्षा में सत्यापित नहीं की जा सकी। ऑन/

[50] मटेरियल एट साइट।

ऑफ वाल्व के अभाव में, स्काडा के माध्यम से प्रत्येक 2.5 हेक्टेयर चक में छोड़े गए पानी की रिपोर्टिंग और उसका संचालन संभव नहीं था।

इसके अलावा, विभाग द्वारा समूह माइक्रो परियोजना और हरसूद एम. आई. पी. को पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करने के बाद, ठेकेदार ने संचालन और रखरखाव का काम शुरू किया, लेकिन ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराए गए उपकरण और स्वचालन की निगरानी पर स्कॉडा के माध्यम से उत्पन्न रिपोर्ट संभाग के अभिलेखों में नहीं पाई गई। इस प्रकार, विभाग के पास मोटरों और पंपों के प्रदर्शन और प्रत्येक 2.5 हेक्टेयर आउटलेट पर पानी के निर्वहन का आकलन करने का कोई साधन नहीं था। ऐसी स्थिति में, लेखापरीक्षा पूरे रबी मौसम में पानी की मात्रा की आपूर्ति और दक्षता के बारे में पर्याप्त आश्वासन प्राप्त नहीं कर सकी।

कार्यपालन यंत्री एनडी संभाग क्रमांक 25, नर्मदा नगर ने (जून 2023) बताया कि जल की दक्षता और आपूर्ति की निगरानी स्काडा प्रणाली के माध्यम से की जा रही है और इसे प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। हालाँकि, निगरानी के उद्देश्य से पंप हाउसों पर रजिस्टर बनाए जा रहे हैं।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि यह दावा कि स्कॉडा के माध्यम से निगरानी की जा रही थी, स्कॉडा द्वारा उत्पन्न रिपोर्टों की प्रतियों द्वारा समर्थित नहीं था। इसके अलावा, संभाग पंपों के संचालन से संबंधित उपरोक्त रजिस्टर प्रदान नहीं कर सका, इस दावे के बावजूद कि पंपहाउस में उनका संधारण किया जा रहा था।

ब. छैगांवमाखन परियोजना में स्काडा के माध्यम से जल प्रवाह से संबंधित गलत आँकड़े तैयार किए जा रहे थे। स्काडा के अपर्याप्त संचालन के कारण निगरानी अप्रभावी रही। विभाग ने संपूर्ण स्काडा प्रणाली के लिए ₹ 24.16 करोड़ का भुगतान किया था, जो कि एक निष्क्रिय व्यय के रूप में बना रहा।

कार्यपालन यंत्री एनडी संभाग 13, खंडवा ने कहा (अगस्त 2023) छैगांवमाखन लिफ्ट सिंचाई परियोजना के इन्टेक पॉइंट पर वनस्पति वृद्धि की सफाई अगले रबी सीजन पंपिंग से पहले यानी अगले नवंबर 2023 से पहले सुनिश्चित की जाएगी। आगे बताया गया कि दिसंबर-2022 और जनवरी 2023 के लिए पीएच-1 से डिस्चार्ज की रिपोर्ट में फ्लो मीटर सेंसर की खराबी और फ्लो मीटर की नॉन-कैलिब्रेटेड रीडिंग के कारण गलत डिस्चार्ज आँकड़े दिखाई दे रहे हैं। अगली रबी पंपिंग से पहले फ्लो मीटर के रि-कैलिब्रेशन द्वारा इसे ठीक कर लिया जाएगा।

बलवाड़ा माइक्रो सिंचाई योजना में, आउटलेट मैनेजमेंट सिस्टम (ओएमएस बॉक्स), ऑनलाइन बॉक्स और उसमें लगे सभी कंट्रोलिंग सिस्टम नष्ट हो गए थे। सिस्टम को स्काडा के बजाय मैन्युअल रूप से संचालित किया जा रहा था। ओएमएस बॉक्स से आठ आउटलेट उपलब्ध कराने के स्थान पर, ठेकेदार ने प्रत्येक10 हेक्टेयर के दो रिमोट टर्मिनल यूनिट (आरटीयू) उपलब्ध कराई। इन आरटीयू से 2.5 हेक्टेयर चक के लिए 04 आउटलेट दिए गए। आरटीयू भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त था और काम नहीं कर रहा था।

क्षतिग्रस्त ओएमएस बॉक्स (RBC229) का दृश्य
जुलाई 2023 तक की स्थिति

नोड R229 के क्षतिग्रस्त RTU2 का दृश्य
जुलाई 2023 की स्थिति

स्काडा की कार्यात्मकता की हानि के साथ ओ.एम.एस. बॉक्स और आर.टी.यू. के नष्ट होने का तात्पर्य है कि प्रणाली की निगरानी या नियंत्रण अब दूर से नहीं किया जा सकता है। चूँकि स्काडा प्रणाली वास्तविक समय में डेटा संग्रह, स्वचालित वाल्व संचालन और पानी की सटीक शेड्यूलिंग को सक्षम बनाती है, इसलिए उपकरण को नुकसान जल वितरण में सटीकता को कम कर सकता है और रिसाव, पाइप फटने या प्रणाली की विफलताओं का पता लगाने में विफलता हो सकती है।

कार्यपालन यंत्री एनडी संभाग क्रमांक 8, सनावद ने बताया (जुलाई 2023) कि वर्षा ऋतु में बलवाड़ा परियोजना का रखरखाव एवं संचालन कार्य असंचालित है, पिछले रबी सीजन की सिंचाई में स्काडा का उपयोग किया गया था। कृषकों द्वारा क्षतिग्रस्त ओएमएस एवं आरटीयू बॉक्स की मरम्मत एवं रखरखाव चालू रबी मौसम में संचालन एवं रखरखाव एजेंसी द्वारा किया जाएगा तथा स्काडा का उपयोग करके जल का नियमन किया जाएगा।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि संचालन एवं रखरखाव अनुबंध की धारा 15, "वित्तीय बोली" के अनुसार, संचालन एवं रखरखाव अनुबंध में संचालन के साथ-साथ सभी नियमित रखरखाव कार्य और ब्रेकडाउन रखरखाव भी शामिल होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, धारा 8.1 के अनुसार, अनुबंध के निष्पादन के दौरान और उसके परिणामस्वरूप होने वाली भौतिक संपत्ति की हानि या क्षति तथा व्यक्तिगत चोट का जोखिम ठेकेदार की ज़िम्मेदारी है।

अलीराजपुर लिफ्ट सिंचाई योजना में, स्काडा कक्ष में प्रदर्शित 1,742 में से 538 ओएमएस बॉक्स डिस्कनेक्टेड पाए गए तथा इन ओएमएस बॉक्स के माध्यम से सिंचाई का डेटा भी 'शून्य' प्रदर्शित किया जा रहा था।

कार्यपालन यंत्री एनडी संभाग 16, कुक्षी ने बताया (सितंबर 2023) कि किसानों द्वारा कंट्रोल बॉक्स और सोलर पैनल से छेड़छाड़ के कारण 538 बक्सों डिस्कनेक्ट हुए थे जिनकी मरम्मत की जा रही है। हालांकि, ट्रायल रन के दौरान 21,160 हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई की गई है। इसे माप पुस्तिका में दर्ज नहीं किया गया है।

उत्तर स्वीकार्य नहीं था, क्योंकि डिस्कनेक्ट किए गए ओएमएस बॉक्सों के कारण किसानों को पानी की आपूर्ति की निगरानी का अनुबंध में उल्लिखित उद्देश्य विफल रहा।

2.1.7.5 सिंचाई के लिए पानी का परीक्षण

केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी पाइप सिंचाई नेटवर्क की योजना और डिजाइन के दिशानिर्देशों के पैरा 5.3 के अनुसार, पाइप के किफायती आकार का निर्धारण करने के लिए, डिजाइनर को डिजाइन चरण में पाइप सामग्री पर पानी की गुणवत्ता के संभावित प्रभावों

और उम्र के साथ पाइपों के क्षरण पर विचार करना होगा। सिंचाई जल की गुणवत्ता का निर्धारण IS 11624:1986 के प्रावधानों के अनुसार किया जाना था।

विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 18 में से 10 एम.आई.पी. के संबंध में एनडी संभागों में से किसी ने भी जल गुणवत्ता परीक्षण नहीं किया। जल गुणवत्ता परीक्षण न किए जाने से यह संकेत मिलता है कि पाइप के किफायती आकार और पाइप सामग्री पर जल गुणवत्ता के संभावित प्रभावों के निर्धारण के लिए जल गुणवत्ता कारक पर विचार नहीं किया गया।

2.1.7.6 जल उपयोगकर्ता समूहों का गठन न होना

केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी पाइप सिंचाई नेटवर्क की योजना और डिजाइन के लिए दिशानिर्देशों के पैरा 2.6 के अनुसार, जब पाइप सिंचाई प्रणाली को एक ही समय में कमान में पूरे आउटलेट चलाने के लिए डिजाइन किया गया है। स्रोत में पानी के स्तर को सख्ती से बनाए रखने के लिए उचित ध्यान दिया जाना चाहिए। पानी के दुरुपयोग को तुरंत सही उपयोगकर्ता द्वारा पता लगाया जाता है, जिसकी आपूर्ति गायब हो जाती है क्योंकि चक/ ब्लॉक का क्षेत्र तुलनात्मक रूप से बहुत छोटा है। पाइप सिंचाई नेटवर्क के साथ, इसे आसानी से पाइप आउटलेट के निर्वहन को कृषि योग्य क्षेत्र के अनुपात में रखने के लिए डिजाइन किया जा सकता है, और सभी आउटलेट एक समय में चलते हैं, इसलिए कमान के शीर्ष, मध्य और अंतिम छोर में कोई अंतर नहीं है। पाइप सिंचाई नेटवर्क के कार्यान्वयन से पहले उपयोगकर्ता समूह को बनाना और आगे के पर्यवेक्षण और सुरक्षा के लिए नेटवर्क को तुरंत उपयोगकर्ता समूह को सौंपना आवश्यक है।

यह पाया गया कि किसी भी एम.आई.पी. के संबंध में कार्य कार्यान्वयन से पहले जल उपभोक्ता समूहों का गठन नहीं किया गया था। हालाँकि, चार एनडी संभागों के छह एम.आई.पी. के संबंध में परियोजनाओं के पूरा होने के बाद जल उपभोक्ता संथाओं का गठन किया गया। परिणामस्वरूप, ओएमएस बॉक्सों को हुए नुकसान, कमान कवरेज में विचलन से संबंधित मुद्दे सामने आए, जैसा कि ऊपर दी गई कंडिकाओं में चर्चा की गई है।

मुख्य अभियंता, एलएनपी, इंदौर ने बताया (जून 2024) कि बलवाड़ा एम.आई.पी. के मामले में तीन जल उपयोगकर्ता संथाओं का गठन किया जा चुका है। मुख्य अभियंता, आईएसपी (नहर) सनावद ने बताया (जून 2024) कि छैगांवमाखन लिफ्ट सिंचाई योजना के लिए, 35,000 सीसीए के लिए 19.09.2022 को कुल 20 जल उपयोगकर्ता संथाओं का गठन किया जा चुका है। नागलवाड़ी, पाती, पिपरी के लिए जल उपयोगकर्ता संथाओं का गठन प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा, विभाग ने निर्गम सम्मेलन (जनवरी 2025) में बताया कि कार्य कार्यान्वयन से पहले यह व्यावहारिक रूप से संभव नहीं था क्योंकि टर्न-की ठेकेदार अपना डिजाइन प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र था।

उत्तरों से इंगित हुआ कि दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार समय पर पर्यवेक्षण और सुरक्षा के लिए पाइप सिंचाई नेटवर्क के कार्यान्वयन से पहले उपयोगकर्ता समूहों का गठन नहीं किया गया था। परियोजना कार्यान्वयन से पहले जल उपयोगकर्ता समूहों का गठन सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने, बुनियादी ढांचे की रक्षा करने, समान जल वितरण बनाए रखने और पाइप सिंचाई नेटवर्क की समग्र स्थिरता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

2.1.7.7 बलवाड़ा माइक्रो सिंचाई योजनाओं का संचालन और रखरखाव

बलवाड़ा माइक्रो सिंचाई योजना के संचालन एवं रखरखाव का कार्य मेसर्स लक्ष्मी सिविल इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को ₹ 49.20 लाख की निर्धारित अनुबंध राशि पर 24 महीने की निर्धारित अवधि में पूर्ण करने के लिए सौंपा गया था (18 अक्टूबर 2021)। अनुबंध के अनुसार, ठेकेदार को आवश्यकतानुसार कमान क्षेत्र के किसानों को सिंचाई जल उपलब्ध कराना था, कमान क्षेत्र के किसानों से संवाद स्थापित करना था, सिंचाई की रिपोर्टिंग एवं रखरखाव करना था, तथा अभिलेख एवं विभागीय नियमों के अनुसार सिंचाई के बिल तैयार करना था। किसानों को सिंचाई के बिलों का वितरण भी अनुबंध का एक भाग था।

यह पाया गया कि कार्य कार्यान्वयन ठेकेदार ने वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए वार्षिक संचालन योजनाएँ प्रस्तुत नहीं कीं। संचालन-पश्चात एवं रखरखाव कार्यों के मामले में, विभाग द्वारा ठेकेदार को कार्य के संचालन एवं रखरखाव हेतु नियमित मासिक भुगतान (कुल राशि ₹ 18.45 लाख) किया गया, परन्तु ठेकेदार द्वारा सिंचाई के बिलों की तैयारी एवं वितरण से संबंधित अभिलेख नहीं पाए गए। इस प्रकार, लेखा परीक्षा इस बात का पर्याप्त आश्वासन प्राप्त नहीं कर सकी कि आपूर्ति किए गए पानी की मात्रा को ठीक से दर्ज किया जा रहा है, और प्रत्येक किसानों को पानी की आपूर्ति के लिए बिल बनाए जा रहे हैं।

इसके अलावा, अनुबंध की शर्तों में यह भी कहा गया था कि प्रत्येक माह के अंत में, या एन.वी.डी.ए. की पहल पर, एक दौरा आयोजित किया जाएगा ताकि दोनों पक्ष संस्थापन के स्थल की स्थिति की जाँच कर सकें। दोनों पक्षों की राय दर्ज करने के लिए एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के लेखापरीक्षण के दौरान अभिलेखों में ऐसा कुछ भी नहीं पाया गया जिससे यह सिद्ध हो सके कि ठेकेदार ने स्काडा के माध्यम से वितरण नेटवर्क संचालित किया था।

शासन का उत्तर प्रतीक्षित है (अप्रैल 2025)

2.1.8 निष्कर्ष

लेखापरीक्षा ने 4.91 लाख हेक्टेयर सी.सी.ए. को कवर करने वाली 18 एम.आई.पी. के कार्यान्वयन की नमूना जांच की, इनमें से विभाग अगस्त 2024 तक 97,843 हेक्टेयर सी.सी.ए. (20 प्रतिशत) वाली नौ परियोजनाओं को पूर्ण कर सका और शेष नौ परियोजनाओं में से सात चल रही परियोजनाओं को 17 से 34 महीने के विलंब के साथ कार्यान्वित किया जा रहा था। टोपोग्राफी (स्थलाकृति) सर्वेक्षण के आधार पर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किए गए थे। इसके परिणामस्वरूप एकमुश्त आधार पर वस्तुओं को शामिल करने, पहले से ही यू.एस.आर. में शामिल वस्तुओं, विभाग द्वारा भुगतान की जाने वाली वस्तुओं और अनुमान से ठोस चट्टान के मूल्य में कटौती न करने के कारण प्राक्कलन बढ़े हुए थे।

कमांड क्षेत्र में विचलन देखा गया। 2.5 हेक्टेयर चक के निकास पर पानी का आवश्यक दबाव को सुनिश्चित नहीं किया गया था। ठेकेदारों द्वारा आवश्यक अनापत्तियाँ प्राप्त करने में विलंब के कारण एम.आई.पी. के कार्यान्वयन में विलंब हुए, हालाँकि, परियोजनाओं के कार्यान्वयन में हुए विलंबों के लिए शास्ति को आरोपित नहीं किया गया। मूल्य समायोजन के भुगतान में उच्चतर लिंकिंग फेक्टर अपनाने, भुगतान के लिए पूर्व तिथि को अपनाने, अंकगणितीय त्रुटि और सूचकांकों के गलत मानों के उदाहरण अवलोकित किए गए। राइजिंग मेन और ग्रेविटी मेन बिछाने के लिए पाइपों की मोटाई सीडब्ल्यूसी द्वारा जारी दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार सुनिश्चित नहीं की गई थी।

सुपरवाइजरी कंट्रोल और डेटा एक्विजिशन सिस्टम की अपर्याप्त कार्यप्रणाली को अवलोकित किया गया, जो विभाग द्वारा एम.आई.पी. के कार्यप्रणाली की अपर्याप्त निगरानी को दर्शाता है।

2.1.9 अनुशंसाएं

यह अनुशंसा की जाती है कि विभाग:

- विस्तृत स्थलाकृतिक, मिट्टी और जलवैज्ञानिक आंकलन के साथ पाइप सिंचाई कार्यों के लिए सटीक लागत प्राक्कलनों को तैयार करने के लिए मध्य प्रदेश निर्माण विभाग नियमावली के प्रावधानों के अनुसार व्यापक सर्वेक्षण कर सकता है ;

(कंडिका 2.1.5.1)

- वित्त विभाग के समन्वय के साथ बजट और व्यय देनदारियों का मूल्यांकन कर सकता है ताकि पर्याप्त धन सुनिश्चित किया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि निधि जारी करना परियोजना के माइलस्टोन के अनुरूप है ;

(कंडिका 2.1.5.4)

- पर्यावरणीय अनापत्ति एवं भूमि अधिग्रहण सहित प्रारंभिक कार्यों को समय के भीतर अंतिम रूप दे सकता है और ठेकेदार के विलंब के लिए शास्ति को सख्ती से लागू कर सकता है ;

(कंडिका 2.1.6.1)

- पर्याप्त औचित्य के बिना त्रुटिपूर्ण लिंकिंग फेक्टर को अपनाने और कार्य के क्षेत्र में परिवर्तन के परिणामस्वरूप चूक और अनुचित चूक के कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों पर जांच और उत्तरदायित्व निर्धारित कर सकता है ;

(कंडिका 2.1.6.3 एवं 2.1.6.8)

- एम.आई.पी. के वास्तविक समय के डाटा की निगरानी, संग्रहण और प्रसंस्करण हेतु स्काडा के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एक उपयुक्त तंत्र विकसित कर सकता है।

लेखापरीक्षा कंडिकाएँ

2.2 कार्य पूर्ण होने की तिथि के बाद मूल्य समायोजन के लिए ₹ 7.30 करोड़ का अनियमित भुगतान

एक ठेकेदार को कार्य पूरा होने की तिथि के बाद संचालन और रखरखाव (ओ एंड एम) पर मूल्य समायोजन के लिए अनियमित रूप से ₹ 7.30 करोड़ का भुगतान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदार को अधिक भुगतान और अनुचित लाभ हुआ।

नर्मदा मालवा गंभीर लिंक योजना के कार्यान्वयन के साथ ही एक पूर्णतः चालू प्रणाली के संचालन एवं रखरखाव हेतु 18 महीने की अवधि के लिए टर्न-की आधार पर निविदाएँ आमंत्रित (नवंबर 2014) की गईं। यह कार्य एक ठेकेदार को ₹ 1,842 करोड़ के अनुबंध मूल्य पर सौंपा गया (फरवरी 2015), जो निविदा में रखे गए कार्य के मूल्य, अर्थात ₹ 2,146.07 करोड़ से 14.168 प्रतिशत कम था। अनुबंध फरवरी 2015 में निष्पादित किया गया था, जिसमें वर्षा ऋतु सहित 36 महीने की निर्धारित अवधि थी, अर्थात कार्य 24 फरवरी 2018 तक पूरा किया जाना था। समझौते के धारा 31.8 में प्रावधान है कि ठेकेदार को भुगतान की गई राशि को वस्तुओं की लागत में वृद्धि या कमी के लिए त्रैमासिक रूप से समायोजित किया जाएगा। मूल्य समायोजन समझौते के धारा 113 में निर्धारित सूत्र के अनुसार किया जाएगा। मूल्य समायोजन धारा केवल उस कार्य के लिए लागू था जो ठेकेदार के लिए जिम्मेदार नहीं होने के कारणों के कारण निर्धारित अवधि या उसके विस्तार के भीतर किया जाता है।

समय-समय पर समय विस्तार दिया गया, 31 अक्टूबर 2020 तक का नवीनतम और पांचवां समय विस्तार अगस्त 2020 में दिया गया। सभी समय विस्तार अनुबंध भाग-II के धारा 74 के तहत मूल्य समायोजन के साथ प्रदान किए गए।

कार्यपालन यंत्री (ईई), ओ एस पी नहर संभाग, धामनोद के अभिलेखों की जाँच (फरवरी 2024) के दौरान पाया गया कि ईई ने 23 दिसंबर 2020 को कार्य के लिए पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया था, जिसमें प्रमाणित किया गया था कि कार्य 31 अक्टूबर 2020 को पूरा हो गया था। लेखापरीक्षा में पाया गया कि ओ एंड एम के लिए ठेकेदार को मार्च 2021 और जून 2022 के बीच 10 आर ए बिलों[51] के माध्यम से ₹ 7.30 करोड़ का मूल्य समायोजन का भुगतान किया गया था। चूँकि कार्य अक्टूबर 2020 में पूरा हो चुका था, इसलिए ओ एंड एम के लिए मूल्य समायोजन का भुगतान मान्य नहीं था।

सदस्य (वित्त) ने उत्तर दिया (जनवरी 2025) कि सरकार के हितों की रक्षा के लिए, अनुबंध लागत का एक प्रतिशत रोक लिया जाना था और यह राशि संचालन एवं रखरखाव के दौरान ठेकेदार को मासिक आधार पर जारी की जानी थी। चूँकि संचालन एवं अनुरक्षण की 18 महीने की अवधि के दौरान ठेकेदार को मासिक आधार पर ₹ 1.02 करोड़ का भुगतान किया

[51]

आर ए बिल सं.	दिनांक	राशि
70	मार्च 2021	63,34,061
71	जून 2021	79,75,995
72 & 73	सितम्बर 2021	1,76,93,792
74 & 75	दिसंबर 2021	1,74,02,304
77	मार्च 2022	74,47,732
78, 79 और 80	जून 2022	1,61,07,365
	कुल	**7,29,61,249**

गया, जो कार्य का हिस्सा है जिसमें निर्माण के सभी घटक शामिल हैं। इसलिए, अनुमोदित भुगतान अनुसूची और अनुबंध धारा के अनुसार ओ एंड एम के लिए मूल्य समायोजन का भुगतान किया गया।

उत्तर संतोषजनक नहीं है क्योंकि अनुबंध लागत का एक प्रतिशत रोककर संचालन एवं रखरखाव अवधि के दौरान उसे जारी करने का प्रावधान मूल्य समायोजन धारा से अलग है। कार्य पूरा होने के बाद और ओ एंड एम अवधि के दौरान भी, मूल्य समायोजन के नाम पर ₹ 7.30 करोड़ का भुगतान स्पष्ट रूप से किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ठेकेदार को अतिरिक्त भुगतान हुआ। इसके अलावा, ओ एंड एम की लागत को कार्य के प्राक्कलन में अलग से शामिल किया गया था।

2.3 ठेकेदारों को ₹ 59.04 करोड़ का अनुचित लाभ

नर्मदा विकास संभाग 5, कटनी के ईई ने (i) अनुबंध के दायरे में काम को एक नए ठेकेदार को देने, (ii) अप्रत्याशित घटना के आधार पर अतिरिक्त भुगतान और (iii) सड़क की मरम्मत के लिए भुगतान की गई राशि की वसूली न करने के कारण ठेकेदारों को ₹ 59.04 करोड़ का अनुचित लाभ दिया।

टर्न-की आधार पर आर डी 104.00 किमी से 129.00 किमी तक बरगी डायवर्सन परियोजना के स्लीमनाबाद कैरियर नहर (बरगी राइट बैंक नहर पर) के कार्यान्वयन के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई थीं (दिसंबर 2007)। कार्य मैसर्स पटेल-एसईडब्ल्यू (जेवी), हैदराबाद को ₹ 799.00 करोड़ के लिए प्रदान किया गया था, अर्थात 2007 के डब्ल्यूआरडी यूएसआर से 24.84 प्रतिशत अधिक। सम्पूर्ण कार्य को 40 महीनों में पूरा करने हेतु कार्यादेश 26 मार्च 2008 को जारी किया गया था। हालांकि, कार्य अभी भी प्रगति पर था (30 जून 2023) और ठेकेदार को सातवीं बार समय विस्तार दिया गया है। ठेकेदार को भुगतान की गई नवीनतम चालू बिल 338वां चलित देयक था, जिसमें किए गए कार्य का अद्यतन मूल्य ₹ 1,356.05 करोड़ था।

लेखापरीक्षा ने कार्य के कार्यान्वयन के संबंध में निम्नलिखित मुद्दे देखे:

2.3.1 कार्य, जो मूल कार्य-सीमा के भीतर था, उसे नए ठेकेदार को देकर ठेकेदार को ₹ 13.24 करोड़ का अनुचित लाभ प्रदान किया गया।

एन आई टी शर्तों के धारा 1.6 के अनुसार, कार्य के दायरे में अन्य बातों के साथ-साथ डिजाइन के अनुसार सुदृढ़ीकरण के साथ कंक्रीट लाइनिंग, कान्ट्रैक्ट ग्राउटिंग, लाइनिंग के बाद समेकन ग्राउटिंग, खुदाई के दौरान व्यापक डी-वाटरिंग (अपेक्षित ग्राउंड वॉटर टेबल बेड लेवेल से 6-8 मीटर ऊपर था), शॉटक्रिटिंग[52], समेकन ग्राउटिंग[53], रॉक बोल्टिंग[54], आरसीसी लैगिंग, स्थायी स्टील सपोर्ट आदि शामिल थे।

ईई, एनडी संभाग 5, कटनी (सितंबर 2024) के अभिलेखों की जाँच के दौरान यह पाया गया कि निर्माणाधीन स्लीमनाबाद टनल के चयनित हिस्सों में आरडी 107.00 कि.मी. से 111.80 कि.मी. के बीच मिट्टी स्थिरीकरण के लिए सीमेंट कांक्रीट ग्राउट ब्लॉक्स[55] के निर्माण के लिए एक अनुबंध (मार्च 2023) अन्य ठेकेदार (एम/एस फ़ालौडी कंस्ट्रक्शन्स) के माध्यम से

[52] शॉर्टक्रेटिंग: ऊर्ध्वाधर सतह पर उच्च वेग कंक्रीट लगाना।

[53] समेकन ग्राउटिंग: समेकन ग्राउटिंग कमजोर या खंडित चट्टान द्रव्यमान को मजबूत करने और विसंगतियों (दरारें, छेद, आदि) में ग्राउट को इंजेक्ट करके पारगम्यता को कम करने के लिए है।

[54] रॉक बोल्टिंग: एक तकनीक जिसका उपयोग पत्थर के द्रव्यमानों को स्थिर करने के लिए ड्रिल किए गए छेदों में बोल्ट या केबल डालकर किया जाता है।

[55] सीमेंट ग्राउट ब्लॉक मिट्टी में तरल सीमेंट डालकर उसे कठोर बनाने तथा स्थिरीकरण हेतु उपयोग किए जाते हैं।

निष्पादित किया गया था, जिसकी अनुबंध राशि ₹ 9.76 करोड़ थी। मार्च 2023 में 17वें चलित देयक के भुगतान तक ₹ 13.24 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है।

कार्य के दायरे के अनुसार, यह कार्य मेसर्स पटेल-एसईडब्ल्यू (जेवी) द्वारा बिना किसी अतिरिक्त भुगतान के किया जाना था, यह अनुबंध टर्न-की आधार पर था, लेकिन अनुबंध के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए, कार्य आवंटित किया गया और अन्य ठेकेदार के माध्यम से कार्यान्वयित किया जा रहा था (नवंबर 2021)। इसके परिणामस्वरूप न केवल अतिरिक्त भुगतान हुआ, बल्कि मेसर्स पटेल-एसईडब्ल्यू (जेवी) को ₹ 13.24 करोड़ (मार्च 2023 तक) का अनुचित लाभ भी दिया।

इसे इंगित किए जाने पर (जुलाई 2024), एनवीडीए के सदस्य (वित्त) ने कहा (फरवरी 2025) कि स्लीमनाबाद सुरंग का निर्माण "खुदाई और बोर (पारंपरिक)" पद्धति के तहत प्रस्तावित किया गया था और जिन अनुमानों पर निविदाएं आमंत्रित की गई थीं, वे उसी आधार पर तैयार किए गए थे। यद्यपि कार्य की वास्तविक लागत का आकलन करने के लिए वास्तविक भूवैज्ञानिक स्थितियों का पता लगाने के लिए अधिक भूवैज्ञानिक जाँच की आवश्यकता थी, लेकिन चूंकि कार्य टर्न-की आधार पर आमंत्रित किया गया था, इसलिए यह माना गया कि की गई जाँच पर्याप्त थी, यह मानते हुए कि सुरंग के संरेखण में भूवैज्ञानिक स्तर समान होंगे। लेकिन सुरंग निर्माण के दौरान, उच्च जल स्तर और विषम स्तरों के कारण, 2,700 मीटर लंबे क्षेत्र में फैले शहर के निवासियों को नुकसान होने की संभावना थी। चूंकि भूमि स्थिरीकरण का प्रावधान न तो अनुमान में किया गया था, न ही कार्य के दायरे में इसका उल्लेख किया गया था, इसलिए, ग्राउटिंग का काम अलग से किया गया और अलग से निविदा आमंत्रित की गई। यह कार्य 26 मार्च 2021 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में स्वीकृत किया गया।

उत्तर भ्रामक है क्योंकि कार्य की मद पहले से ही कार्यक्षेत्र में थी और विभाग द्वारा भूवैज्ञानिक स्तर की धारणा के संबंध में विभाग का तर्क न्यायोचित नहीं था क्योंकि भू-स्तर कार्य के वास्तविक विवरण का आकलन करने के लिए सर्वेक्षण और जाँच की जिम्मेदारी टर्न-की ठेकेदार के पास थी। इस प्रकार, इस मद का कार्य किसी अन्य ठेकेदार के माध्यम से कराने के परिणामस्वरूप मूल ठेकेदार को अनुचित लाभ हुआ।

2.3.2 अप्रत्याशित घटना की दलील पर ₹ 39.60 करोड़ का अनियमित भुगतान

एन आई टी शर्तों के धारा 23 के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी अप्रत्याशित घटना की परिस्थितियों में उचित समझे जाने पर अतिरिक्त समय की अनुमति देगा। हालाँकि, अप्रत्याशित घटना के कारण ठेकेदार को हुए किसी भी नुकसान के लिए कोई मुआवजा देय नहीं होगा। इसके अलावा, अनुबंध के खंड II के अनुभाग III के धारा 31 के अनुसार, अप्रत्याशित घटना की परिभाषा नियोक्ता और ठेकेदार के नियंत्रण से परे एक ऐसी घटना है, जो किसी पक्ष के लिए कार्य करना असंभव या अवैध बना देती है।

इसके अलावा, उक्त अनुबंध के खंड II के अनुभाग III के धारा 31.5 में यह प्रावधान है कि यदि अप्रत्याशित घटना के परिणामस्वरूप कार्य को हानि या क्षति होती है, तो ठेकेदार अप्रत्याशित घटना से पूर्व अनुबंध के अनुसार कार्यान्वयित कार्य की लागत को अंतरिम भुगतान प्रमाणपत्र में शामिल करने का हकदार होगा।

बरगी डायवर्जन परियोजना का उद्देश्य बरगी बांध (नर्मदा नदी पर स्थित) के पानी को शुष्क क्षेत्र की ओर मोड़ना था। इस परियोजना में कटनी जिले की स्लीमनाबाद तहसील के पास 10 मीटर व्यास वाली 12 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण शामिल है। भूवैज्ञानिक जाँच पर आधारित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करते समय, खुदाई और बोरिंग स्थल का जल स्तर बहुत ऊँचा था, इसलिए जल निकासी को कार्यक्षेत्र में शामिल किया गया। सुरंग खोदते समय, टनल

बोरिंग मशीन (टीबीएम) का उपयोग करते हुए पानी उच्च दाब के साथ आ रहा था और ठेकेदार को अपने संसाधनों से सुरंग से जल निकासी करनी पड़ी।

कार्य की जाँच के दौरान यह पाया गया कि एनवीडीए की 257वीं बैठक में विभाग ने सीई द्वारा प्रस्तुत तथ्यों का संज्ञान लिया था, जिसमें अत्यधिक जल-निकासी से उत्पन्न स्थिति और उसके लिए अप्रत्याशित घटना के अंतर्गत किए जाने वाले भुगतान के बारे में बताया गया था। सीई ने अप्रत्याशित घटना के अंतर्गत अनुबंध की धारा 31.5 के अंतर्गत ₹ 20.81 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान करने की स्वीकृति दी (फरवरी 2023)। विभाग ने जल-निकासी के लिए 338वें आर ए बिल तक ₹ 39.60 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान किया।

विभाग द्वारा किया गया भुगतान अनुबंध के प्रावधानों के विरूद्ध था क्योंकि एन आई टी शर्तों के धारा 23 में केवल अप्रत्याशित परिस्थितियों में अतिरिक्त समय की अनुमति दी गई थी, जैसा कि उल्लेख किया गया है। इसके अलावा, सुरंग निर्माण के दौरान जल निकासी भी कार्य के दायरे में थी और यह अलग से देय नहीं था।

सदस्य (वित्त) ने बताया (फरवरी 2025) कि प्रारंभिक जाँच के बाद इस निविदा के लिए कार्यक्षेत्र निर्धारित किया गया और निविदा में शामिल किया गया। सुरंग के तल से 6-8 मीटर ऊपर वॉटर टेबल अपेक्षित था, जिसका उल्लेख अनुबंध समझौते में किया गया है। हालाँकि, वास्तव में सुरंग संरेखण के साथ वॉटर टेबल 12-18 मीटर के बीच पाया गया। चूँकि कार्य परिस्थितियाँ जैसा अनुबंध समझौते में उल्लिखित था, से पूरी तरह बदल चुकी थीं और ऐसी कठिन परिस्थिति के कारण, विभाग ने कार्य प्रगति में तेजी लाने के लिए धारा 31.5 को लागू करने का निर्णय लिया।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि जल निकासी कार्यक्षेत्र में थी और यह अलग से देय नहीं था।

2.3.3 सड़क पुनर्स्थापन के लिए एनएचएआई को किए गए भुगतान के लिए ठेकेदार से ₹ 6.20 करोड़ की राशि की वसूली न होना

अनुबंध के खंड-II के अनुभाग-IV के धारा 24 के अनुसार, एक नहर प्रणाली में एनएच, एसएच, अन्य सड़कों, रेलवे लाइनों, तेल पाइपलाइनों, गैस पाइपलाइनों और जल पाइपलाइनों आदि के लिए कई क्रॉसिंग होने की संभावना है, और इन परिसरों को क्रॉस करने की अनुमति देने हेतु आवश्यक पत्र प्रभारी अभियंता द्वारा संबंधित प्राधिकारियों को जारी किया जाएगा। हालाँकि, ठेकेदार को अनुवर्ती कार्य करना होगा और संबंधित प्राधिकारियों से समय पर अनुमति प्राप्त करनी होगी। इन क्रॉसिंग की लागत बोली में शामिल है।

इसके अलावा, अनुबंध के खंड-II के अनुभाग-IV के धारा 117.1 के अनुसार, कार्य प्रारंभ होने की तिथि और दोष सुधार अवधि के अंत के बीच कार्य में शामिल किए जाने वाले कार्यों या सामग्रियों को होने वाली हानि या क्षति की भरपाई ठेकेदार को स्वयं के खर्च पर करनी होगी, यदि हानि या क्षति ठेकेदार के कार्य या चूक से उत्पन्न होती है।

लेखापरीक्षा में देखा गया (सितंबर 2024) कि अप्रैल 2022 में एक सुरंग की खुदाई के दौरान, जिस राष्ट्रीय राजमार्ग के नीचे से सुरंग गुजर रही थी, वह क्षतिग्रस्त हो गया और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने मरम्मत कार्य के लिए ₹ 18.06 करोड़ की मांग की। विभाग द्वारा आंशिक भुगतान (सितंबर 2022 और जनवरी 2023) के रूप में ₹ 6.20 करोड़ दो किश्तों में अदा की गई।

चूँकि सड़क को नुकसान ठेकेदार के कार्य के कारण हुआ था, ठेकेदार को अपनी लागत से एनएचएआई को भुगतान करना था। इस प्रकार, एनएच की मरम्मत के लिए एनवीडीए द्वारा एनएचएआई को ₹ 6.20 करोड़ का भुगतान करने से ठेकेदार को अनुचित लाभ हुआ।

सदस्य (वित्त) ने बताया (फरवरी 2025) कि जब निविदा लागत का आकलन किया गया था, उस समय एनएचएआई बाईपास सड़क और पुल अस्तित्व में नहीं था। चूँकि जो पुल ढह गया था, वह सरकारी संपत्ति थी, इसलिए पुल के नीचे सुरंग बनाने की अनुमति मांगते समय, किसी भी नुकसान की स्थिति में क्षतिपूर्ति का वचन एनएचएआई को दिया गया था। पुल की लागत की क्षतिपूर्ति का निर्णय अनुभाग IV के धारा 25, अनुबंध समझौते की विशेष शर्त के तहत था, जिसमें इसे एक संपत्ति माना गया है जिसकी क्षतिपूर्ति विभाग द्वारा की जानी है।

सदस्य (वित्त) का उत्तर भ्रामक है क्योंकि विभाग ने अगस्त 2008 में राष्ट्रीय राजमार्ग 7 के नीचे सुरंग निर्माण के लिए सीई, राष्ट्रीय राजमार्ग से अनुमति मांगी थी, यह दर्शाता है कि उस समय सड़क अस्तित्व में थी। इसके अलावा, अनुबंध समझौते की विशेष शर्त, अनुभाग IV के धारा 25 में केवल भूमि अधिग्रहण का प्रावधान है और यह तथ्य कि सुरंग निर्माण कार्य राजमार्ग के नीचे किया गया था, यह दर्शाता है कि भूमि अधिग्रहण पहले ही किया जा चुका था।

अध्याय III

खनिज साधन विभाग

अध्याय III: खनिज साधन विभाग

3.1 "मध्य प्रदेश में मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क के निर्धारण के लिए खनन पट्टे, खदान पट्टे और व्यापार खदान (रेत) में प्रत्याशित रॉयल्टी का मूल्यांकन और रिपोर्टिंग" पर अनुपालन लेखापरीक्षा

3.1.1 प्रस्तावना

मध्य प्रदेश राज्य (म. प्र.) खनिज संपदा से समृद्ध है और राष्ट्रीय स्तर पर खनिज संसाधनों की उपलब्धता के प्रकरण में चौथे स्थान[56] पर है। प्रचलित अधिनियमों और नियमों के अंतर्गत, मध्य प्रदेश के खनिज साधन विभाग की अपने खनिज संसाधनों के संरक्षण, जांच और अन्वेषण में महत्वपूर्ण भूमिका है। खनिजों को दो श्रेणियों में विभाजित किया जाता है, अर्थात, प्रमुख और गौण खनिज। मध्य प्रदेश में उपलब्ध बॉक्साइट, कोयला, तांबा, लौह अयस्क, हीरा, चूना पत्थर, मैंगनीज और रॉक फॉस्फेट जैसे खनिज प्रमुख खनिजों की श्रेणी में आते हैं। गौण खनिजों में पत्थर, फ्लैग स्टोन, रेत, मुरम और अन्य खनिज शामिल हैं, जिन्हें केंद्र सरकार अधिसूचना द्वारा गौण खनिज घोषित कर सकती है। भारत सरकार के आदेश (मार्च 2015) के अनुसार प्रमुख खनिजों के लिए पट्टे को अधिकतम 50 वर्ष की अवधि के लिए निष्पादित किया जा सकता है। मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 22 (बी) के अनुसार गौण खनिजों के लिए पट्टा 30 वर्षों तक निष्पादित किया जा सकता है, जबकि रेत के लिए, जिसे गौण खनिज के रूप में वर्गीकृत किया गया है, मध्यप्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भण्डारण तथा व्यापार) नियम 2019 के नियम 9 के अनुसार निर्दिष्ट अवधि तीन वर्ष है।

खनिज अधिकारी खनन पट्टे[57], खदान पट्टे[58] और व्यापार खदान[59] (रेत खदान) के अंतर्गत देय या प्रदेय प्रत्याशित रॉयल्टी की राशि के मूल्यांकन के लिए जिम्मेदार है, जिसे मुद्रांक शुल्क के लिए लिया जाता है। पंजीकरण अधिनियम, 1908 की धारा 17(1) (डी) के अनुसार, एक वर्ष से अधिक की किसी भी अवधि के लिए अचल संपत्ति के पट्टों को आवश्यक मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क का भुगतान करके पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के साथ पंजीकृत किया जाना अनिवार्य है। मुद्रांक शुल्क भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (स्टाम्प अधिनियम) की अनुसूची I-A (संशोधित, 28 मार्च 2020) के अनुच्छेद 38 (बी) के अंतर्गत लगाया जाता है। मध्य प्रदेश शासन, परिपत्र दिनांक 15 मार्च 1993 में स्टाम्प अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मुद्रांक शुल्क की गणना के लिए औसत वार्षिक रॉयल्टी निर्धारित करने के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया का प्रावधान है।

तालिका 3.1: मुद्रांक शुल्क की गणना के लिए औसत वार्षिक रॉयल्टी निर्धारित करने की प्रक्रिया

क्र. सं.	खनिज का प्रकार	औसत वार्षिक रॉयल्टी- नए पट्टे के लिए	औसत वार्षिक रॉयल्टी- नवीनीकरण के लिए
1	प्रमुख खनिज	आवेदन पत्र खनन योजना के उत्खनन की मात्रा के आधार पर, जो भी अधिक हो।	आवेदन पत्र के अनुसार उत्खनन की मात्रा या खनन योजना या पिछले तीन वर्षों में उत्खनन की गई औसत मात्रा, जो भी अधिक हो, के आधार पर।

[56] खनिज साधन विभाग के वर्ष 2021-22 के प्रशासनिक प्रतिवेदन के अनुसार।

[57] खनन पट्टे का अर्थ है प्रमुख खनिजों के लिए खनन कार्य करने के उद्देश्य से दिया गया पट्टा।

[58] खदान पट्टे का अर्थ है गौण खनिजों के लिए खनन पट्टा।

[59] व्यापार खदान का मतलब है वह खदान जिसके लिए काम करने का अधिकार नीलाम किया जाता है। इस अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में केवल रेत खदान के प्रकरणों को ही शामिल किया गया है।

क्र. सं.	खनिज का प्रकार	औसत वार्षिक रॉयल्टी- नए पट्टे के लिए	औसत वार्षिक रॉयल्टी- नवीनीकरण के लिए
2	गौण खनिज	आवेदन पत्र के अनुसार उत्खनन की मात्रा के आधार पर, या अनिवार्य भाटक, जो भी अधिक हो।	आवेदन पत्र के अनुसार उत्खनन की मात्रा के आधार पर, या पिछले तीन वर्षों में उत्खनन की गई औसत मात्रा या अनिवार्य भाटक, जो भी अधिक हो।
3	खानों की नीलामी	नीलाम की गई खदान की बोली राशि को प्रीमियम माना जाता है	

हालांकि, प्रत्याशित रॉयल्टी की गणना के लिए मानक प्रक्रिया को विभाग द्वारा 1993 से अद्यतन नहीं किया गया है। लेकिन राज्य में 1,098 में से 1,076 पट्टा विलेखों की नमूना जांच के दौरान, हमने पाया कि 1,008 प्रकरणों में प्रत्याशित रॉयल्टी की गणना खनन योजना के अनुसार प्रारम्भ के पांच वर्षों के लिए खनिज के औसत वार्षिक उत्पादन को उस खनिज के संबंध में अनुसूची में निर्दिष्ट रॉयल्टी की दर से गुणा करके पट्टा अवधि के लिए की गई थी, जो कुल खनन योग्य आरक्षित मात्रा पर देय रॉयल्टी तक सीमित थी। विदित है, प्रत्याशित रॉयल्टी की गणना की मौजूदा प्रथा का पालन विभाग के किसी आदेश मे निहित नहीं था।

पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग खनन पट्टे/खदान पट्टे/व्यापार खदान पट्टा अनुबंधों सहित विभिन्न दस्तावेजों के पंजीयन के लिए उत्तरदायी है और उन पर मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क निर्धारित करने एवं एकत्र करने के लिए भी उत्तरदायी है।

3.1.2 संगठनात्मक संरचना

खनिज साधन विभाग, प्रमुख सचिव, खनिज साधन, मध्य प्रदेश शासन के समग्र प्रभार के अंतर्गत कार्य करता है। संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म, विभाग का प्रमुख है जिसे मुख्यालय में उप संचालकों तथा ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर और रीवा में क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। जिला कलेक्टर जिला स्तर पर प्रशासनिक प्रमुख है तथा जिला खनिज अधिकारी (डीएमओ), सहायक खनिज अधिकारी (एएमओ) और खनिज निरीक्षक (एमआईएस) जैसे विभागीय अधिकारी उनकी सहायता करते हैं। डीएमओ/एएमओ और एमआई रॉयल्टी एवं अन्य खनन प्राप्तियों के मूल्यांकन, उद्ग्रहण एवं संग्रह के लिए उत्तरदायी हैं और खानों का निरीक्षण करने, खनिजों के उत्पादन एवं प्रेषण की समीक्षा करने के लिए अधिकृत हैं।



*(**स्रोत**: संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, मध्य प्रदेश)*

3.1.3 लेखापरीक्षा उद्देश्य, मानदंड, कार्यक्षेत्र एवं पद्धति

लेखापरीक्षा यह मूल्यांकन करने के लिए की गई थी कि क्या खनन/खदान पट्टे/व्यापार खदान के अंतर्गत देय या प्रदेय रॉयल्टी की पूरी राशि का सही मूल्यांकन किया गया था और अधिनियम/नियमों के प्रावधानों के अनुसार मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क आरोपित किया गया था।

लेखापरीक्षा मानदंड, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम (एमएमडीआर अधिनियम), 1957 और मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम, 1996 से प्राप्त किए गए थे। इसके अलावा, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899, पंजीकरण अधिनियम, 1908 (संशोधनों के साथ) और मध्य प्रदेश उपकर अधिनयम (संशोधित), 2016 के प्रासंगिक प्रावधानों और उसके अंतर्गत नियमों को भी संदर्भित किया गया। इसके अलावा, रॉयल्टी, मुद्रांक शुल्क, पंजीयन शुल्क और उपकर की लागू दर के लिए शासन द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचनाओं, परिपत्रों और आदेशों का भी उल्लेख किया गया था।

मई 2023 से अक्टूबर 2023 की अवधि के दौरान लेखापरीक्षा के लिए 51 जिला खनिज कार्यालयों[60] (डीएमओ) में से 20 डीएमओ[61] का चयन सरल स्तरीकृत नमूना पद्धति द्वारा किया गया था। लेखापरीक्षा ने पट्टे की अवधि के अंतर्गत देय या प्रदेय रॉयल्टी के मूल्यांकन के लिए 2020-21 से 2022-23 की अवधि के बीच चयनित जिलों में पंजीकृत खनन और खदान पट्टा विलेख के आधार पर कुल 1,098 (135 प्रमुख खनिज, 947 गौण खनिज और रेत के 16 प्रकरण) में से 1,076 पट्टों (121 प्रमुख खनिज और 939 गौण खनिज और रेत के 16 प्रकरण) की जांच की। नमूना-जाँच डीएमओ में वर्ष 2020-21 से पूर्व स्वीकृत पट्टों की भी जांच की गई थी जिनमें या तो अनुबंधों को निष्पादित नहीं किया गया था, या इन अनुबंधों का पंजीयन मार्च 2023 के अंत तक लंबित था। एमपी स्टेट माइनिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमपीएसएमसीएल) से रेत खनन से संबंधित जानकारी/डेटा/अभिलेख भी एकत्र किए गए थे।
लेखापरीक्षा के लिए चयनित इकाईयाँ राज्य भर में फैली हुई हैं जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

मानचित्र 3.1: लेखापरीक्षित इकाईयाँ (नीले रंग में दर्शायी गई)



[60] वर्ष 2020-21 से 2022-23 की अवधि के दौरान डीएमओ सागर में कोई खनन पट्टा पंजीकृत नहीं था, इसलिए 51 डीएमओ की नमूना संख्या से नमूना लिया गया था।

[61] डीएमओ बालाघाट, बैतूल, छतरपुर, छिंदवाड़ा, देवास, धार, ग्वालियर, जबलपुर, झाबुआ, कटनी, खरगोन, नर्मदापुरम, नीमच, पन्ना, राजगढ़, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल और सिंगरौली।

संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म (एचओडी) और महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक (आईजीआरएस), मध्य प्रदेश (एचओडी) के साथ प्रवेश सम्मेलन क्रमशः 18 मई 2023 और 4 मार्च 2024 को आयोजित किया गया था। निर्गम सम्मेलन 19 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया था।

लेखापरीक्षा के परिणामों को 18 सितंबर 2024 को विभाग/मध्य प्रदेश शासन को सूचित किया गया। लेखापरीक्षा निष्कर्षों के उत्तर प्रतीक्षित थे (मार्च 2025)। हालांकि, विभागीय उत्तर, जहां भी प्राप्त हुए, उन्हें प्रतिवेदन में उचित रूप से शामिल किया गया है।

लेखापरीक्षा परिणाम

लेखापरीक्षा के दौरान देखे गए प्रकरणों पर आगामी कंडिकाओं में चर्चा की गयी है।

3.1.4 प्रत्याशित रॉयल्टी का गलत मूल्यांकन /मूल्यांकन न करना

3.1.4.1 खनिज की गलत मात्रा लेने के कारण प्रत्याशित रॉयल्टी का कम मूल्यांकन

एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा 9 (2) के अनुसार, अधिनियम के लागू होने पर या उसके पश्चात दिए गए खनन पट्टे के धारक को किसी भी खनिज (उसके द्वारा या उसके एजेंट प्रबंधक कर्मचारी ठेकेदार या उप-पट्टेदार द्वारा निकाले गए या उपभोग किए गए) के संबंध में दूसरी अनुसूची में निर्दिष्ट दर पर रॉयल्टी का भुगतान करना होगा। इसी प्रकार, मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 (जनवरी 2021 में संशोधित) के नियम 29 (बी) के अनुसार खनिज के लिए अनुसूची III और VI में निर्दिष्ट दर पर करना होगा। इसके अलावा, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (28 मार्च 2020 को संशोधित) की अनुसूची I-ए के अनुच्छेद 38 (बी) में प्रमुख खनिज खनन पट्टे पर दो प्रतिशत और गौण खनिज खनन पट्टे पर 1.25 प्रतिशत की दर से मुद्रांक शुल्क लगाने का प्रावधान है, जो ऐसे पट्टे के अंतर्गत देय या प्रदेय सम्पूर्ण राशि पर है। इसके अलावा, पंजीकरण अधिनियम, 1908 के अनुच्छेद II के अनुसार, पंजीयन शुल्क पट्टे पर मुद्रांक शुल्क के मूल्य के तीन-चौथाई की दर से लगाया जाएगा। लेखापरीक्षा ने निम्नलिखित देखा:

अ) अप्रैल 2020 और मार्च 2023 के बीच 20 जिला खनिज कार्यालयों (डीएमओ) के अंतर्गत अनुमोदित खनन योजना और पंजीकृत पट्टा विलेख के अनुसार 1,060 पट्टा फाइलों (121 प्रमुख खनिज और 939 गौण खनिज) की जांच के आधार पर, लेखापरीक्षा में पाया गया कि सात डीएमओ[62] से संबंधित 32 पट्टा विलेखों में, मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क के उद्देश्य के लिए प्रत्याशित रॉयल्टी के निर्धारण के लिए खनिजों की मात्रा पर सही प्रकार से विचार नहीं किया गया था। गलत मूल्यांकन के कारण कम अवधि (वास्तविक कुल पट्टा अवधि की तुलना में) के लिए रॉयल्टी पर विचार, गलत औसत उत्पादन पर विचार, रॉयल्टी के स्थान पर अनिवार्य किराए की राशि पर विचार, कम क्षेत्रफल की मात्रा के अनुसार रॉयल्टी पर विचार आदि थे।

इसके परिणामस्वरूप ₹ 130.96 करोड़ तक प्रत्याशित रॉयल्टी का कम मूल्यांकन हुआ, जिसके कारण ₹ 3.98 करोड़ का मुद्रांक शुल्क, पंजीयन शुल्क और उपकर को कम वसूल किया गया था जैसा की **परिशिष्ट-3.1 (अ)** में विस्तृत रूप से दर्शाया गया है।

इसे इंगित किए जाने पर, छ:[63] डीएमओ ने बताया कि गहन जांच के पश्चात, प्रकरणों को उचित कार्रवाई के लिए जिला पंजीयक को भेजा जाएगा। श्री भूपेश रत्तीराम बावनकुडे, के प्रकरण में डीएमओ छिंदवाड़ा ने बताया है

[62] डीएमओ छतरपुर, छिंदवाड़ा, देवास, धार, जबलपुर, नीमच और सतना।

[63] डीएमओ छतरपुर, देवास, धार, जबलपुर, नीमच और सतना।

कि अनुमोदित खनन योजना का कवर पेज 25,000 घन मीटर खनिज की वार्षिक औसत मात्रा को इंगित करता है, जबकि खनन योजना के पृष्ठ संख्या 20 पर 12,500 घन मीटर की मात्रा निर्दिष्ट है। परिणामस्वरूप, खनिज की कुल मात्रा के आधार पर गणना की गई। कुल रॉयल्टी ₹ 1,50,00,000 (12,500 x 10 x 120) पर शुल्क लगाया गया था। खनन योजना के कवर पेज पर सूचीबद्ध मात्रा में सुधार का अनुरोध करने के लिए सक्षम प्राधिकारी को एक पत्र भेजा जाएगा। एक प्रकरण (श्री विधान राकेश शर्मा) में यह कहा गया कि अनुमोदित पंचवर्षीय खनन योजना में प्रति वर्ष 1,04,861 टन की औसत खनिज मात्रा निर्दिष्ट की गई थी, जबकि औसत उत्पादन तालिका में इस आंकड़े को 1,00,000 टन प्रति वर्ष सूचीबद्ध किया गया था। परिणामस्वरूप, रॉयल्टी की गणना प्रति वर्ष 1,00,000 टन की औसत मात्रा के आधार पर की गई थी। मेसर्स मेघा मिनरल्स के प्रकरण में डीएमओ ने कहा कि जांच के पश्चात उत्तर प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रथम प्रकरण के संदर्भ में डीएमओ छिंदवाड़ा का उत्तर स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि 25,000 घन मीटर औसत वार्षिक मात्रा (स्वीकृत खनन योजना के अनुसार) के आधार पर न केवल खदान का जीवनकाल निर्धारित किया गया था, बल्कि भारत सरकार से पर्यावरणीय स्वीकृति भी प्राप्त की गई थी। दूसरे प्रकरण में प्रत्याशित रॉयल्टी की राशि स्वीकृत खनन योजना में दी गई औसत मात्रा 1,04,861 प्रति टन के अनुसार गणना की जानी थी। अन्य उत्तर प्रतीक्षित हैं (मार्च 2025)।

ब) लेखापरीक्षा ने प्रत्याशित रॉयल्टी की गणना के लिए एक मानकीकृत प्रक्रिया की अनुपस्थिति भी पाई। यह देखा गया कि 1,060 में से 1,024 प्रकरणों में, प्रत्याशित रॉयल्टी खनन पट्टे के शुरुआती पांच वर्षों से उत्पादन के आंकड़ों को औसत करके निर्धारित की गई थी, जबकि सात डीएमओ[64] के अंतर्गत 36 प्रकरणों में, प्रत्याशित रॉयल्टी की गणना पांच वर्षों की अवधि की औसत के आधार पर नहीं की गई थी। इसके परिणामस्वरूप प्रत्याशित रॉयल्टी का ₹ 32.81 करोड़ रुपये कम मूल्यांकन हुआ है, जिसका मुद्रांक शुल्क, पंजीयन शुल्क और उपकर की गणना पर ₹ 78.11 लाख रुपये का प्रभाव पड़ा जैसा कि **परिशिष्ट-3.1(ब)** में दर्शाया गया है।

इस ओर ध्यान दिलाए जाने पर, सभी सात डीएमओ ने कहा कि गहन जांच के पश्चात, प्रकरणों को उचित कार्रवाई के लिए जिला पंजीयक को भेज दिया जाएगा।

3.1.4.2 रॉयल्टी की गलत दर लागू करने के कारण प्रत्याशित रॉयल्टी का कम मूल्यांकन

एमएमडीआर अधिनियम, 1957 की धारा 9 (1) और (2) के अनुसार, खनन पट्टे के प्रत्येक पट्टेदार को पट्टे के क्षेत्र से उसके द्वारा हटाए जाने या उपभोग किए जाने वाले खनिजों के संबंध में अनुसूची- II में निर्दिष्ट दरों पर रॉयल्टी का भुगतान करना होता है। इसी प्रकार, मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 (जनवरी 2021 में संशोधित) के नियम 29 (बी) के अनुसार अनुसूची-I और अनुसूची-II, में निर्दिष्ट खनिजों के लिए, चूना पत्थर को छोड़कर, अनुसूची- III में निर्दिष्ट दरों पर रॉयल्टी ली जाएगी। अनुसूची-V में निर्दिष्ट खनिजों के लिए, अनुसूची-VI में निर्दिष्ट दरों पर रॉयल्टी ली जाएगी। एमएमडीआर अधिनियम, 1957 (1957 का 67) की दूसरी अनुसूची (मद-9) के अनुसार तांबे की रॉयल्टी की दर उत्पादित अयस्क में निहित तांबा धातु पर प्रभार्य लंदन मेटल एक्सचेंज तांबा धातु मूल्य के 4.62 प्रतिशत की दर से देय है।

[64] डीएमओ बैतूल, छतरपुर, देवास, धार, ग्वालियर, जबलपुर और राजगढ़।

भारतीय स्टाम्प (आईएस) अधिनियम, 1899 की धारा 17 के अनुसार भारत में किसी भी व्यक्ति द्वारा शुल्क के साथ प्रभार्य और निष्पादित सभी अनुबंध को निष्पादन[65] के समय या उससे पहले मुद्रांकित किया जायेगा।

11 जिला खनन कार्यालयों[66] के अंतर्गत 1,060 पट्टा फाइलों, खनन योजनाओं और पट्टा विलेखों की लेखापरीक्षा से ज्ञात हुआ कि 28 पट्टा विलेखों में, जिला खनिज कार्यालयों ने ₹ 2,275.31 करोड़ के विरुद्ध ₹ 1,012.41 करोड़ की प्रत्याशित रॉयल्टी का गलत निर्धारण किया था, ऐसा तांबे की लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) दर पर विचार न करने, गलत रॉयल्टी दरों को लागू करने और खनिज के लिए गलत औसत विक्रय मूल्य के उपयोग के कारण हुआ। जिसके कारण ₹ 1,262.90 करोड़ की प्रत्याशित रॉयल्टी का कम मूल्यांकन हुआ और परिणामस्वरूप ₹ 48.50 करोड़ के मुद्रांक शुल्क, पंजीयन शुल्क और उपकर की कम वसूली हुई (**परिशिष्ट 3.2**)।

इंगित किये जाने पर 10 डीएमओ[67] ने कहा कि आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रकरणों की जांच की जाएगी। डीएमओ बालाघाट ने बताया कि मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क भविष्य में भुगतान की जाने वाली प्रत्याशित रॉयल्टी पर लगाए जाते हैं तथा तांबे की रॉयल्टी की दर लंदन मेटल एक्सचेंज द्वारा मासिक आधार पर निर्धारित की जाती है, जो अस्थिर है। इसलिए, पिछले दस वर्षों (2011 से 2020) में पट्टेदार द्वारा भुगतान की गई रॉयल्टी के आधार पर औसत रॉयल्टी की गणना की गई।

डीएमओ बालाघाट का उत्तर सही नहीं है, क्योंकि एमएमडीआर अधिनियम, 1957 (सितंबर 2014 में खान मंत्रालय द्वारा संशोधित) की दूसरी अनुसूची के अनुसार तांबे की प्रत्याशित रॉयल्टी की गणना उत्पादित अयस्क में निहित तांबे धातु पर प्रभार्य लंदन मेटल एक्सचेंज कॉपर धातु मूल्य के 4.62 प्रतिशत की दर से की जानी थी।

अन्य प्रकरणों में अंतिम उत्तर/कार्रवाई प्रतीक्षित थी (मार्च 2025)।

3.1.4.3 व्यापार खदान (रेत) के प्रकरण में ₹ 16.76 करोड़ की अनुबंध राशि के कम मूल्यांकन के परिणामस्वरूप ₹ 0.37 करोड़ के मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क की कम वसूली

मध्य प्रदेश रेत (खनन, परिवहन, भंडारण और व्यापार) नियम, 2019 के नियम 9 में प्रावधान है कि समूह की खदानों की अनुबंध अवधि तीन वर्ष होगी और पहले वर्ष की गणना अनुबंधों के निष्पादन की दिनांक से वर्ष के 30 जून तक की जाएगी और अंतिम अवधि तीसरे वर्ष की 30 जून होगी। इसके अलावा, नियम 10 के अनुसार, निविदा में प्राप्त उच्चतम राशि वार्षिक अनुबंध राशि होगी और अनुबंध के पहले वर्ष में केवल वार्षिक अनुबंध राशि देय होगी। अनुबंध के दूसरे और तीसरे वर्ष में, अनुबंध राशि से 10 प्रतिशत अधिक देय होगा।

जैसा कि नीचे **तालिका 3.2** में विस्तृत रूप से दर्शाया गया है, तीन जिलों के अन्तर्गत तीन प्रकरणों में, लेखापरीक्षा ने देखा कि प्रत्याशित रॉयल्टी (अनुबंध राशि) की गलत गणना के कारण मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क का कम उद्ग्रहण हुआ था।

[65] उपकरण के संदर्भ में निष्पादित और निष्पादन का उपयोग, "हस्ताक्षरित" या "हस्ताक्षर" से होता है।

[66] डीएमओ बालाघाट, छतरपुर, देवास, धार, ग्वालियर, झाबुआ, कटनी, नर्मदापुरम, राजगढ़, रीवा और सतना।

[67] डीएमओ धार, झाबुआ, रीवा, छतरपुर, नर्मदापुरम, देवास, ग्वालियर, कटनी, राजगढ़ और सतना।

तालिका 3.2: अनुबंध राशि की गलत गणना दर्शाने वाला विवरण

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	पट्टाकर्ता एवं पट्टाधारक का नाम	अनुबंध अवधि	वार्षिक अनुबंध राशि	मुद्रांक शुल्क के लिए विचार की गयी अनुबंध राशि	मुद्रांक शुल्क के लिए विचार की जाने वाली अनुबंध राशि	अंतर
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी=एफ-ई)
1	म.प्र. राज्य खनन निगम भोपाल और मेसर्स परम एजेंसीज	01/07/2022 से 30/06/2023	41.66	41.66	54.15[68]	12.49
2	डीएमओ, छतरपुर और पुष्पा एंटरप्राइसेस	12/05/2022 से 30/06/2023	30.11	35.72	38.14[69]	2.42
3	डीएमओ जबलपुर और मेसर्स शर्मा एसोसिएट्स	08/06/2022 से 30/06/2023	16.45	17.61	19.46[70]	1.85
योग			**88.22**	**94.99**	**111.75**	**16.76**
1.25 प्रतिशत की दर से मुद्रांक शुल्क की कम वसूली						**0.21**
मुद्रांक शुल्क के 75 प्रतिशत की दर से पंजीयन शुल्क की कम वसूली						**0.16**

₹ 16.76 करोड़ की कम अनुबंध राशि पर विचार किए जाने के परिणामस्वरूप मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क के रूप में ₹ 0.37 करोड़ की कम वसूली हुई।

इस ओर इंगित किए जाने पर अतिरिक्त संचालक (भौमिकी) ने बताया कि एमपीएसएमसीएल से उत्तर प्राप्त होने के पश्चात लेखापरीक्षा को पृथक से उत्तर भेजा जाएगा और जिला खनिज अधिकारी, छतरपुर और जबलपुर ने बताया कि अभिलेखों की जांच के आधार पर ठेकेदारों से वसूली की जाएगी।

3.1.4.4 प्रत्याशित रॉयल्टी की गणना के दौरान विक्रय योग्य ओवरबर्डन की प्रत्याशित मात्रा पर विचार न करना

भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (28 मार्च 2020 को संशोधित) की अनुसूची 1-ए के अनुच्छेद 38(बी) के अनुसार, खनन पट्टे (प्रमुख और गौण) को पंजीकृत करते समय ऐसे पट्टे के अन्तर्गत देय या वितरण योग्य पूरी राशि पर निर्दिष्ट दरों पर मुद्रांक शुल्क लगाने का प्रावधान है। खनिज साधन विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा अक्टूबर 2014 के आदेश द्वारा समस्त संभागीय अधिकारियों को अनुपयोगी खनिजों (ओवरबर्डन) की मात्रा एवं गुणवत्ता का मूल्यांकन कर निर्धारित दरों पर अग्रिम रॉयल्टी जमा करने के पश्चात ही विक्रय की अनुमति प्रदान करने के निर्देश जारी किये गये थे।

20 डीएमओ के अधीन 939 गौण खनिज पट्टा फाइलों, स्वीकृत खनन योजनाओं और पंजीकृत पट्टा विलेखों की लेखापरीक्षा से ज्ञात हुआ कि 12 डीएमओ[71] के अधीन 175 खदान पट्टा विलेखों में खदान पट्टा क्षेत्र में उपलब्ध ₹ 31.62 करोड़ मूल्य के खनिजों के विक्रय योग्य ओवरबर्डन की प्रत्याशित मात्रा पर देय रॉयल्टी के मूल्य पर डीएमओ

[68] प्रथम वर्ष के लिए देय अनुबंध राशि ₹ 41.65 करोड़ थी, दूसरे वर्ष के लिए ₹ 45.82 करोड़ (41.65+41.65x10%), तीसरे वर्ष के लिए ₹ 49.99 करोड़, चौथे वर्ष अर्थात विस्तारित अवधि के लिए ₹ 54.15 करोड़।

[69] देय मासिक अनुबंध राशि = ₹ 30,11,11,106/12 = ₹ 2,50,92,592, (₹ 5,01,85,184 "दो महीने के लिए" + ₹ 30,11,11,106x110%) = ₹ 38,14,07,401

[70] देय मासिक अनुबंध राशि = ₹ 16,44,55,000/12 = ₹ 1,37,04,583, (₹ 1,37,04,583 + ₹ 16,44,55,000x110%) = ₹ 19,46,05,083

[71] डीएमओ बैतूल, छतरपुर, छिंदवाड़ा, देवास, धार, ग्वालियर, जबलपुर, झाबुआ, खरगोन, राजगढ़, सिवनी और सिंगरौली।

द्वारा विचार नहीं किया गया (**परिशिष्ट 3.3**)। अन्य आठ जिला खनिज कार्यालयों में स्वीकृत खदान पट्टों के क्षेत्र के अंतर्गत विक्रय योग्य ओवरबर्डन उपलब्ध नहीं था।

अधिकांश स्वीकृत खनिज योजनाओं में यह भी उल्लेख किया गया था कि ओवरबर्डन की मात्रा का विक्रय पट्टाधारक अक्टूबर 2014 के मध्य प्रदेश शासन के आदेश के अनुसार संबंधित प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त कर किया जाएगा। तदनुसार, कुछ प्रकरणों में ओवरबर्डन के रूप में उपलब्ध खनिज की मात्रा का विक्रय पट्टाधारक द्वारा जिला कलेक्टर से अनुमति प्राप्त कर निर्धारित दर पर अग्रिम रॉयल्टी जमा करने के पश्चात किया गया है।

हालांकि, प्रत्याशित रॉयल्टी में ओवरबर्डन के मूल्य को शामिल करने के लिए एमआरडी की ओर से स्पष्ट निर्देशों के अभाव के कारण, लेखापरीक्षा ने पाया कि अनुबंध निष्पादित करते समय विक्रय योग्य ओवरबर्डन की मात्रा पर देय प्रत्याशित रॉयल्टी की राशि को मुद्रांक शुल्क के प्रयोजनार्थ कुल प्रत्याशित रॉयल्टी में शामिल नहीं किया जा रहा था। नमूना जांच किए गए प्रकरणों में पंजीयन के लिए कुल मूल्य में ओवरबर्डन (अर्थात, मुरम और खंडित संगमरमर) को शामिल नहीं करने का वित्तीय प्रभाव (मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क के रूप में ₹ 0.69 करोड़। (**परिशिष्ट 3.3**) है।

इंगित किए जाने पर,

- डीएमओ छतरपुर ने उत्तर दिया कि पट्टेधारकों से नियमानुसार वसूली के पश्चात इसकी सूचना लेखापरीक्षा को दी जाएगी।
- डीएमओ राजगढ़ ने उत्तर दिया कि प्रकरण आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला रजिस्ट्रार/पंजीयक को भेजे जाएंगे।
- डीएमओ धार ने बताया कि ओवरबर्डन की मात्रा पर देय रॉयल्टी को शामिल करने के लिए मुख्यालय कार्यालय भोपाल से कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं तथा छः डीएमओ (बैतूल, छिंदवाड़ा, ग्वालियर, जबलपुर, खरगोन और सिवनी) ने बताया कि अभिलेखों की समुचित जांच के पश्चात लेखापरीक्षा को उत्तर से अवगत कराया जाएगा।
- डीएमओ देवास ने बताया कि लेखापरीक्षा को सूचित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही कि जाएगी।
- डीएमओ झाबुआ ने उत्तर दिया कि संचालक, भौमिकी तथा खनिकर्म से मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क की गणना के लिये ओवरबर्डन के रूप में उपलब्ध मुरम की मात्रा पर देय रॉयल्टी को शामिल करने के लिए कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं और मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम , 1996 में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।
- डीएमओ सिंगरौली ने उत्तर दिया कि ओवरबर्डन की मात्रा के लिए पट्टे को स्वीकृति नहीं दी गई है और ओवरबर्डन की मात्रा के परिवहन/ विक्रय के लिए पट्टेदार को कोई अनुमति नहीं दी गई है, इसलिए इसे मुद्रांक शुल्क के उद्देश्य के लिये शामिल नहीं किया गया है।

निर्गमन सम्मेलन में प्रमुख सचिव खनिज विकास विभाग ने बताया कि ओवरबर्डन यह अस्थायी/ अनिश्चित प्रकृति का है, इसलिए इस पर मुद्रांक शुल्क नहीं लगता। इसके अलावा ओवरबर्डन का इस्तेमाल खदान को बंद करने के लिए भी किया जाता है। साथ ही, ओवरबर्डन की विक्रय के प्रकरण में रॉयल्टी विधिवत रूप से वसूली जाती है और पट्टेदार को ओवरबर्डन बेचने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, ऐसी कार्रवाई से मुकदमेबाजी हो सकती है, जिसका बचाव करना मुश्किल होगा।

प्रमुख सचिव और संबंधित डीएमओ के जवाब स्वीकार्य नहीं हैं क्योंकि माना गया ओवरबर्डन विक्रय योग्य मात्रा थी और इसलिए इसे अस्थायी या खदान बंद करने के लिए नहीं माना जा सकता। इस प्रकार, खनिज साधन विभाग द्वारा प्रासंगिक निर्देश जारी न करने के कारण, विक्रय योग्य मात्रा को मुद्रांक शुल्क के मूल्यांकन के उद्देश्य से शामिल नहीं किया गया।

आगे की कार्रवाई प्रतीक्षित थी (मार्च 2025)।

3.1.4.5 खनिजों की बढ़ी हुई मात्रा के लिए पूरक अनुबंधों के निष्पादन न करने के परिणामस्वरूप मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क की हानि

खनिज साधन विभाग द्वारा जारी निर्देशों[72] के अनुसार, यदि कोई पट्टेदार संशोधित मात्रा के लिए एक संशोधित खनन योजना प्रस्तुत करता है, तो पूरक अनुबंध निष्पादित किया जाएगा।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि सात[73] डीएमओ के अन्तर्गत नौ प्रकरणों में मौजूदा पट्टों की खनन योजनाओं को संशोधित किया गया तथा पट्टा अवधि के दौरान खनिज की मात्रा में वृद्धि की गई, परन्तु खनिजों की बढ़ी हुई मात्रा के लिए पूरक अनुबंध निष्पादित नहीं किए गए। इसके अतिरिक्त, बढ़ी हुई मात्रा के लिए पट्टे की शेष अवधि के दौरान कुल ₹ 85.44 करोड़ की अतिरिक्त रॉयल्टी देय थी, जिस पर अधिनियमों में निर्दिष्ट दरों पर ₹ 1.26 करोड़ की मुद्रांक शुल्क, ₹ 0.95 करोड़ की पंजीयन शुल्क तथा ₹ 0.08 करोड़ का उपकर लागू था। इस प्रकार, डीएमओ द्वारा पूरक अनुबंध निष्पादित न किए जाने के कारण शासन को ₹ 2.29 करोड़ के मुद्रांक शुल्क, पंजीयन शुल्क तथा उपकर से वंचित होना पड़ा (**परिशिष्ट 3.4**)।

उत्तर में, सभी डीएमओ ने बताया (जुलाई 2023 से अक्टूबर 2023 तक) कि अभिलेखों की जाँच के बाद उत्तर/वसूली/कार्रवाई की सूचना लेखापरीक्षा को अलग से दी जाएगी। सभी डीएमओ से अंतिम उत्तर/वसूली/कार्रवाई प्रतीक्षित थी (मार्च 2025)।

निर्गमन सम्मेलन में उप संचालक (खनिज-प्रशासन) ने कहा कि यदि पर्यावरण स्वीकृति और सीटीओ की कमी के कारण पूरक अनुबंध निष्पादित नहीं किया जाता है, तो मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क लगाया नहीं किया जा सकता है। अन्य डीएमओ के प्रकरणों में, मामलों की जांच की जाएगी।

3.1.5 पंजीयन में विलंब/ निष्पादन न होने के प्रकरण में डीएमओ द्वारा कार्रवाई की कमी

मध्य प्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 26 के अनुसार, जहां खदान पट्टा स्वीकृत या नवीनीकृत किया जाता है, वहां पट्टा स्वीकृति आदेश के तीन माह के भीतर भारतीय पंजीयन अधिनियम, 1908 के अंतर्गत प्रपत्र VII में पट्टा विलेख निष्पादित और पंजीकृत किया जाएगा और यदि उक्त अवधि के भीतर ऐसा कोई पट्टा निष्पादित नहीं किया जाता है, तो पट्टा स्वीकृति आदेश निरस्त माना जाएगा। परंतु, जहां स्वीकृति प्राधिकारी संतुष्ट हो जाता है कि आवेदक पट्टा विलेख के निष्पादन में विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं है, वहां स्वीकृति प्राधिकारी उक्त तीन माह की अवधि की समाप्ति के पश्चात पट्टा विलेख के निष्पादन की अनुमति दे सकेगा।

इसके अलावा, खनिज रियायत नियम 1960 के नियम 31(1) के अनुसार, डीएमओ और संबंधित पट्टेदार के बीच निष्पादित प्रमुख खनिजों के लिए नए खनन पट्टे का पंजीयन या खनन पट्टे का नवीनीकरण ऐसे खनन पट्टे या नवीनीकरण

[72] एमआरडी पत्र संख्या 5489/45/11/12/2 दिनांक 10/08/2011

[73] डीएमओ बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, ग्वालियर, जबलपुर, सतना और शहडोल।

के आदेश जारी होने की दिनांक से छः महीने के भीतर किया जाना चाहिए। पट्टा विलेख निष्पादित करने में विफलता के प्रकरण में, राज्य शासन पट्टा देने के आदेश को रद्द कर सकता है और आवेदन शुल्क जब्त कर सकता है।

अभिलेखों की जांच के दौरान निम्नलिखित अनियमितताएं देखी गईं:

3.1.5.1 अनुबंधों का निष्पादन नहीं होने के कारण पट्टों को निरस्त न करना

तीन डीएमओ[74] के अधीन पांच खदानों में लेखापरीक्षा ने पाया कि पट्टे की स्वीकृति की तिथि से 952 से 1,298 दिन बीत जाने (दिसंबर 2023 तक) के बावजूद न तो पट्टा निरस्त किया गया और न ही पट्टा अनुबंध निष्पादित किया गया। इन पट्टों में मुद्रांक प्रयोजन के लिए प्रत्याशित रॉयल्टी के रूप में कुल ₹ 14.59 करोड़ की राशि देय थी। इस प्रकार पट्टा अनुबंध और उसके पंजीयन के निष्पादन न होने के कारण मध्य प्रदेश शासन ₹ 0.32 करोड़ के मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क से वंचित रहा (**परिशिष्ट 3.5**)।

3.1.5.2 पट्टा अनुबंध के पंजीयन में विलंब

छः डीएमओ[75] में पट्टा फाइलों की लेखापरीक्षा से ज्ञात हुआ कि एक प्रमुख खनिज और 15 गौण खनिजों के पट्टे स्वीकृत किये गये, और अनुबंध फरवरी 2019 से मार्च 2023 के बीच किए गए, जिनकी कुल देय रॉयल्टी राशि ₹ 423.63 करोड़ है। नियम विरुद्ध पट्टा विलेख को स्वीकृति की दिनांक से 138 से 1,163 दिनों की विलंब अवधि के साथ पंजीकृत किया गया। इस प्रकार, कुल ₹ 15.35 करोड़ के मुद्रांक शुल्क, पंजीयन शुल्क और उपकर की वसूली (**परिशिष्ट 3.6**) विलब कि सीमा तक स्थगित हुई।

निर्गमन सम्मेलन में प्रमुख सचिव ने इस तथ्य पर सहमति जताई कि पट्टे को समाप्त कर दिया जाना चाहिए था। (**कंडिका 3.1.5.1 और 3.1.5.2**) में संदर्भित सभी प्रकरणों में यह कहा गया कि पट्टेदार को अनुबंध करने के लिए विवश नहीं किया जा सकता है और विलंब का नियमितीकरण पट्टेदार द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर निर्भर है। अब ऐसे पट्टों को समाप्त करने और अलर्ट भेजने की प्रक्रिया लागू कर दी गई है। इसके अलावा, यह भी कहा गया कि राजस्व की कोई हानि नहीं हुई है।

हालांकि, उत्तर में विलेखों के पंजीकरण में देरी (चार महीने से 38 महीने के बीच) के कारणों के बारे में कुछ नहीं बताया गया है, जिसके परिणामस्वरूप शासकीय राजस्व की प्राप्ति में देरी हुई।

3.1.6 उप-पंजीयक द्वारा मुद्रांक शुल्क की दरों का गलत अनुप्रयोग

3.1.6.1 मुद्रांक शुल्क की गलत दर के अनुप्रयोग के कारण मुद्रांक शुल्क, पंजीयन शुल्क और उपकर का कम आरोपण

भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (संशोधित, 28 मार्च 2020) की अनुसूची 1-ए के अनुच्छेद 38(बी) में प्रमुख खनिज खनन पट्टों पर दो प्रतिशत की दर से एवं गौण खनिज खनन पट्टों पर 1.25 प्रतिशत की दर से, ऐसे पट्टे के अन्तर्गत देय या प्रदेय पूरी राशि पर, मुद्रांक शुल्क लगाने का प्रावधान है। इसके अलावा, पंजीकरण अधिनियम, 1908 (संशोधित, 08 अगस्त 2014) के अनुच्छेद II के अनुसार, पट्टे पर पंजीयन शुल्क मुद्रांक शुल्क के मूल्य के तीन-चौथाई की दर से लगाया जाएगा।

[74] डीएमओ छतरपुर, सतना एवं शहडोल।

[75] डीएमओ बालाघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर, पन्ना, रीवा और शहडोल।

अप्रैल 2020 और मार्च 2023 के बीच पंजीकृत 1,060 पट्टा विलेखों के लेखापरीक्षा से ज्ञात हुआ कि पाँच डीएमओ[76] (20 नमूना जाँच किए गए डीएमओ में से) के अन्तर्गत 13 पट्टा विलेखों में मुद्रांक शुल्क की गणना के लिए मुद्रांक शुल्क की गलत दर लागू की गई थी। इसके परिणामस्वरूप ₹ 1.59 करोड़ (**परिशिष्ट 3.7**) के मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क के साथ-साथ ₹ 8.87 लाख का उपकर कम वसूला गया।

यह उप पंजीयक द्वारा अपर्याप्त निगरानी को दर्शाता करता है, क्योंकि एक पंजीकरण प्राधिकारी होने के नाते, मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क की सही वसूली सुनिश्चित करना उप पंजीयक की जिम्मेदारी है।

उत्तर में उप संचालक (वित्त), आईजीआरएस, मध्य प्रदेश ने बताया (मार्च 2024) कि जिला पंजीयकों को पत्र जारी कर दिया गया है, तथा जानकारी प्राप्त होने पर लेखापरीक्षा को सूचित किया जाएगा।

आगे की कार्रवाई की प्रतीक्षा है (मार्च 2025)।

3.1.6.2 पट्टे के पंजीयन के समय उपकर नहीं लगाया जाना

मध्य प्रदेश उपकार (संशोधन) अधिनियम, 2016 (5 अप्रैल 2016 को संशोधित) की धारा 9 (1) में प्रावधान है कि 30 वर्ष या उससे अधिक अवधि के पट्टा विलेखों पर मुद्रांक शुल्क के 10 प्रतिशत की दर से उपकर लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्टाम्प अधिनियम, 1899 की अनुसूची I के अनुच्छेद 38 (बी) के स्पष्टीकरण नोट IV के अनुसार, नवीनीकरण अवधि, यदि पट्टा विलेख में विशेष रूप से उल्लिखित है, तो उसे वर्तमान पट्टा अवधि का भाग माना जाएगा।

सात डीएमओ[77] में 30 वर्ष या उससे अधिक अवधि (समय विस्तार सहित) की पट्टा अवधि वाले 121 पंजीकृत पट्टा विलेखों की लेखापरीक्षा से ज्ञात हुआ कि 51 पट्टा विलेखों में ₹ 36.60 करोड़ का मुद्रांक शुल्क लगाया गया। इस पर नियमों के अन्तर्गत ₹ 3.66 करोड़ का उपकर भी लगाया जाना था, लेकिन उप पंजीयक ने इन सभी पट्टा विलेखों में उपकर नहीं लगाया। यह उप पंजीयक द्वारा अपर्याप्त निगरानी को दर्शाता है, क्योंकि उप पंजीयक होने के नाते, मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क की सही वसूली सुनिश्चित करना उप पंजीयक की जिम्मेदारी है।

इसके परिणामस्वरूप शासन को ₹ 3.66 करोड़ की हानि हुई (**परिशिष्ट 3.8**) तथा पट्टेदार को अनुचित लाभ हुआ।

उप संचालक (वित्त), आईजीआरएस, मध्य प्रदेश ने उत्तर में बताया (मार्च 2024) कि इस संबंध में जिला पंजीयकों को पत्र जारी कर दिया गया है।

आगे की कार्रवाई की प्रतीक्षा है (मार्च 2025)।

3.1.7 भुगतान को बढ़ाने के लिए रसीदों की भौतिक प्रति में आंकड़ों से संदेहास्पद छेड़छाड़

3.1.7.1 डीएमओ, धार के पट्टा प्रकरणों की लेखापरीक्षा से ज्ञात हुआ कि मेसर्स रत्न संपदा स्टोन क्रशर उद्योग एवं ट्रेडिंग (पट्टाधारक) के पक्ष में दस वर्षीय खदान पट्टा आवंटित किया गया था तथा उप पंजीयक कार्यालय, धार में पंजीकृत किया गया था। पट्टा अनुबंध के अनुसार, संपूर्ण पट्टा अवधि (21/03/2022 से 20/03/2032) के दौरान ₹ 3.53 करोड़ की रॉयल्टी देय थी। तदनुसार, अधिनियमों में निर्दिष्ट दरों के अनुसार क्रमशः ₹ 4.41 लाख तथा ₹ 3.31 लाख का मुद्रांक शुल्क तथा पंजीयन शुल्क लगाया जाना था। डीएमओ, धार के पास मौजूद पट्टा विलेख की भौतिक प्रति में मुद्रांक शुल्क

[76] डीएमओ देवास, धार, ग्वालियर, कटनी और राजगढ़।
[77] डीएमओ बालाघाट, छतरपुर, ग्वालियर, झाबुआ, कटनी, नीमच और सतना।

तथा पंजीयन शुल्क लगाया जाना दर्शाया गया था। हालांकि, पंजीयन और मुद्रांक विभाग के सम्पदा[78] ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भौतिक दस्तावेज़ को सत्यापित करने पर, लेखापरीक्षा में पाया गया कि सेवा प्रदाता द्वारा जमा किया गया वास्तविक मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क क्रमशः ₹ 0.44 लाख और ₹ 0.33 लाख था, जिस पर कुल रॉयल्टी ₹ 35.32 लाख थी, जैसा कि नीचे दिए गए चित्रों में देखा जा सकता है।



Registration and Stamp Department
Madhya Pradesh

Registration Certificate

Registration Details

E-Registration Number	MP119002021A1094538
Registration Date	29/01/2021
Date of Printing e-Registration Certificate	29/01/2021
Market Value of Property (If Applicable)	36000000
Consideration / Secured / Premium Amount (Rs.)	0
Registration Fee (Rs.)	331099
Total Stamp Duty (Rs.)	441465
SR Name	REKHA KIRADE
SRO Name	HEAD QUARTER SUB REGISTRAR OFFICE DHAR



Registration and Stamp Department
Madhya Pradesh

Registration Certificate

Registration Details

E-Registration Number	MP119002021A1094538
Registration Date	29/01/2021
Date of Printing e-Registration Certificate	29/01/2021
Market Value of Property (If Applicable)	36000000
Consideration / Secured / Premium Amount (Rs.)	0
Registration Fee (Rs.)	33111
Total Stamp Duty (Rs.)	44147
SR Name	REKHA KIRADE
SRO Name	HEAD QUARTER SUB REGISTRAR OFFICE DHAR



TOTAL DUTY AND EXEMPTION

Exempted Duty	0.0	Exempted Reg Fee	0.0
Total Payable Duty(INR)	441465.0		
Total Payable Registration fee(INR)	331099.0		
Total Premium	0.0		
Total Royalty for the whole period of lease	35317200		



TOTAL DUTY AND EXEMPTION

Exempted Duty	0.0	Exempted Reg Fee	0.0
Total Payable Duty(INR)	44147.0		
Total Payable Registration fee(INR)	33111.0		
Total Premium	0.0		
Total Royalty for the whole period of lease	3531720.0		

डीएमओ, धार में उपलब्ध भौतिक पंजीयन

सम्पदा प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध ऑनलाइन पंजीयन

उपरोक्त चित्रों से इसे इस प्रकार देखा जा सकता है:

डीएमओ को प्रस्तुत भौतिक प्रति के अनुसार		ई-सम्पदा पोर्टल पर वास्तविक विवरण के अनुसार	
कुल रॉयल्टी	₹ 3,53,17,200	कुल रॉयल्टी	₹ 35,31,720
कुल देय मुद्रांक शुल्क	₹ 4,41,465	कुल देय मुद्रांक शुल्क	₹ 44,147
कुल देय पंजीयन शुल्क	₹ 3,31,099	कुल देय पंजीयन शुल्क	₹ 33,111

इससे पता चलता है कि सेवा प्रदाता ने (डीएमओ को) भौतिक रूप में पत्ता दस्तावेज़ प्रस्तुत किए, जिनसे रायल्टी राशि और मुद्रांक शुल्क व पंजीयन शुल्क को बढ़ाकर दिखाया गया, जिससे मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन शुल्क का ₹ 6,95,307 का कम भुगतान किया गया।

3.1.7.2 एक अन्य प्रकरण में, जो कि डीएमओ, धार से ही संबंधित है, अशोक पाटीदार (पट्टेदार) के पक्ष में दस वर्षीय खदान पट्टा आवंटित किया गया था तथा एसआर कार्यालय धार में पंजीकृत किया गया था। पट्टा अनुबंध के अनुसार, संपूर्ण पट्टा अवधि अर्थात 10/05/2021 से 09/05/2031 तक ₹ चार करोड़ की रॉयल्टी देय थी। तदनुसार, ₹ पाँच लाख का मुद्रांक शुल्क तथा ₹ 3.75 लाख का पंजीयन शुल्क (कुल ₹ 8.75 लाख) अधिरोपित किया जाना था। तथापि,

[78] सम्पदा पोर्टल मध्य प्रदेश शासन द्वारा संपत्ति पंजीकरण और संपत्ति से संबंधित सेवाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है।

लेखापरीक्षा के दौरान सम्पदा पोर्टल पर उपलब्ध पट्टा विलेख में यह पाया गया कि सेवा प्रदाता ने वास्तव में ₹ 50,000 का मुद्रांक शुल्क और ₹ 37,500 का पंजीयन शुल्क (कुल ₹ 87,500) जमा किया है, जबकि डीएमओ कार्यालय में उपलब्ध पट्टा विलेख की भौतिक प्रति में मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क जमा करने के आंकड़े (₹ 8,75,000) नीचे दर्शाए अनुसार बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए गए हैं:



Registration and Stamp Department
Madhya Pradesh

Registration Certificate

Registration Details

E-Registration Number	MP119002021A1436137
Registration Date	15/06/2021
Date of Printing e-Registration Certificate	15/06/2021
Market Value of Property (If Applicable)	160000000
Consideration / Secured / Premium Amount (Rs.)	0
Registration Fee (Rs.)	375000
Total Stamp Duty (Rs.)	500000
SR Name	REKHA KIRADE
SRO Name	HEAD QUARTER SUB REGISTRAR OFFICE DHAR



TOTAL DUTY AND EXEMPTION

Exempted Duty	0.0	Exempted Reg Fee	0.0
Total Payable Duty(INR)	500000.0		
Total Payable Registration fee(INR)	375000.0		
Total Premium	0.0		
Total Royalty for the whole period of lease	40000000		

डीएमओ,धार में उपलब्ध भौतिक पंजीयन



Registration and Stamp Department
Madhya Pradesh

Registration Certificate

Registration Details

E-Registration Number	MP119002021A1436137
Registration Date	15/06/2021
Date of Printing e-Registration Certificate	15/06/2021
Market Value of Property (If Applicable)	160000000
Consideration / Secured / Premium Amount (Rs.)	0
Registration Fee (Rs.)	37500
Total Stamp Duty (Rs.)	50000
SR Name	REKHA KIRADE
SRO Name	HEAD QUARTER SUB REGISTRAR OFFICE DHAR



TOTAL DUTY AND EXEMPTION

Exempted Duty	0.0	Exempted Reg Fee	0.0
Total Payable Duty(INR)	50000.0		
Total Payable Registration fee(INR)	37500.0		
Total Premium	0.0		
Total Royalty for the whole period of lease	4000000.0		

एमपीआईजीआर के सम्पदा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन पंजीयन उपलब्ध

उपरोक्त चित्रों से इसे इस प्रकार देखा जा सकता है:

डीएमओ को प्रस्तुत भौतिक प्रति के अनुसार		ई-सम्पदा पोर्टल पर वास्तविक विवरण के अनुसार	
कुल रॉयल्टी	₹ 4,00,00,000	कुल रॉयल्टी	₹ 40,00,000
कुल देय मुद्रांक शुल्क	₹ 5,00,000	कुल देय मुद्रांक शुल्क	₹ 50,000
कुल देय पंजीयन शुल्क	₹ 3,75,000	कुल देय पंजीयन शुल्क	₹ 37,500

इससे ज्ञात होता है कि सेवा प्रदाता ने रॉयल्टी राशि, मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क को बढाकर दिखाते हुए पट्टा विलेख प्रस्तुत (डीएमओ को) किए, जिससे मुद्रांक शुल्क व पंजीयन शुल्क का ₹ 7,87,500 कम भुगतान किया गया।

इस प्रकार, सेवा प्रदाताओं द्वारा पंजीकृत अभिलेखों में संदेहास्पद छेड़छाड़ के परिणामस्वरूप मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क में ₹ 14,82,807 की राशि कम जमा हुई।

यह संबंधित डीएमओ द्वारा ई-सम्पदा के अनुसार रसीद विवरण का वास्तविक आंकड़ों के साथ मिलान न करने के कारण संभव हुआ, जो आंतरिक नियंत्रण में चूक को दर्शाता है।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर उप महानिरीक्षक पंजीयन, मध्य प्रदेश ने उत्तर दिया कि दोनों प्रकरणों में कम मुद्रांक शुल्क की वसूली जुर्माने के साथ की गई है। साथ ही, खनिज साधन विभाग अधिकारी द्वारा प्रस्तुत विलेख को उपलब्ध तथ्यों और मेटाडेटा से मिलान करके एसआर द्वारा विधिवत पंजीकृत किया गया है। उप महानिरीक्षक पंजीयन ने यह भी उत्तर दिया कि धोखाधड़ी का कार्य बाहरी लोगों द्वारा किया गया है।

उप संचालक का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि दस्तावेजों के पंजीयन पर मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क निर्धारित करने और एकत्र करने के लिए उपपंजीयक जिम्मेदार है, और डीएमओ को दी गई पट्टा विलेख (छेड़छाड़) की भौतिक प्रति उपपंजीयक द्वारा विधिवत सत्यापित और मुहरबंद की गई थी। इसके अलावा, दोनों प्रकरणों में, डीएमओ द्वारा रॉयल्टी राशि का सही उल्लेख किया गया था, जो कि पट्टेदार और डीएमओ धार के बीच निष्पादित पट्टा अनुबंध के खंड-9 के बिंदु संख्या 7 के अन्तर्गत अनुमोदित खनन योजना के अनुसार है। इसके अलावा, भुगतान विवरण उपपंजीयक के पास उपलब्ध थे और संपदा पोर्टल पर भी दिखाई देते हैं, इसलिए डेटा प्रामाणिकता का दायित्व पूरी तरह से पंजीयन और मुद्रांक विभाग के पास है।

इसके अलावा, मध्य प्रदेश दस्तावेज लेखक (अनुज्ञापन एवम् विनियमन) नियम, 2014 के नियम 2 (सी) के अनुसार, सेवा प्रदाता दस्तावेजों के लेखन के लिए सक्षम प्राधिकारी से लाइसेंस प्राप्त व्यक्ति है। वह पंजीयन और मुद्रांक विभाग एप्लिकेशन में उपयोगकर्ता की ओर से पंजीयन शुरू करने के लिए अधिकृत है। इसलिए, सेवा प्रदाता, एक लाइसेंसधारी होने के नाते, पंजीयन और मुद्रांक विभाग के लिए जिम्मेदार माना जाता है और एक उपपंजीयक होने के नाते, सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत किए गए अभिलेख की सत्यता की जांच करने के लिए बाध्य है। हालांकि, उपपंजीयक ने सेवा प्रदाता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की सत्यता की जांच नहीं की, जो उसकी ओर से लापरवाही का संकेत देता है, इस प्रकार प्रकरण में मिलीभगत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा प्रकरण में दोषी व्यक्तियों के खिलाफ पंजीयन और मुद्रांक विभाग द्वारा कोई कानूनी कार्रवाई शुरू नहीं की गई है।

3.1.8 निष्कर्ष

चयनित डीएमओ के लेखापरीक्षा में प्रत्याशित रॉयल्टी की गणना में एकरूपता की कमी और रॉयल्टी की दर के गलत अनुप्रयोग के कारण प्रत्याशित रॉयल्टी का गलत मूल्यांकन, मुद्रांक शुल्क व पंजीयन शुल्क की गलत दर, आदि के कारण मुद्रांक शुल्क, पंजीयन शुल्क और उपकर की कम वसूली से संबंधित महत्वपूर्ण कमियां सामने आईं। डीएमओ और पंजीयन अधिकारी मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क के प्रयोजन के लिए पट्टे के अन्तर्गत देय या प्रदेय सही रॉयल्टी राशि को ध्यान में नहीं रखा। डीएमओ ने प्रत्याशित रॉयल्टी के मूल्यांकन के लिए खनिजों पर रॉयल्टी की गलत दर लागू की, जिससे मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क कम वसूला गया। एमपीएसएमसीएल ने अनुबंध अवधि के लिए सही अनुबंध राशि निर्धारित नहीं की, जिसके परिणामस्वरूप मुद्रांक शुल्क और पंजीयन शुल्क कम वसूला गया। डीएमओ ने मुद्रांक शुल्क के प्रयोजन के लिए प्रत्याशित रॉयल्टी के मूल्यांकन के लिए पट्टा क्षेत्र के अंतर्गत उपलब्ध खनिजों के विक्रय योग्य ओवरबर्डन की मात्रा पर विचार नहीं किया। डीएमओ ने खनिजों की बढ़ी हुई मात्र के लिए अनुपूरक अनुबंध निष्पादित नहीं किए, जिसके परिणाम स्वरूप मुद्रांक शुल्क व पंजीयन शुल्क की वसूली नहीं हो सकी। पंजीकरण प्राधिकारियों ने पट्टा अवधि के दौरान देय रॉयल्टी पर मुद्रांक शुल्क की सही दर लागू नहीं की, जिसके परिणाम स्वरूप मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन शुल्क की काम वशूली हुई। पंजीकरण प्राधिकारियों ने 30 वर्ष या उससे अधिक अवधि के

पट्टों के अन्तर्गत मुद्रांक शुल्क पर उपकर भी नहीं लगाया। विभाग ने पंजीकृत दस्तावेज़ की भौतिक प्रति के साथ छेड़छाड़ के प्रकरणों में विभागीय या कानूनी कार्रवाई शुरू नहीं की।

3.1.9 अनुशंसाएं

यह अनुशंसा की जाती है कि:

- नए पट्टे, पट्टे के नवीनीकरण और पट्टे के विस्तार के अन्तर्गत प्रत्याशित रॉयल्टी की गणना में एकरूपता के लिए निर्देश जारी किए जा सकते हैं ;

(कंडिका 3.1.4)

- अनुबंधों के पंजीयन में विलंब से बचने के लिए कार्रवाई की जा सकती है ;

(कंडिका 3.1.5)

- विलेख मूल्य/प्रत्याशित रॉयल्टी में हेराफेरी के प्रकरणों से बचने के लिए उचित आंतरिक नियंत्रण तंत्र लागू किया जा सकता है। जहां भी लागू हो, लापरवाही या चूक के कृत्यों के लिए जिम्मेदारियां तय की जा सकती हैं।

(कंडिका 3.1.7)

अध्याय IV

विभिन्न विभागों से संबंधित लेखापरीक्षा कंडिकाएं

अध्याय IV: विभिन्न विभागों से संबंधित लेखापरीक्षा कंडिकाएँ

वाणिज्यिक कर विभाग (वैट)

4.1 टर्नओवर के त्रुटिपूर्ण निर्धारण के परिणामस्वरूप कर का कम अधिरोपण

25 प्रकरणों में, निर्धारण प्राधिकारियों (नि. प्रा.) ने ₹ 91.31 करोड़ के वास्तविक टर्नओवर के विरूद्ध ₹ 82.31 करोड़ के टर्नओवर का गलत निर्धारण किया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 9 करोड़ के टर्नओवर का कम निर्धारण हुआ तथा ₹ 91.63 लाख का कम अधिरोपण।

मध्य प्रदेश वैट अधिनियम 2002 की धारा 2 के अनुसार, किसी भी अवधि के संबंध में टर्नओवर का अर्थ उस अवधि के दौरान की गई किसी भी बिक्री या माल की आपूर्ति के संबंध में व्यापारी द्वारा प्राप्त और प्राप्य कुल बिक्री मूल्य है, जिसमें निर्धारित अवधि के भीतर बिक्री रिटर्न की राशि शामिल नहीं है। कर योग्य टर्नओवर (टीटीओ) निर्धारित करने के लिए, धारा में कर भुगतान की गई वस्तुओं के विक्रय मूल्य और कर की राशि को टर्नओवर से घटाने का प्रावधान है, यदि बिक्री मूल्यों के योग में शामिल हो।

लेखापरीक्षा ने सात मंडलों[79] में निर्धारण आदेश, लेखापरीक्षित खाते, क्रय सूची आदि जैसे अभिलेखों की नमूना जाँच (अगस्त 2023 और मार्च 2024 के बीच) की और देखा कि 24 डीलरों के 25 प्रकरणों में, जिनका निर्धारण जून 2018 से सितंबर 2022 के बीच 2016-17 से 2017-18 के बीच की अवधि के लिए किया गया था, निर्धारण प्राधिकारियों (नि. प्रा.) ने खातों की पुस्तकों और अन्य प्रासंगिक अभिलेखों में दर्ज ₹ 91.31 करोड़ के वास्तविक टर्नओवर के विरूद्ध ₹ 82.31 करोड़ के टर्नओवर का गलत निर्धारण किया। इस प्रकार, कुल ₹ नौ करोड़ के टर्न-ओवर का कम निर्धारण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 91.63 लाख की कर राशि का कम आरोपण हुआ। विवरण **परिशिष्ट 4.1** में दिया गया है।

प्रकरण मध्य प्रदेश शासन को भेजे गए (जनवरी 2025); उनका उत्तर प्रतीक्षित था (फरवरी 2025)।

4.2 केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम के तहत कर न लगाना/कम लगाना

पाँच डीलरों के पाँच प्रकरणों में, ₹ 8.63 करोड़ की अंतरराज्यीय बिक्री के संबंध में 'सी' फॉर्म जमा नहीं किए गए। इसके परिणामस्वरूप ₹ 53.41 लाख का कर नहीं/कम लगाया गया।

केंद्रीय बिक्री कर (आर एंड टी) नियम, 1957[80] की धारा 8 के साथ पठित नियम 12 के अंतर्गत, प्रत्येक पंजीकृत व्यापारी, जो अंतर-राज्यीय व्यापार या वाणिज्य के दौरान, किसी पंजीकृत व्यापारी को, क्रेता व्यापारी के पंजीकरण प्रमाणपत्र में निर्दिष्ट श्रेणियों का माल बेचता है, तो ऐसे टर्न-ओवर के दो प्रतिशत की रियायती दर के लिए उत्तरदायी होगा, बशर्ते कि ऐसी बिक्री प्रपत्र 'सी' में घोषणा द्वारा समर्थित हो। यदि वह अपेक्षित घोषणा प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो उसे संबंधित राज्य के भीतर ऐसे माल की बिक्री या खरीद पर लागू दर पर कर का भुगतान करना होगा।

लेखापरीक्षा ने चार मंडल कार्यालयों[81] में निर्धारण आदेश, लेखापरीक्षित खाते, क्रय सूची आदि जैसे अभिलेखों की नमूना जाँच (अगस्त 2023 और मार्च 2024 के बीच) की और पाया कि जून 2018 से अक्टूबर 2021 के बीच, 2016-17 से

---

79 एसीसीटी : इंदौर-12 और मुरैना, सीटीओ : ग्वालियर-4, इंदौर-15, इटारसी, राजगढ़ और सेंधवा।

80 केंद्रीय बिक्री कर (पंजीकरण और टर्नओवर नियम) 1957

81 सीटीओ: ग्वालियर-4, इंदौर-8, इटारसी और सेंधवा।

2017-18 की अवधि के लिए निर्धारित पाँच डीलरों के पाँच प्रकरणों में, ₹ 8.63 करोड़ की अंतरराज्यीय बिक्री के संबंध में 'सी' फॉर्म प्रस्तुत नहीं किए गए थे। हालाँकि, नि. प्रा. ने निर्धारण को अंतिम रूप देते समय या तो रियायती दर पर कर लगाया या नहीं लगाया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 53.41 लाख का कर नहीं या कम लगाया गया। विवरण **परिशिष्ट 4.2** में दिया गया है।

निर्धारण प्राधिकारियों ने बताया कि प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी, और सत्यापन के बाद कार्रवाई की जाएगी। आगे की प्रगति प्रतीक्षित है (मार्च 2025)।

प्रकरण मध्य प्रदेश शासन को भेजे गए (जनवरी 2025); उनका उत्तर प्रतीक्षित था (मार्च 2025)।

4.3 प्रवेश कर का कम / न लगाना

11 प्रकरणों में प्रवेश कर ₹ 34.95 लाख या तो नहीं लगाया गया था या कम लगाया गया था।

मध्य प्रदेश स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1976 तथा उसके अधीन जारी नियमों और अधिसूचना के अंतर्गत, स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, उपयोग या विक्रय के लिए प्रवेश करने वाले माल पर निर्दिष्ट दरों पर प्रवेश कर (प्र. क.) लगाया जाता है।

लेखापरीक्षा ने छह मंडलों[82] में मूल्यांकन आदेश, लेखापरीक्षित खाते, क्रय सूचियाँ आदि जैसे अभिलेखों की (अगस्त 2023 और मार्च 2024 के बीच) नमूना जाँच की और देखा कि मई 2018 से अगस्त 2023 के बीच 2015-16 से 2017-18 की अवधि के लिए निर्धारित 11 डीलरों के 11 प्रकरणों में, लोहा और इस्पात, मशीनरी, तिलहन आदि जैसी वस्तुओं पर स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश के समय निर्धारित दरों के अनुसार प्रवेश कर या तो नहीं लगाया गया था या निर्धारित राशि से कम लगाया गया था। इसके परिणामस्वरूप ₹ 34.95 लाख का प्रवेश कर नहीं /कम लगाया गया। विवरण **परिशिष्ट 4.3** में दिया गया है।

निर्धारण प्राधिकारियों ने कहा कि इन प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी और सत्यापन के बाद कार्रवाई की जाएगी। आगे की प्रगति की प्रतीक्षा है (मार्च 2025)।

प्रकरण मध्य प्रदेश शासन को भेजे गए (जनवरी 2025); उनका उत्तर प्रतीक्षित था (मार्च 2025)।

4.4 गलत दर के लागू होने के कारण कर का कम अधिरोपण

छह प्रकरणों में, नि.प्रा. ने ₹ 3.42 करोड़ के कुल टर्नओवर पर गलत दरों पर कर लगाया, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 30.97 लाख का कर कम लगाया गया।

मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 9 में प्रावधान है कि अनुसूची-II में विनिर्दिष्ट वस्तुओं पर, तत्संबंधी प्रविष्टि के सामने उल्लिखित दर से कर लगाया जाएगा तथा ऐसा कर इस अधिनियम के अंतर्गत कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी डीलर के करयोग्य टर्नओवर पर लगाया जाएगा।

[82] एसीसीटी: इंदौर-12 और मुरैना, सीटीओ: ग्वालियर-4, इंदौर-8, इटारसी, और राजगढ़।

लेखापरीक्षा ने पाँचों मंडल कार्यालयों[83] में अगस्त 2023 से मार्च 2024 के बीच, कर निर्धारण आदेश, लेखापरीक्षित खाते, क्रय सूचियाँ आदि अभिलेखों की नमूना जाँच की (अगस्त 2023 से मार्च 2024 के बीच) और देखा कि सितंबर 2019 से जुलाई 2022 के बीच 2016-17 से 2017-18 की अवधि के लिए नि.प्रा. द्वारा छह डीलरों के छह प्रकरणों में, कुल ₹ 3.42 करोड़ के टर्नओवर पर गलत दरों पर कर लगाया गया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 30.97 लाख का कर कम लगाया गया। विवरण **परिशिष्ट 4.4** में दिया गया है।

निर्धारण प्राधिकारियों ने कहा कि इन प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी और सत्यापन के बाद कार्रवाई की जाएगी। आगे की प्रगति की प्रतीक्षा है (मार्च 2025)।

प्रकरण मध्य प्रदेश शासन को भेजे गए (जनवरी 2025); उनका उत्तर प्रतीक्षित था (फरवरी 2025)।

4.5 अस्वीकार्य इनपुट टैक्स छूट (आईटीआर) की अनुमति

14 प्रकरणों में, निर्धारण प्राधिकारी ने ₹ 26.43 लाख की अस्वीकार्य आईटीआर की अनुमति दी, परिणामस्वरूप उस सीमा तक कर का कम निर्धारण हुआ।

मध्य प्रदेश वैट अधिनियम 2002 की धारा 14 के अनुसार, जहां कोई पंजीकृत डीलर अधिनियम की अनुसूची II में निर्दिष्ट कोई वस्तु, उक्त अनुसूची के भाग III में निर्दिष्ट वस्तु के अलावा, किसी अन्य पंजीकृत डीलर से इनपुट टैक्स के भुगतान के बाद खरीदता है, तो उसे ऐसे इनपुट टैक्स की राशि पर इनपुट टैक्स छूट (आईटीआर) दी जाएगी।

लेखापरीक्षा ने चार मंडलों[84] में कर निर्धारण आदेश, लेखापरीक्षित खाते, क्रय सूचियाँ आदि अभिलेखों की नमूना जाँच (अगस्त 2023 और मार्च 2024 के बीच) की और देखा कि फरवरी 2018 से जनवरी 2022 के बीच 2015-16 से 2017-18 की अवधि के लिए कर निर्धारण किए गए 14 डीलरों के 14 प्रकरणों में, निर्धारण प्राधिकारी ने ₹ 26.43 लाख की अस्वीकार्य आयकर विवरणी (आईटीआर) की अनुमति दी जैसा कि **परिशिष्ट 4.5** में दर्शाया गया है। इसके परिणामस्वरूप उस सीमा तक कर का कम आंकलन हुआ।

निर्धारण प्राधिकारियों ने कहा कि इन प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी और सत्यापन के बाद कार्रवाई की जाएगी। आगे की प्रगति की प्रतीक्षा है (मार्च 2025)।

प्रकरण मध्य प्रदेश शासन को भेजे गए (जनवरी 2025); उनका उत्तर प्रतीक्षित था (फरवरी 2025)।

4.6 ठेकेदार द्वारा निष्पादित किए गए कार्य पर त्रुटिपूर्ण कटौती

उप-ठेकेदारों द्वारा निष्पादित कार्य की मात्रा पर कर कटौती की अनुमति देने के परिणामस्वरूप ₹ 13.47 लाख का कर नहीं लगाया गया।

मध्य प्रदेश वैट अधिनियम की धारा 7(1)(ए) के अनुसार, जहां एक डीलर जो किसी अन्य डीलर के माध्यम से निर्माण अनुबंध के निष्पादन के दौरान वस्तु की आपूर्ति का व्यवसाय करता है और उप-ठेकेदार ऐसे निर्माण अनुबंधों को कार्यान्वयित करता है, तो ठेकेदार और उप-ठेकेदार निर्माण अनुबंधों के कार्यान्वयन में शामिल संपत्ति के हस्तांतरण के संबंध में कर का भुगतान करने के लिए संयुक्त रूप से और पृथक रूप से उत्तरदायी होंगे। इसके अलावा, धारा 7(1)(बी) के अनुसार, यदि

[83] एसीसीटी: ग्वालियर-4, इंदौर-8, इंदौर-15 सीटीओ: रामगढ़ और सेंधवा।

[84] सीटीओएस: ग्वालियर-4, इटारसी, राजगढ़ और सेंधवा।

ठेकेदार निर्धारित तरीके से आयुक्त की संतुष्टि के लिए साबित कर देता है कि उप-ठेकेदार द्वारा कर का भुगतान किया गया है, तो ठेकेदार ऐसे वस्तु के टर्नओवर पर फिर से कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। मध्य प्रदेश वैट नियम 2006 के नियम 7 के अनुसार, धारा 7 की उप-धारा (1) के खंड (बी) के तहत ठेकेदार द्वारा किए गए दावे को उप-ठेकेदार द्वारा जारी किए जाने वाले फॉर्म-3 में घोषणा द्वारा समर्थित किया जाएगा।

लेखापरीक्षा ने सीटीओ, मंडल राजगढ़ में कर निर्धारण आदेश, लेखापरीक्षित खाते, फॉर्म -3 आदि अभिलेखों की नमूना जाँच (मार्च 2024) की और देखा कि जून 2019 से जून 2021 के बीच 2016-17 से 2017-18 की अवधि के लिए कर निर्धारण किए गए दो डीलरों के दो प्रकरणों में, नि.प्रा. ने फॉर्म -3 में गलत घोषणाओं के आधार पर ₹ 2.69 करोड़ (उप-ठेकेदारों द्वारा निष्पादित) के कार्य के टर्नओवर की गलत कटौती की अनुमति दी। इसके परिणामस्वरूप ₹ 13.47 लाख का कर नहीं लगाया गया। विवरण **परिशिष्ट 4.6** में दिया गया है।

निर्धारण प्राधिकारियों ने कहा कि इन प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी और सत्यापन के बाद कार्रवाई की जाएगी। आगे की प्रगति की प्रतीक्षा है (मार्च 2025)।

प्रकरण मध्य प्रदेश शासन को भेजे गए (जनवरी 2025); उनका उत्तर प्रतीक्षित था (फरवरी 2025)।

वाणिज्यिक कर विभाग (पंजीकरण एवं स्टाम्प)

4.7 बाजार मूल्य का त्रुटिपूर्ण निर्धारण

29 प्रकरणों में 10 उप-पंजीयक ने संपत्ति का सही मूल्यांकन निर्धारित करने में गलती की, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 8.60 करोड़ की राशि का पंजीकरण शुल्क और स्टाम्प शुल्क का कम अधिरोपण किया गया।

भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 27 के अनुसार, किसी दस्तावेज की प्रभार्यता को प्रभावित करने वाले तथ्य, जैसे कि प्रतिफल, यदि कोई हो, संपत्ति का बाजार मूल्य और अन्य सभी तथ्य और परिस्थितियाँ जो किसी लिखत पर शुल्क की प्रभार्यता या शुल्क के देय होने की सीमा को प्रभावित करती हैं, उस दस्तावेज पर प्रभार्य राशि पूरी तरह से और सटीक रूप से लिखत में निर्धारित की जाएगी। धारा 35 के अनुसार, शुल्क से प्रभार्य दस्तावेज तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि ऐसे दस्तावेज पर विधिवत स्टाम्प न लगा हो, बशर्ते कि, ऐसे किसी भी दस्तावेज को उस शुल्क के भुगतान पर पंजीकृत किया जाएगा जिससे वह प्रभार्य है, या अपर्याप्त रूप से स्टाम्प लगे लिखत के मामले में, ऐसे शुल्क को पूरा करने के लिए आवश्यक राशि के साथ-साथ दस्तावेजों के निष्पादन की तिथि से प्रत्येक माह या उसके भाग के लिए स्टाम्प शुल्क के कम हिस्से के दो प्रतिशत का जुर्माना देना होगा, लेकिन किसी भी स्थिति में इस प्रकार गणना की गई जुर्माने की राशि, वसूल की जाने वाली कम स्टाम्प शुल्क की मूल राशि से अधिक नहीं होगी।

इसके अलावा, अधिनियम की धारा 48 के प्रावधानों के अनुसार, सभी शुल्क, दंड और अन्य देय राशियां जिनका भुगतान किया जाना अपेक्षित हैं, कलेक्टर द्वारा उस व्यक्ति की चल संपत्ति को जब्त करके और बेचकर, जिससे वे देय हैं, या किसी अन्य प्रक्रिया जो भूमि राजस्व के बकाया की वसूली के लिए वर्तमान में लागू हो, द्वारा वसूल की जा सकती है।

मध्य प्रदेश में, संपत्ति का बाजार मूल्य संपदा सॉफ्टवेयर[85] के माध्यम से सर्कल रेट/मार्गदर्शन मूल्य का उपयोग करके गणना किया जाता है, जो शासन द्वारा निर्धारित किया जाता है और स्थान, बुनियादी ढांचे और संपत्ति के प्रकार के आधार पर भिन्न होता है।

10 उप- पंजीयक कार्यालयों के अभिलेखों[86] की नमूना जाँच (जुलाई 2023 और फरवरी 2024 के बीच) से ज्ञात हुआ कि अप्रैल 2017 से मार्च 2023 के बीच 29 दस्तावेज पंजीकृत किए गए थे जिनका पंजीकृत मूल्य ₹ 98.44 करोड़ था, जिन पर स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क तदनुसार लगाया गया था। पंजीकृत दस्तावेज के अनुसार संपत्ति के विवरण का क्रॉस-सत्यापन इंगित करता है कि दिशानिर्देशों के अनुसार बाजार मूल्य ₹ 168.85 करोड़ था। इस प्रकार, आवेदकों ने असत्य घोषणाओं का उपयोग करते हुए अपनी संपत्ति का कम मूल्यांकन किया, जिसके परिणामस्वरूप स्टाम्प शुल्क ₹ 6.59 करोड़ और पंजीकरण शुल्क ₹ 2.14 करोड़ का कम भुगतान हुआ। हालांकि, उप पंजीयक ने आवेदकों द्वारा प्रस्तुत संपत्ति दस्तावेजों में दर्शाए गए संपत्ति विवरणों को सत्यापित नहीं किया, और इन प्रकरणों को संपत्ति के सही मूल्य और उन पर लगाए जाने वाले शुल्क के निर्धारण के लिए 'कलेक्टर ऑफ स्टांप्स' को भेज दिया गया।

उप पंजीयकों की ओर से हुई चूक के परिणामस्वरूप कुल ₹ 8.73 करोड़ की कम वसूली हुई। इसका विवरण संलग्न **परिशिष्ट 4.7** में दिया गया है।

इसे इंगित किए जाने पर (सितंबर 2023 और जुलाई 2024 के बीच),महानिरीक्षक पंजीयन , मध्य प्रदेश (अगस्त 2024 और सितंबर 2024) ने बताया कि उप-पंजीयक, महू, कटनी, बुरहानपुर, सांवेर, नीमच, गोविंदपुरा, ग्वालियर-1 और ग्वालियर-2 के तहत 24 प्रकरण विचारधीन थे, जबकि उप-पंजीयक, इंदौर-1, विदिशा और गोविंदपुरा के तहत अन्य तीन प्रकरणों में, ₹ 12.53 लाख की वसूली की गई थी (₹ 49.01 लाख की आपत्ति राशि के विरूद्ध) और उप-पंजीयक विदिशा के शेष दो प्रकरणों में, कार्रवाई की गई है और वसूली प्रक्रियाधीन है।

उत्तर में उप-पंजीयकों/विभाग द्वारा गलत बाजार मूल्य का पता लगाने/रिपोर्ट करने में विफलता के बारे में कुछ नहीं कहा गया है, जो कमजोर आंतरिक नियंत्रण और निगरानी को दर्शाता है।

4.8 अनियमित कटौती/छूट के कारण स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क और पंचायत शुल्क की कम वसूली

स्टाम्प शुल्क और पंचायत शुल्क में अनियमित कटौती तथा स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क पर गलत छूट प्रदान किए जाने के कारण शासकीय राजस्व की ₹ 1.23 करोड़ की कम वसूली हुई

4.8.1 स्टाम्प शुल्क और पंचायत शुल्क की अनियमित कटौती

मध्य प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1993 की धारा 75 के साथ पठित भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 की अनुसूची 1 'क' के अनुच्छेद 7 (क) के अनुसार, हक विलेख (टाइटल डीड) के जमा करने से संबंधित कोई अनुबंध या ऐसा कोई दस्तावेज जो किसी संपत्ति के संबंध में किसी अनुबंध या हक को साक्ष्यित करता है, जहाँ ऐसा जमा धन उधार दिए जाने के लिए या दिए जाने वाले धन के लिए या वर्तमान या भविष्य के ऋण के प्रतिदाय की प्रतिभूति के रूप में हो, वहाँ ऐसे डीड

[85] संपदा, संपत्ति पंजीकरण को सुव्यवस्थित करने के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा शुरू किया गया एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है।

[86] संबंधित जिला कलेक्टरों द्वारा जारी किए गए पंजीकरण दस्तावेज और बाजार मूल्य दिशानिर्देश।

द्वारा प्रतिभूत राशि का 0.5 प्रतिशत (0.25 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क + 0.25 प्रतिशत पंचायत शुल्क) शुल्क देय होगा, जो अधिकतम ₹ 10 लाख (स्टाम्प शुल्क ₹ पाँच लाख + पंचायत शुल्क ₹ पाँच लाख) देय होगा।

इसके अतिरिक्त, वाणिज्यिक कर विभाग की अधिसूचना दिनांक 2 जनवरी, 2015 के अनुसार सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों तथा आवासीय प्रयोजनों के लिए, जहां सुरक्षित ऋण की राशि ₹ 10 करोड़ तक है, वहां 0.25 प्रतिशत (0.125 प्रतिशत स्टाम्प शुल्क + 0.125 प्रतिशत पंचायत शुल्क) स्टाम्प शुल्क के रूप में देय है।

छह उप पंजीयक कार्यालयों[87] में पंजीकृत दस्तावेजों की नमूना जाँच (दिसंबर 2023 से मार्च 2024) के दौरान, यह पाया गया कि 36 दस्तावेजों के प्रकरणों में, या तो सुरक्षित ऋण राशि ₹ 10 करोड़ से अधिक थी, या संपत्ति सूक्ष्म और लघु उद्योग की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आती थी। हालाँकि, जनवरी 2015 की उक्त अधिसूचना के तहत लागू लाभ इन प्रकरणों में अनियमित रूप से लागू किया गया था और 0.5 प्रतिशत की दर से ₹ 2.02 करोड़ के स्थान पर 0.25 प्रतिशत से ₹ 1.04 करोड़ का स्टाम्प शुल्क लगाया गया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 97.63 लाख के स्टाम्प शुल्क की कम वसूली हुई। विवरण संलग्न **परिशिष्ट 4.8** में दिया गया है।

प्रकरण शासन को भेजे गए (सितम्बर 2024 और अक्टूबर 2024)। शासन का उत्तर प्रतीक्षित था (मार्च 2025)।

4.8.2 अनियमित छूट के कारण स्टाम्प शुल्क कम लगाया जाना

मध्य प्रदेश शासन की राजपत्र अधिसूचना दिनांक 02 जनवरी 2015 के अनुसार, उन बिक्री विलेखों पर स्टाम्प शुल्क से छूट प्रदान की गई थी, जो संस्थानों, सरकारी एजेंसियों या निजी क्षेत्र द्वारा कार्यान्वित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी/बीपीओ कंपनियों की नई इकाई/विस्तारित इकाई/आधुनिकृत इकाई के पक्ष में सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र में भूमि/परिसर का हस्तांतरण किया जाता है। इसके अतिरिक्त, मध्यप्रदेश शासन के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने राजपत्र अधिसूचना दिनांक 14 मई 2013 द्वारा जिला भोपाल के ग्राम बड़वई की कुल 212 एकड़ भूमि को सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया था।

भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की अनुसूची 1(क) के अनुच्छेद 25 के अनुसार, जिसे 02 जनवरी 2015 की राजपत्र अधिसूचना द्वारा संशोधित किया गया था, संपत्ति के हस्तांतरण से संबंधित विलेख पर संपत्ति के बाज़ार मूल्य का पाँच प्रतिशत, या विलेख में उल्लिखित प्रतिफल में से जो अधिक हो, उस पर स्टाम्प शुल्क देय है, और यदि प्रतिफल की राशि, दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित बाज़ार मूल्य से अधिक है, तो इस अतिरिक्त राशि के उस हिस्से पर एक प्रतिशत स्टाम्प शुल्क (01 जुलाई 2019 से लागू) देय होगा।

उप-पंजीयक कार्यालय, गोविंदपुरा, भोपाल-3 के पंजीकृत दस्तावेजों की नमूना जाँच के दौरान पाया गया कि एक विक्रेता ने दिनांक 06 जनवरी 2021 के एक विलेख क्रमांक[88] के आधार पर आवासीय क्षेत्र[89] (कस्तूरबा नगर, भोपाल) में स्थित एक मंजिला मकान क्रेता मेसर्स एसएफए टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को बेचा था। संपत्ति का पंजीकृत बाजार मूल्य

[87] भोपाल-3, देवास, ग्वालियर-2, जबलपुर-1, जबलपुर-2, एवं उज्जैन

[88] MP059712021A1016853

[89] कस्तूरबा नगर, भोपाल जो अधिसूचित आईटी निवेश क्षेत्र से लगभग 18 किलोमीटर दूर है।

₹ 1.01 करोड़ था, और बिक्री मूल्य ₹ 2.50 करोड़ था, जिस पर तदनुसार देय स्टाम्प शुल्क और सहायक शुल्क ₹ 17.23 लाख[90] था।

विलेख की जाँच से पता चला कि इस प्रकरण में संपूर्ण स्टाम्प शुल्क पर छूट दी गई थी, तथा संपत्ति को जनवरी 2015 की उपरोक्त अधिसूचना के तहत छूट प्राप्त माना गया था।

विलेख के विवरण के क्रॉस-सत्यापन से पता चला कि संपत्ति एक आवासीय कॉलोनी में स्थित एक आवासीय मकान था, न कि सूचना प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र (ग्राम बड़वई) में, और इस प्रकार, जनवरी 2015 की अधिसूचना के तहत स्टाम्प शुल्क छूट के लिए अपात्र थी। एक अपात्र विक्रय विलेख पर छूट मानदंडों के अनियमित रूप से लागू करने के परिणामस्वरूप ₹ 17.23 लाख की स्टाम्प शुल्क राशि का कम मूल्यांकन हुआ।

प्रकरण शासन को भेजे गए (सितम्बर 2024); उनका उत्तर प्रतीक्षित है (फरवरी 2025)।

4.8.3 अनियमित छूट के कारण स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क का कम अधिरोपण

पंजीकरण शुल्क तालिका के अनुच्छेद 1 के नीचे नोट 1 के साथ पठित भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की अनुसूची 1(क) के अनुच्छेद 25 के नियम (घ) के अनुसार, जहाँ किसी एजेंट को अचल संपत्ति बेचने के लिए अभिकर्ता को अधिकृत करने वाले प्राधिकरण पत्र पर हस्तांतरण विलेख के लिए आवश्यक मूल्य के अनुसार स्टाम्प शुल्क लगाया जाता है और जहाँ ऐसी प्राधिकरण पत्र के निष्पादक और जिस व्यक्ति के पक्ष में यह निष्पादित किया जाता है, के बीच बिक्री का बिल कार्यान्वित किया जाता है, ऐसे बिक्री बिल पर स्टाम्प शुल्क, न्यूनतम ₹ 1,000 के अधीन, पहले से भुगतान की गई राशि से कम किया जाएगा। इस अनुच्छेद के अंतर्गत स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क देय होंगे।

उप-पंजीयक, विदिशा कार्यालय के पंजीकृत दस्तावेज की नमूना जाँच (अक्टूबर 2023) के दौरान देखा गया कि एक भू-स्वामी ने प्राधिकरण पत्र विलेख संख्या MP452732023A41364441, दिनांक 16 जनवरी 2023 के माध्यम से, वार्ड 33, मिर्जापुर स्थित अपनी 1.884 हेक्टेयर सिंचित कृषि भूमि के विक्रय का अधिकार एक एजेंट को प्रतिफल के रूप में दिया था। एजेंट ने तत्पश्चात, विलेख संख्या MP452732023A11667711, दिनांक 29 मार्च 2023 के माध्यम से, ₹ 1.38 करोड़ की प्रतिफल राशि पर भूमि बेच दी, जो संपत्ति के मूल्यांकित बाजार मूल्य ₹ 1.36 करोड़ से अधिक थी।

इस प्रकरण में, नियमानुसार स्टाम्प शुल्क ₹ 13.02 लाख और पंजीयन शुल्क ₹ 1.38 लाख देय था। परन्तु विभाग ने अनियमित रूप से 29 मार्च 2023 की प्राधिकरण पत्र विलेख के पंजीयन हेतु पूर्व में भुगतान किए गए स्टाम्प शुल्क

[90]

1	बाजार मूल्य पर स्टांप शुल्क	1,01,91,318x 5 *प्रतिशत*	5,09,565.90
2	वास्तविक प्रतिफल और बाजार मूल्य के अंतर पर स्टांप शुल्क	2,50,00,000 - 1,01,91,318 = 1,48,08,682 x 1 *प्रतिशत*	1,48,086.82
3	कुल देय स्टाम्प शुल्क (1 + 2)		6,57,652.72
4	स्टाम्प शुल्क पूर्णांकित किया गया		6,57,653.00
5	नगर पालिका शुल्क प्रतिफल का 3 प्रतिशत	2,50,00,000 x 3 प्रतिशत	7,50,000.00
6	जनपद शुल्क प्रतिफल का 1 प्रतिशत	2,50,00,000 x 1 प्रतिशत	2,50,000.00
7	उपकर स्टाम्प शुल्क का 10 प्रतिशत	6,57,652.72 x 10 प्रतिशत	65,766.00
पूर्ण छूट (4 + 5 + 6 + 7)			**17,23,419.00**

(₹ 6.90 लाख) और पंजीयन शुल्क (₹ 1.13 लाख) कुल ₹ 8.03 लाख[91] की छूट देकर लागू शुल्क को घटाकर ₹ 6.37 लाख कर दिया।

प्रावधान (घ) के अनुसार, छूट केवल अभिकर्ता पत्र धारक के पक्ष में भूमि मालिक द्वारा बिक्री विलेख के निष्पादन/पंजीकरण पर ही स्वीकार्य थी, न कि किसी तीसरे पक्ष के साथ विलेख के निष्पादन के समय।

प्रकरण शासन को भेजे गए (सितम्बर 2024); उनका उत्तर प्रतीक्षित था (फरवरी 2025)।

4.9 दस्तावेजों के गलत वर्गीकरण के कारण स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क का कम अधिरोपण

चार प्रकरणों में, तीन उप-पंजीयकों ने, उपहार विलेख पर स्टाम्प शुल्क की गलत दरों को लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप राजस्व ₹ 74.08 लाख का कम संग्रह हुआ।

भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की अनुसूची 1(क) के अनुच्छेद 25 के अनुसार, संपत्ति का बाजार मूल्य दिशानिर्देशों के अनुसार या प्रतिफल की राशि (बिक्री विलेख में उल्लेखित) के अनुसार, जो भी अधिक हो, उसके पांच प्रतिशत के बराबर स्टाम्प शुल्क और यदि विक्रय विलेख में दिया गया प्रतिफल राशि, दिशानिर्देशों के अनुसार गणना किए गए बाजार मूल्य से अधिक है, तो उस अतिरिक्त राशि पर एक प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क के हस्तांतरण विलेख पर देय है (दिनांक 01 जुलाई 2019 से लागू)।

भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की अनुसूची 1(क) के अनुच्छेद 36 के अनुसार, उपहार के साधन पर:

i. जब परिवार के किसी सदस्य को उपहार दिया जाता है, तो शुल्क का आधा हिस्सा (संबंधित संपत्ति के बाजार मूल्य का 2.5 प्रतिशत) संपत्ति के बाजार मूल्य पर हस्तांतरण (अनुच्छेद संख्या 25) के रूप में, जो उपहार की विषय-वस्तु है; प्रभार्य है।

ii. अन्य सभी प्रकरण में, संपत्ति के बाजार मूल्य पर हस्तांतरण (अनुच्छेद संख्या 25) के समान ही शुल्क, जो कि उपहार की विषय-वस्तु है; प्रभार्य है।

iii. भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 की अनुसूची 1 (क) के अनुच्छेद 36 के स्पष्टीकरण के अनुसार, परिवार का अर्थ माता, पिता, पत्नी, पति, पुत्र, पुत्री, भाई, बहन, पुत्रवधू, पोती और पोता होगा।

91

स. क्र.	विवरण	गणना	आरोपणीय राशि	आरोपित राशि कम गया	लगाया
1	बाजार मूल्य पर स्टाम्प शुल्क	1,35,71,448 x 5 *प्रतिशत*	6,78,572.40	6,11,945.00	6,90,000.00
2	वास्तविक प्रतिफल और बाजार मूल्य के अंतर पर स्टाम्प शुल्क	1,38,00,000 - 1,35,71,448 = 2,28,552 x 1 *प्रतिशत*	2,285.52		
3	सहमति		1000.00		
4	कुल देय स्टाम्प शुल्क (1 + 2)		6,81,858.92		
5	स्टाम्प शुल्क		6,81,859.00		
6	नगरपालिका शुल्क प्रतिफल का 3 प्रतिशत	1,38,00,000 x 3 *प्रतिशत*	4,14,000.00		
7	जनपद शुल्क प्रतिफल का 1 प्रतिशत	1,38,00,000 x 1 *प्रतिशत*	1,38,000.00		
